रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर


हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 16 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-27 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### धनखड़ 17 सितंबर को अपने गृह जिले झुंझुनू के दौरे पर



**झुंझुन।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 17 सितंबर को राजस्थान में अपने गृह जिले झुंझुनू के दौरे पर रहेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उनके साथ उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी साथ रहेंगी। उपराष्ट्रपति धनखड़ 17 सितंबर को सुबह 6:30 बजे हेलिकॉप्टर से झुंझुनू हवाई पट्टी पहुंचेंगे। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। इसके बाद वह पेट्रोल पंप के पास श्रम दान करेंगे। आठ बजे वह राजकीय परमवीर पीरू सिंह स्कूल में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आगाज करेंगे। इस दौरान सभी विभागों की ओर से प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### एससीआर के महाप्रबंधक जैन ने तुंगभद्रा एक्सप्रेस पर कवच 3.2 प्रणाली का निरीक्षण किया

**हैदराबाद।** दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने तेलंगाना के सिकंदराबाद और उम्दानगर के बीच तुंगभद्रा एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान 'कवच, संस्करण 3.2' प्रणाली का निरीक्षण किया। जैन ने निरीक्षण के दौरान कवच टावरों, ट्रैकसाइड उपकरणों और सिग्नलिंग प्रणाली सहित कई घटकों के कामकाज की समीक्षा की। नागरसोल-मुदखेड़-सिकंदराबाद-धोन-गुंटकल और बीदर-परली वैजनाथ-परभणी खंडों पर सफल परीक्षणों के बाद कवच प्रणाली (संस्करण 3.2) को वाणिज्यिक संचालन के लिए पेश किया गया है। यह एससीआर के 1,200 रूट किलोमीटर को कवर करता है।


### समृद्ध, मजबूत और विकसित भारत के विज़न की दिशा में काम करे पुलिस : शाह



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस महानिदेशकों से समृद्ध, मजबूत और विकसित भारत के विज़न की दिशा में काम करने की अपील की है। शाह ने दो दिन के राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीतिक सम्मेलन-2024 के दूसरे दिन अपने समापन संबोधन में राज्यों के पुलिस महानिदेशकों से प्रधानमंत्री के 2047 तक एक समृद्ध, मजबूत और विकसित भारत के विज़न की दिशा में काम करने की अपील की।

# छुआछूत के भाव को पूरी तरह मिटाना है : डॉ. भागवत

पायनियर संवाददाता ‹ अलवर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने समाज में सामाजिक समरसता के माध्यम से परिवर्तन लाने की जरुरत बताते हुए स्वयंसेवकों से आह्वान किया है कि हमें ऊंच-नीच के भाव एवं छुआछूत को पूरी तरह मिटा देना हैं। डॉ. भागवत इन्दिरा गांधी खेल मैदान में अलवर नगर के स्वयंसेवकों के एकत्रिकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम अपने धर्म को भूलकर स्वार्थ के अधीन हो गए, इसलिए छुआछूत चला। ऊंच-नीच का भाव बढ़ा, हमें इस भाव को पूरी तरह मिटा देना है। जहां संघ का काम प्रभावी है। संघ की शक्ति है वहां कम से कम मंदिर, पानी, शमशान सब हिंदुओं के लिए खुले होंगे, यह काम समाज का मन बदलते हुए करना है और सामाजिक समरसता के माध्यम से परिवर्तन लाना है।



**रायपुर।** रविवार को राजधानी रायपुर के जोरा स्थित बीसीआर हॉस्पिटल का उदघाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने किया, इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, रामप्रताप सिंह मौजूद रहे। श्री बालाजी ग्रुप द्वारा जोरा में 200 बिस्तरों का नया अस्पताल शुरू किया गया है। इस हॉस्पिटल में कैसर के साथ-साथ अन्य जटिल बीमारियों का भी इलाज संभव हो सकेगा।

# झारखंड के तीन दुश्मन राजद, कांग्रेस और झामुमो : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

वार्ता ‹ जमशेदपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं राजद, जेएमएम और कांग्रेस। मोदी ने बारिश के बीच जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन तीनों दुश्मनों से झारखंड की जनता जितना जल्दी निजात पाएगी उतना ही जल्दी उनका भला होगा। कांग्रेस हमेशा से झारखंड की दुश्मन रही है। उसे झारखंड से नफरत है।भाजपा को मौका दें। हम झारखंड के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा का झारखंड से दिल का रिश्ता है। भाजपा ने अलग राज्य बनवाया। भाजपा ने देश की आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया जबकि कांग्रेस ने दलित, पिछड़ा आदिवासी को आगे बढ़ने नहीं दिया। मोदी ने कहा झारखंड में घुसपैठ बड़ा मुद्दा है।कोर्ट ने घुसपैठ पर जांच के आदेश दिए। संथाल में आदिवासी की आबादी तेजी से काम हो रही है, लेकिन झामुमो यह मानने को तैयार नहीं है कि यहां घुसपैठ है। जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या के साथ खड़े हैं।यहां बेटियों के साथ अत्याचार बढ़ रहा है। इनके लोग जेएमएम के अंदर घुस गए हैं। ऐसा इसलिए हुआ की जेएमएम में कांग्रेस का भूत घुस गया है। मोदी ने कहा कि सीता सोरेन को अपने ही परिवार ने अपमानित किया, इसका जवाब झारखंड की जनता देगी। झामुमो आदिवासियों के लिए राजनीति करता है,पर आदिवासियों का सम्मान नहीं किया। चंपाई सोरेन आदिवासी नहीं थे क्या लेकिन इन्हें अपमानित कर हटाया गया। उन्होंने कहा कि इस देश की सबसे बेईमान एक ही पार्टी कांग्रेस है। झामुमो कांग्रेस से भ्रष्टाचार की ट्रेनिंग लेती है।जेएमएम ने जल, जंगल, जमीन सब में भ्रष्टाचार किया। इस सरकार के मंत्री और सांसद के ठिकानों से नोटों के पहाड़ मिलते हैं। ये आपका पैसा था।यह नकली नोट नहीं था। इन्होंने सेना की जमीन तक नहीं छोड़ा। इन्होंने बेरोजगारी भत्ता का वादा किया था, मिला किया? राज्य में एनडीए सरकार बनी तो सभी मामलों की जांच कराऊंगा। भर्ती परीक्षा के नाम पर 15 युवाओं की जान चली गई।सरकार के संरक्षण में नौकरी बेचा जा रहा है। मोदी ने कहा कि झारखंड में ये लोग मईयां सम्मान योजना के नाम पर लोगों लोगों को लूटने काम कर रहे हैं। मइयां सम्मान का लाभ लेने के लिए भी लोगों से तीन-तीन सौ रुपये ले रहे हैं। अबुआ आवास योजना के नाम पर 25-25 हजार रुपये लिये जा रहे हैं। मोदी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर हमला करते हुए कहा कि इन्होंने 5 साल में झारखंड को केवल लूटने का काम किया।

# दो दिनों के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दूंगा : केजरीवाल

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दो दिनों बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। केजरीवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफ़े की घोषणा की। उन्होंने कहा मैं आपके बीच में आया हूं, जनता की अदालत में आया हूं, आपसे पूछने आया हूं कि आप केजरीवाल को ईमानदार मानते हो या गुनाहगार मानते हो। मैं दिल्ली और देश की जनता से पूछना चाहता हूं कि केजरीवाल ईमानदार है या गुनाहगार है। मैं दो दिन के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी से इस्तीफा देने जा रहा हूं। उन्होंने कहा मैं तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला न सुना दे। मैं जनता के बीच में जाऊंगा, गली-गली में जाऊंगा, घर-घर में जाऊंगा, जब तक जनता अपना फैसला न सुना दे कि केजरीवाल ईमानदार है, मैं तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। उन्होंने कहा भाजपा को लग रहा था कि उन्हें जेल भेजकर हमारी पार्टी तोड़ देंगे। हमारे विधायकों को तोड़कर दिल्ली और पंजाब में सरकार गिरा देंगे। इनकी साज़िशों के ख़िलाफ़ आम आदमी पार्टी लड़ रही है। इन्हें लगा कि ये मेरे हौसले तोड़ देंगे लेकिन इन्होंने मेरे हौसले को और बढ़ा दिया है।

# तीन मंजिला मकान गिरने से दस लोगों की मौत

पायनियर संवाददाता ‹ मेरठ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मेरठ में लगातार कई दिनों से हो रही बारिश से पचास साल पुराना तीन मंजिला एक मकान भरभरा कर गिर गया जिसमें एक ही परिवार के तीन बच्चों समेत दस लोगों की मलबे में दब जाने से मौत हो गई है। रविवार तड़के तक चले बचाव अभियान के बाद नौ शवों को मलबे से निकाला जा सका। संकरी गलियां होने के कारण जेसीबी के मौके पर पहुंचने में होने वाली परेशानी और तेज बारिश बचाव कार्य में बाधक बनी रही। पुलिस ने बताया कि जाकिर कॉलोनी गली नंबर सात में 90 वर्षीया बुजुर्ग महिला नफो उर्फनफ ीसा का करीब 50 साल पुराना तीन मंजिला मकान था। बताया गया है कि मकान के निचले हिस्से में नफो के बेटे डेयरी चलाते थे। जबकि ऊपर की दोनों मंजिलों पर नफो के बेटे साजिद पत्नी सायमा और नईम पत्नी अलीशा 5 वर्षीय बेटी रिमशा, नदीम पत्नी फरहाना, 2 वर्षीय बेटा हमजा, शाकिर पत्नी साहिबा समेत 15 लोग रहते थे। शनिवार शाम करीब 5 बजे तेज धमाके के साथ पूरा मकान भरभराकर गिर गया जिसमें सभी 15 लोग मलबे में दब गये। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन के तमाम आला अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरु करवाया। बचाव अभियान में पुलिस के साथ क्षेत्रवासी भी लगे रहे लेकिन संकरी गलियों में एंबुलेंस और जेसीबी के पहुंचने में परेशानी और तेज बारिश की वजह से मलबा हटाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद मलबे में दबे लोगों को निकाला जा सका। देर रात 11 बजे तक 40 वर्षीय साजिद, उसकी पत्नी साइमा, बेटा साकिब और बेटी 15 वर्षीय सानिया, रिया, पड़ोसी सुफ्यिान, डेढ़ वर्षीय सिमरा को घायल अवस्था में मलबे से निकाल लिया गया। तमाम घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान नफीसा, साजिद और सानिया, साकिब, रिया, सिमरा, फरहाना और तीन अन्य की मौत हो गई जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा ने बताया कि कई अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका के मद्देनजर एनडीआरएफ टीम देर रात तक मलबा हटाने के काम में लगी रही। उन्होंने बताया कि पांच घायलों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है जिनमें कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

## राहुल गांधी ने स्थापना दिवस पर दी महिला कांग्रेस को बधाई

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि संगठन का संघर्ष देश में महिलाओं की उन्नति में मील का पत्थर साबित होगा। गांधी ने महिला कांग्रेस के पदाधिकारी से संघर्ष निरंतर जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से महिलाओं सम्मान और समाज में बराबरी मिलेगी। उन्होंने कहा अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं। गांधी ने महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा आपका अथक परिश्रम भारत की महिलाओं को सशक्त बनाने में एक अहम भूमिका निभा रहा है। उनके सम्मान, समानता और सुरक्षा के लिए आपके संघर्ष और समर्पण को सलाम है।

## आईआईटी मद्रास ने 2035 तक एक जीटी से अधिक संचयी कार्बन उत्सर्जन की कमी का लक्ष्य रखा

एजेंसी ‹ चेन्नई
www.dailypioneer.com




तमिलनाडु स्थित आईआईटी मद्रास ने एक अनुसंधान समूह की स्थापना की है जिसका लक्ष्य 2035 तक संचयी सीओ2 उत्सर्जन में एक गीगाटन (जीटी) से अधिक की कमी लाना है। शोधकर्ताओं का लक्ष्य नयी तथा उन्नत प्रौद्योगिकियों का विकास करके और उद्योग को ऊर्जा दक्षता उपायों पर सलाह देकर इन बचतों को प्राप्त करना है। इस समूह का एक प्रमुख उद्देश्य जिसे 'ऊर्जा संघ' कहा जाता है ऊर्जा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को जोखिम मुक्त करने के लिए 'प्रौद्योगिकी सैंडबॉक्स' विकसित करना है जो पूंजी-गहन हो सकता है। आईआईटी मद्रास की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि इस समूह में आठ उत्कृष्टता केंद्र शामिल हैं और इनमें 10 प्रमुख बहुराष्ट्रीय और भारतीय कंपनियां भागीदार के रूप में शामिल हैं। यह अंतरराष्ट्रीय भागीदारों सहित 20 विश्वविद्यालय और अनुसंधान संस्थान भागीदारों के साथ काम कर रहा है। आईआईटी मद्रास के ऊर्जा संघ के केंद्र प्रमुख डॉ. सत्यनारायणन शेषाद्रि ने कहा कि संघ का लक्ष्य कम कार्बन ऊर्जा संक्रमण मार्गों में भारतीय उद्योगों को मूल्यवान अनुसंधान और विकास सहायता प्रदान करके भारत की शुद्ध शून्य यात्रा में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनना है। इसमें विभिन्न विषयों से 50 से अधिक आईआईटी मद्रास संकाय की सक्रिय भागीदारी है जिनके पास महत्वपूर्ण तकनीकी विशेषज्ञता है।

## देश में जीत की हैट्रिक लगाएगी भाजपा : प्रधान

**चंडीगढ़।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि प्रदेश की जनता हरियाणा में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर 'हैट्रिक' लगाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। प्रधान ने करनाल में पत्रकारों से कहा कि पांच अक्टूबर को हरियाणा में विधानसभा चुनाव होगा। भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी। विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेतृत्व 90 के 90 विधानसभाओं में जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है और वही मुख्यमंत्री का चेहरा हैं।

## रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई में जल्द शुरू होगी ई-बस सेवा

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 57 हजार श्रमिकों को 49.43 करोड़ राशि का डी.बी.टी. के माध्यम से करेंगे वितरण

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के श्रमिकों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसका सीधा लाभ श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को मिल रहा है। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 17 सितंबर विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'श्रमिक सम्मेलन' में 57 हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को 49 करोड़ 43 लाख 52 हजार 294 रूपए केन्द्रीकृत डी.बी.टी. के माध्यम से वितरण करेंगे। यह सम्मेलन राजधानी के इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा के कृषि मंडपम में आयोजित होगा। श्रम विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि प्रदेश के पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को श्रम विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत 47 हजार 726 निर्माण श्रमिकों 38 करोड़ 37 लाख 10 हजार 652 रूपए, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 6873 श्रमिकों को 9 करोड़ 86 लाख 58 हजार 500 रूपए एवं छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 2496 श्रमिकों को 1 करोड़ 19 लाख 83 हजार 142 रूपए की राशि डी.बी.टी. के जरिए वितरण करेंगे। इस तरह कुल 57 हजार 95 श्रमिकों को कुल राशि 49 करोड़ 43 लाख 5 हजार 229 रूपये का वितरण केन्द्रीयकृत डी.बी.टी. के माध्यम से किया जाएगा।

### सीएम साय की पहल पर छत्तीसगढ़ को मिलीं 240 ई-बसें

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक परिवहन के लिए 240 ई-बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन बसों का संचालन राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई में किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों मंस सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम ई-बस सेवा योजना प्रारंभ की गई है। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा रायपुर के लिए 100, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसें स्वीकृत की गई हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने बताया कि सार्वजनिक परिवहन सेवा की इस अभिनव योजना में केंद्र सरकार द्वारा शहरों को बसों की खरीद तथा उनके संचालन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसका एक बड़ा हिस्सा शहरों में बस डिपो जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए भी खर्च किया जाएगा। योजना के अंतर्गत तीन तरह की बसें स्टैंडर्ड, मीडियम और मिनी चलाई जाएंगी। विभिन्न राज्यों में शहरों की जनसंख्या के आधार पर बसों की संख्या निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि ई-बस सेवा प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ के शहरों में कम कार्बन उत्सर्जन से वायु गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण का संरक्षण होगा। कम ऊर्जा खपत और बेहतर ईंधन दक्षता के साथ ही नागरिकों को आरामदायक आवागमन की सुविधा सुलभ होगी। उप मुख्यमंत्री साव ने बताया कि भारत सरकार की पीएम ई-बस सेवा योजना राज्यों को मिलने वाली केंद्रीय सहायता को पारदर्शिता और उनके प्रदर्शन से जोड़ने की कोशिश का हिस्सा है। इसे शहरों में मेट्रो के विकल्प या उसके सहयोगी साधन के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि लोगों को किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिले।

### तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालतों में 1.14 करोड़ से अधिक मामले निपटाए गए

**नयी दिल्ली।** तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालतों में 1.14 करोड़ से अधिक मामले निपटाए गए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संतोष स्नेही मान द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ये मामले 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के तालुकों, जिलों और उच्च न्यायालयों में निपटारा किये गए। निपटारे किए गए मामलों में आपराधिक समझौता योग्य अपराध, यातायात चालान, राजस्व मामले, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना दावे, चेक अनादर मामले, श्रम विवाद, वैवाहिक विवाद (तलाक के मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण मामले, उपभोक्ता मामले और अन्य दीवानी मामले शामिल हैं। इन मामलों में कुल निपटान राशि का अनुमानित मूल्य 8482.08 करोड़ रुपये है। निपटाए गए मामलों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है, क्योंकि कुछ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों से रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## प्रयागराज में गंगा-यमुना बढ़ रही खतरे के निशान की तरफ

पायनियर संवाददाता ‹ प्रयागराज
www.dailypioneer.com



पहाड़ों और उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश और केन, बेतवा तथा चंबल नदियों का पानी यहां पहुंचने से तीर्थराज प्रयाग में गंगा और यमुना का जलस्तर धीरे-धीरे खतरे के निशान की ओर बढ़ चला है। दोनों नदियां खतरे के निशान से करीब एक मीटर दूरी पर बह रही हैं। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के आंकडों के अनुसार पिछले 24 घंटों में दोनो नदियों को जलस्तर फाफामऊ में गंगा 2.58 मीटर, छतनाग में 1.36 मीटर और नैनी में यमुना 86 सेंटीमीटर बढ गयी हैं। शनिवार की दोपहर 12 बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 81.30 दर्ज किया गया था, छतनाग में 81.73 मीटर और नैनी में यमुना 82.85 जलस्तर रिकार्ड किया गया था। आंकडों के अनुसार रविवार दोपहर 12 बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 2.58 मीटर बढ़कर 83.88 मीटर, छतनाग में 1.36 मीटर बढ़कर 83.09 मीटर और नैनी में यमुना 86 सेंटीमीटर बढ़कर 83.71 मीटर पर पहुंच गयी है। दोनो नदियों के खतरे का निशान 84.734 मीटर दर्ज है। एडीएम वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह ने बताया कि 88 बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर संबंधित कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में गश्त कर रही हैं। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि बाढ़ के कारण घाट, रिवर फ्रंट टाइप रोड़, लोक निर्माण विभाग और हनुमान मंदिर कॉरीडोर का काम प्रभावित हो रहा है।

# पायनियर हलचल...

## बजट इकट्ठा करने से जादा खर्च करने की चिंता?

नई सरकार बनने के बाद से यह सुनना और कहना आम बात हो चुकी है कि सरकारी कामकाज ठंडा पड़ा हुआ हैं, विभागीय कार्य भी काफी धीमे चल रहे हैं। दरअसल में इसके पीछे एक अफवाह फैलाई जा रही है, कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी विभागों को बजट नहीं दे रहे, जिसके कारण सरकारी कामकाज एकदम स्लो चल रहा है। कहीं न कहीं इस हवा के कारण वित्त मंत्री ओपी चौधरी की राजनीतिक लोकप्रियता में गिरावट साफ तौर पर दिखने लगी है। जबकि सच यह है कि विभागीय मंत्री बजट राशि खर्च नहीं कर रहे और ठीकरा वित्तमंत्री ओपी चौधरी के सर फोड़े जा रहे हैं। बहरहाल अब ओपी चौधरी ने इस अफवाह पर विराम लगाने की कोशिश शुरु कर दी है। दरअसल में राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव के विभागों के साथ-साथ मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप और श्यामबिहारी जायसवाल के विभागों में बजट राशि खर्च नहीं हो पाने पर वित्त मंत्री ने चिंता जताई है। यहीं नहीं वित्त मंत्री ने इन पांच विभाग के मंत्रियों को पत्र भी लिखा है, जिसमें कहा गया है कि बजट की राशि जिस अनुपात में खर्च की जानी चाहिए, उस अनुपात में खर्च नहीं की जा रही है। हालात यह हो गए हैं कि वित्त मंत्री को बजट की राशि खर्च करने के लिए मंत्रियों से अनुरोध करना पड़ रहा है? खैर वित्तमंत्री जी की चिंता जायज है। राशि खर्च नहीं होने के कारण विभागों में काम भी न के बराबर हो रहे हैं और काम नहीं होने से जनता के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ताओं के मनोबल में भी कहीं न कहीं गिरावट दिखने लगी है। सम्भवतः इसलिए वित्त मंत्री को अब बजट इकट्ठा करने से ज्यादा खर्च करने की चिंता सताने लगी है।

## कबूतर का कारनामा

वैसे तो शास्त्रों में कबूतर को शांति का प्रतीक माना गया है। एक जमाने में कबूतर संदेशवाहक भी होते थे। खैर अब वक्त बदल चुका है, अब तो लोग कबूतर को सिर्फ दाना खिलाना ही पसंद करते हैं। लेकिन कबूतर अभी भी संदेशवाहक का काम कर रहे हैं, यह जानकर आपको आश्चर्य होगा। कबूतर के संदेश के कारण एक जिले के एसपी निपट गए, उन्हें पुलिस मुख्यालय अटैच कर दिया गया है। दरअसल में आज से एक माह पूर्व यानि की 15 अगस्त के मौके पर अतिथियों से शांति का पैगाम दिलाने कबूतर उड़वाया गया। मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद विधायक पुन्नुलाल मोहिले का कबूतर फुर्र से उठ गया। कलेक्टर राहुल देव का भी कबूतर शांति का पैगाम लेकर फुरफुराकर आसमान की ओर उड़ गया, लेकिन एसपी साहब का कबूतर गश खाकर जमीन में गिर पड़ा। निश्चित तौर पर समारोह में मौजूद भीड़ को देखकर एसपी साहब इस घटना से निराश थे और उन्होंने पत्राचार कर डाला। जिसमें कहा गया कि उन्हें जानबूझकर बीमार कबूतर सौंपा गया था। खैर कबूतर बीमार था या स्वस्थ यह तो डॉक्टर ही बता पायेंगे, लेकिन कबूतर के गश खाकर गिरने की खबर पूरे राज्य में सुर्खियां बनी रही। कहा तो यह भी जा रहा है कि कलेक्टर और एसपी के बीच बिलकुल पटरी नहीं बैठ रही थी। दरअसल में उसके पीछे सीनियर और जूनियर का मामला आड़े आ रहा था। आईपीएस गिरिजाशंकर जायसवाल 2010 बैच के अफसर हैं। वह डीआईजी लेवल के अफसर हैं। वहीं आईएएस राहुल देव 2016 बैच के अफसर हैं, जिसके कारण दोनों के बीच में जमकर खींचतान मची हुई थी। खैर सच क्या है? यह तो राहुल और गिरिजाशंकर ही जानेंगे। लेकिन कबूतर के चक्कर में 6 माह के भीतर ही गिरिजाशंकर को मुख्यालय अटैच कर दिया गया।

## धीमी गति से संगठन चिंतित

सदस्यता अभियान के धीमी गति को लेकर बीजेपी संगठन काफी चितिंत है। सम्भवतः इसीलिए अजय जामवाल और पवन साय ने साफ तौर पर कह दिया कि सदस्यता अभियान में तेजी लाएं। दरअसल में राज्यभर से 50 लाख कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य रखा गया है। संगठन की बैठक में जो तथ्य सामने आये हैं उसमें से अभी तक मात्र 7-8 लाख सदस्य ही बनाए गए हैं। निश्चित ही लक्ष्य के अनुरुप अभी तक सदस्यता अभियान एकदम ठंडा पड़ा हुआ है। कार्यकर्ता क्यों रुचि नहीं ले रहे फिलहाल यह चिंतन और मंथन का विषय है। खैर आगे यह आकड़ा कितना पहुंचेगा फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन सदस्यता के अभी तक के आकड़ों को देखें तो काफी निराशाजनक परफारमेंस दिख रहा है। लक्ष्य के अनुरुप मूल्यांकन किया जाए तो अभी तक क्वालीफाई का आकड़ा भी राज्य भाजपा ने हासिल नहीं किया है। दरअसल में 50 लाख सदस्यों का लक्ष्य रखना मतलब क्वालीफाई होने के लिए कम से कम 17 लाख का आकड़ा पार करना होगा। लेकिन सदस्यता अभियान के वर्तमान आकड़ों को देखकर यह कहा जा सकता है कि लक्ष्य के अनुरुप प्रथम श्रेणी अथवा एक्सीलेंट का आकड़ा तय करना फिलहाल कठिन नजर आ रहा है।

## बदनाम गुलदस्ता

वैसे तो अफसरशाही में गुलदस्ता लेना और देना एक परंपरा बन चुकी है। कुछ अफसरों की बात छोड़ दें तो यह परंपरा हर सरकारी दफ्तर में देखने को मिलती है। खैर इस शिष्टाचार में कोई बुराई भी नहीं है। लेकिन बड़ा सा गुलदस्ता देखकर किसी के वजन का मूल्यांकन करना कितना उचित है? दरअसल में गुलदस्ता की बात इसलिए की जा रही है क्योंकि अंबुजा सीमेन्ट से जुड़े एक अधिकारी को गुलदस्ते के कारण जेल की हवा खाना पड़ रहा है। अधिकारी ने एक कलेक्टर को गुलदस्ते के साथ नोटों का बंडल भी सौंप दिया। कलेक्टर को नोटों के बंडल क्यों दिए गए फिलहाल इस पर बात करना अभी उचित नहीं है। लेकिन गुलदस्ता लेकर पहुंचा शख्स जेल पहुंच चुका है। कहते हैं कि वजन को देखकर कलेक्टर साहब को शक हुआ और उन्होंने वहीं पर अपने चपरासी से पैकेट खोलने कहा, पैकेट खुला तो उसमें नोटों का बंडल निकला। गुलदस्ता तक तो ठीक था, लेकिन नोटों का बंडल देख कलेक्टर साहब ने अंबुजा सीमेन्ट के अधिकारी को जेल भेजवा दिया। इस ग्रुप का संचालन किसके हाथ में है यह पूरा देश जानता है। बड़े-बड़े पॉलिटिशियन इस बिजनेशमेन के इशारों से चलते हैं, तो भला कलेक्टर साहब कहां लगते हैं। फिलहाल कारण जो भी हो बेचारा गुलदस्ता इन दिनों बदनाम हो गया है।

## बिना गृह मंत्री कानून व्यवस्था की बैठक ?

अपराधियों के मन में कानून का भय हो, पीड़ितों को न्यान मिले, इस धारणा को लेकर राजधानी के न्यू सर्किट हाउस में कलेक्टर-एसपी कान्फ्रेंस रखा गया। बैठक के दूसरे दिन कानून व्यवस्था की स्थितियों की समीक्षा की गई। इस बैठक में डीजीपी से लेकर प्रत्येक जिले के पुलिस अधीक्षक शामिल हुए, लेकिन गृह मंत्री विजय शर्मा मौजूद नहीं रहे? इसको लेकर चारों ओर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि इस बैठक का नाम कलेक्टर-एसपी कान्फ्रेंस दिया गया। सम्भवतः इसलिए उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्रालय का जिम्मा सम्भाल रहे विजय शर्मा को इस बैठक से दूर रखा गया। विजय शर्मा को केन्दीय गृह मंत्री अमित शाह का पसंदीदा बताया जाता है। नक्सल मामलों की बैठक बिना उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सम्पन्न नहीं होती, लेकिन कानून व्यवस्था की इस बैठक में विजय शर्मा से दूरी क्यों बनाई गई? डीजीपी स्तर के पूरे अधिकारी मौजूद रहे, गृह विभाग के एसीएस भी बैठक में शामिल हुए लेकिन मंत्री से दूरी क्यों?

## सूर्या और अमरेश के बीच क्या ?

एसीबी चीफ अमरेश मिश्रा और सूर्यकांत तिवारी उर्फ सूर्या के बीच तनातनी की खबरें इन दिनों खलबली मचा दी है। सूर्या और आईजी अमरेश मिश्रा के बीच बीते रविवार को क्या हुआ फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन सोसल मीडिया में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कहते हैं कि सूर्या ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, कोर्ट ने जेल का सीसीटीवी फुटेज और रजिस्टर समेत अन्य साक्ष्य सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। कहा जा रहा है कि छुट्टी के दिन यानि की रविवार को एसीबी चीफ जेल पहुँचे, वहां सूर्यकांत तिवारी और अमरेश के बीच तनातनी हो गई, इसको लेकर जगह-जगह चर्चा हो रही है। वहीं इस दरमियान पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी एसीबी चीफ के ऊपर गंभीर आरोप लगाये हैं। अब वास्तविकता क्या है? यह तो आईजी अमरेश मिश्रा और सूर्यकांत ही जानेंगे, लेकिन अमरेश मिश्रा का इस केस में डायरेक्ट क्या रूचि है इस पर बहस छिड़ी हुई है।

## नियुक्ति से पहले घिरे सलाहकार


मुख्यमंत्री के सलाहकारों की नियुक्तियां की जानी है, लेकिन नियुक्ति से पहले ही सलाहकार घिर गये हैं। दरअसल में भूपेश सावन्नी को मुख्यमंत्री का सलाहकार बनाये जाने की खबरें इन दिनों मीडिया में चल रही हैं। लेकिन उनके बिहेव को लेकर अजय चंद्राकर ने भरे मंच में कहा था की मेरे से ठीक से बिहेव किया करो, नहीं तो मैं ठीक कर दूँगा। अब सावन्नी की सलाहकार के रूप में नियुक्ति होनी है, इसी दरम्यान सावन्नी और अजय चंद्राकर के विवाद का वीडियो सोशल मीडिया में घूमने लगा है। अजय चंद्राकर अनुभवी और विद्वान सदस्य है, यह बात अलग है कि वह हालात को देखकर वर्तमान में खामोश हैं, लेकिन आगे भी खामोश रहेंगे फिलहाल इसकी कोई गारंटी नहीं है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# चक्रधर समारोह: क्लासिकल आर्ट को बनाए रखने में योगदान दें: जस्टिस संजय अग्रवाल

## पौशाली चटर्जी ने राधा-कृष्ण होली, कृष्ण और सखा के माखनचोरी को मणिपुरी नृत्य से किया जीवंत

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com







सुर-ताल, लय तथा छंद और घुंघरू के संगीतबद्ध 39 बरस के इस चक्रधर समारोह में आज आठवें दिन मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता और सतना सहित रायगढ़ घराना के कलाकारों द्वारा भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मणिपुरी और शास्त्रीय गायन ने रसिकजनों व दर्शकों को मत्रमुग्ध कर दिया। इन कलाकारों द्वारा शास्त्रीय संगीत से पिरोए हुए गणपति अराधना, शिववंदना, राधा-कृष्ण के रासलीला और कृष्ण व सखा के माखन चोरी की बेजोड़ एवं जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर होने पर मजबूर कर दिया। वहीं रायगढ़ घराना के कथक की शानदार प्रस्तुति ने समारोह में विशेष छटा बिखेरा। चक्रधर समारोह में शामिल हाईकोर्ट जस्टिस संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि क्लासिकल आर्ट धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। क्लासिकल आर्ट को बनाए रखने के लिए हमें योगदान देने की जरूरत है। कार्यक्रम के माध्यम से मंच देकर क्लासिकल आर्ट को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रायगढ़वासियों का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि अनुभव और एनर्जी से कला को और आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने सभी कलाकारों को शुभकामनाएं और बधाई भी दी। समारोह में हाई कोर्ट जस्टिस संजय अग्रवाल, सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, एसपी दिव्यांग पटेल ने मुंबई की भरतनाट्यम कलाकार कृष्णभद्रा नम्बूदरी, मणिपुरी नृत्यांगना सु पौशाली चटर्जी तथा शास्त्रीय गायक विनोद मिश्रा को सम्मानित किया। कोलकाता की पौशाली चटर्जी ने राधा-कृष्ण होली, कृष्ण और सखा के माखनचोरी को मणिपुरी नृत्य के माध्यम से दर्शकों के सामने पेश की। वहीं मुंबई की प्रख्यात भरतनाट्यम कलाकार कृष्णभद्रा नम्बूदरी ने दक्षिण भारत के मंदिरों में प्रस्तुत गणेश वंदना को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम में सतना से आए विख्यात संगीतकार विनोद मिश्रा ने शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी। इसी तरह डॉ.रघुपतरुनी श्रीकांत के नेतृत्व में गणपति और शिव वंदना, विवाह के अवसर को बहुत ही द्रुत गति से भावभंगिमाओं के साथ कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को अपनी ओर लगातार देखने को मजबूर किया। इसी तरह कथक नृत्य के साथ नृत्यांगनाओं ने भी अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से मंच पर खुशबू बिखेरी। शिव की उपासना और कृष्ण रास लीला से माहौल भक्तिमय हो गया। नन्हीं कलाकारों ने अपने नृत्य कौशल से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

चक्रधर समारोह के आठवें दिन रायगढ़ के

# महिला एवं बाल विकास विभाग के वजन त्यौहार कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री





पायनियर संवाददाता ◄ नाराणपुर
www.dailypioneer.com

वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर जिले के पहुंचविहीन क्षेत्र कस्तुरमेटा में पहली बार पहुंच कर आमजनों की समस्याएं सुनी और निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कस्तुरमेटा शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्नप्राशन एवं गोदभराई कार्यक्रम में पहुंच कर बच्चों और माताओं को आशीर्वाद दिया। कश्यप ने गर्भवती माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य, वजन और पोषण की उचित देखभाल हेतु विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया। मंत्री कश्यप ने पुलिस जवानों की अफ्जाई करते हुए कहा कि नारायणपुर जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में 18 से अधिक पुलिस कैंप स्थापित किया गया है, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि नारायणपुर से कस्तुरमेटा तक नियमित रूप से बस सेवा प्रारंभ की जाएगी। स्थानीय लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र सहित सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने के लिए भटकना नही पड़ेगा। इसके लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। मंत्री कश्यप ने शिविर में आए महिलाओं से महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों से रोजगार की व्यवस्था और मनरेगा के माध्यम से कार्य के बारे में चर्चा किया। मंत्री कश्यप ने ग्रामीणों के मांग पर कुतुल में पानी की समस्या को हल करने का भी भरोसा दिलाया। शिविर में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, एसडीएम अभयजीत मंडावी, तहसीलदार चिराग रामटेके, सौरभ कश्यप, जनपद सीईओ मेघलाल मण्डावी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव एवं गुण्डाघूर सम्मान वर्ष 2024-25 के लिए 25 सितम्बर तक अनुशंसाए आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

1 नवम्बर 2024 को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ियों को दिए जाने वाले महाराजा प्रवीरचंद्र भजदेव एवं गुण्डाधूर सम्मान वर्ष 2024-25 हेतु 25 सितम्बर 2024 तक निर्धारित प्रारूप में अनुशंसाए आमंत्रित की गई है। महाराजा प्रवीरचद्र भंजदेव एंव गुण्डाधूर सम्मान प्रतिवर्ष एक-एक खिलाड़ी को दिया जाता है। प्रत्येक अलंकरण में 01 लाख रूपये नगद, अलंकरण फलक, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। महाराजा प्रवीरचंद्र सम्मान उन पात्र खिलाडियों को दिए जाएंगे, जिन्होंने वर्ष 2023-24 (विगत वर्ष) में तीरंदाजी की राष्ट्रीय चौम्पियनशिप (सीनियर वर्ग) या राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ की ओर से भाग लेते हुए स्वर्ण पदक, रजत पदक या कांस्य पदक प्राप्त किया हो या अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो। यदि तीरंदाजी में उपरोक्त उपलब्धियों वाले खिलाडी किसी वर्ष नहीं मिले तो इस नियम के जारी होने वाले वर्ष को सम्मिलित करते हुए तीन वर्षों तक तीरंदाजी की राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता या राष्ट्रीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ी को यह सम्मान देने हेतु चयन के लिए विचार में लिया जाएगा। यदि तीरदाजी में उपरोक्त उपलब्धियों वाले खिलाडी किसी वर्ष नहीं मिले तो उस वर्ष अन्य ऐसे खेल, जिन्हें भारत सरकार युवा कार्य और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय स्तर के खेल अलकरण हेतु विचार क्षेत्र में लेता है। ऐसे खिलाडियों को जिन्होंने विगत वर्ष की राष्ट्रीय चौम्पियनशिप (सीनियर वर्ग) या राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ की ओर से भाग लेते हुए स्वर्ण पदक, रजत पदक या कास्य पदक प्राप्त किया हो या अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो, इस सम्मान हेतु चयन के लिए विचार में लिए जाएंगे। गुण्डाघूर सम्मान ऐसे पात्र खिलाडियों को दिये जाऐंगे, जिन्होंने वर्ष 2023-24 (विगत वर्ष) में ऐसे खेल जिन्हें भारत सरकार युवा कार्य और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय स्तर के खेल अलंकरण हेतु विचार क्षेत्र में लेता है।

ऐसे खिलाडियों को जिन्होंने विगत वर्ष

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर सोकोडिपा में लगाया गया ट्रांसफार्मर

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर बगिया में खोले गए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में लोगों की मांगों और समस्याओं का सामाधान का क्रम सतत रूप से जारी है। यहां पर आयोजित जनदर्शन में लोग बड़ी उम्मीद के साथ पहुंचते हैं। उनके आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ त्वरित गति से निराकरण किया जाता है। इसी कड़ी में ग्राम सोकोडिपा में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही थी। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के निर्देश पर तत्काल यहां पर ट्रांसफार्मर लगाया गया है।

जिससे बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। ग्रामीणों ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। हाथी विचरण क्षेत्र होने की वजह से बिजली की पहुंच दूरस्थ क्षेत्रों में भी निर्बाध रूप से जारी रहे इसके लिए कैंप कार्यालय के निर्देश पर समस्या आने पर तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने, ग्रिप चेंज, लाईन सुधारने का कार्य किया जा रहा है, इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

# मुख्यमंत्री साय उज्जैन में स्व. पूनमचंद यादव के तेरहवीं कार्यक्रम में हुए शामिल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उज्जैन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पूज्य पिता जी स्व. पूनमचंद यादव के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर स्व. पूनमचंद यादव के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत पुण्यात्मा को शांति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।

## विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन

**रायपुर।** प्रदेश के श्रम विभाग द्वारा मंगलवार 17 सितंबर 2024 को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन राजधानी के इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा के कृषि मंडपम में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए संचालित 30 जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाईन प्राप्त आवेदन में से पात्र हितग्राहियों को योजना में प्रावधान अनुरूप सहायता राशि से लाभान्वित किया जाना है। साथ ही कार्यक्रम अंतर्गत श्रमिक हित में किये जा रहे विभाग के प्रयासों एवं सफलताओं को विभिन्न गतिविधियों के स्टालों के माध्यम से प्रदर्शित भी किया जा रहा है।

# कुपोषण से मुक्त करने हो रहे सार्थक प्रयास

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com






मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश अनुसार राज्य में कुपोषण से मुक्त करने सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चे उत्साह से भाग ले रहे हैं।

नवाचार गतिविधियों से बच्चों का उत्साह वर्धन किया जा रहा है। पोषण संबंधित देख-भाल के लिए पोषण माह का आयोजन राज्य के विभिन्न जिलों में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पोषण अभियान अंतर्गत बच्चों के वजन में बढ़ोत्तरी को मापने के साथ ही वजन त्यौहार, चौपाल, अन्नप्राशन दिवस, परिवार चौपाल, पोषण मेला, व्यंजन प्रदर्शन जैसे आयोजन पंचायत और शहरी क्षेत्रों में किए जा रहे हैं। पोषण के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए स्कूलों में नारा लेखन, निबंध, चित्रकला और दीवार लेखन प्रतिस्पर्धाएं भी आयोजित की जा रही है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में भी समूह बैठक में वजन त्यौहार के बारे में चर्चा की जा रही है। ग्रामीण महिलाओं से चर्चा के दौरान शून्य से 06 साल तक के बच्चे, किशोरी बालिकाओं की खान-पान और स्वास्थ्य देखभाल के बारे में विशेषज्ञों के माध्यम से बताया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार भोजन में शामिल करने का आग्रह किया जा रहा है। पोषण माह अभियान के तहत जशपुर जिले में करीब 4315 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह अभियान चलाया जा रहा है, जिसका लाभ जिले के 76 हजार से अधिक बच्चों को मिलेगा।

# बंदूक की नोक पर लूटपाट की घटना के बाद उठने लगी पुलिस सहायता केन्द्र की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली नगर के झिलमिला क्षेत्र में 2 दिनों पूर्व 4 आरोपियों द्वारा रात्रि देशी कट्टा की नोक पर रात्रिकालीन महापात्रा ट्रेवल्स यात्री बस के स्टाफ से लूटपाट की गई थी। इस व्यस्त क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं की आशंका के चलते यात्री बसों व यात्रियों की सुरक्षा के लिए झिलमिला चौक में अस्थायी पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किये जाने की मांग की गई थी ताकि पुलिस केंद्र स्थापित होने से जहां कानून व्यवस्था पर नजर रखी जा सकेगी तो वहीं अपराधियो पर भी भय का वातावरण बना रहेगा। : इस क्षेत्र में पुलिस की समुचित निगरानी व तैनाती नही होने से शराबियों , लुटमारो , गुंडागर्दी करने वालो को पुलिस व कानून का भय समाप्त हो गया है। यात्रियों की भीड़ व बाहरी लोगों के आवागमन का मौका ऐसे लोग तलाशते रहते हैं व मौका देखते ही घटनाओं को अंजाम देते हैं। नगर में रात्रिकालीन पुलिस गश्त लगभग मृतप्राय है तो वहीं नगर की स्ट्रीट लाइटें भी लगभग बन्द ही रहा करती है। जिसकी वजह से सड़कों व गलियों में अंधेरा का साम्राज्य रहता है। घटना के बाद आरोपियों को अंधेरों का भागने या छुपने का लाभ मिल जाता है। इस चौक के पास ही शराब विक्रय केंद्र भी है जहां हमेशा शराबियों की भीड़ रहा करती है। लोग शराब के नशे में सड़कों में दिखाई देते हैं तो वहीं ऐसे लोगों से आसपास के दुकानदार व व्यवसायी गण भी परेशान होते रहते हैं। इस चौक के आसपास हमेशा असमाजिक तत्वों व विभिन्न अपराधों से जुड़े हुवे लोग घूमते रहते हैं। इसी वजह से कई बार यहां चाकूबाजी की घटनाएं व अस्त्र शस्त्र लहराते हुवे आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। लूटपाट व चोरी चमारी , लड़ाई झगड़े आम बात हो गई हैं। सरायपाली के सबसे व्यस्ततम व भारी भीड़-भाड़ वाली कोई जगह है तो वह है झिलमिला स्थित चौक। नगर प्रवेश का यह एक प्रमुख स्थान है। सारंगढ़ व ओड़िसा की ओर आने व जाने के लिए यह नगर का प्रमुख तिराहा भी है तो वहीं बड़े बड़े नेताओं व अधिकारियों के आवागमन का एक प्रमुख चौक जहां से गुजरकर कर ही सभी को जाना होता है। तो वही किसी संदिग्ध वाहनों , आरोपियों , अपराधियो व किसी की चेकिंग करना हो तो यही स्थान सबसे उपयुक्त होता है। प्रमुख चौक होने के कारण इसी चौक पर स्थित होटल व ढाबों में रात्रिकालीन बसों का आवागमन भी रात्रि 8 से सुबह 7 बजे तक रातभर रांची , गुमला , पुरी , भुवनेश्वर आदि शहरों व राज्यों से आती व जाती है व इसी चौक पर स्थित ढाबो व होटलों में भोजन व चाय नाश्ता बसों के स्टाफ व यात्रियों द्वारा किया जाता है। इस झिलमिला चौक में दिन को भारी वाहनों व छोटे वाहनों के साथ साथ आने जाने वालों का भी तांता लगे रहता है। आसपास के मोहल्ले में गरीब व बाहर से आये लोगों की बसाहट यहां अत्यधिक है तो वही रोजी कमाने वाले भी अधिक होने से शाम को भीड़ अधिक हो जाती है। साथ ही रात बजे के बाद लंबी दूरी की यात्री बसों का आवागमन भी प्रारम्भ हो जाता है। इस चौक में भारी आवागमन , यात्री बसों व यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुवे असमाजिक तत्वों व अपराधों में लिप्त आरोपियों से उत्पन्न असुरक्षा व अशांति से बचने के लिए अस्थायी तौर पर पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किये जाने की मांग इस क्षेत्र के लोगों व व्यवसायियों द्वारा वर्षो से शासन व प्रशासन से मांग की जा रही है पर पता नही क्यों शासन, प्रशासन व पुलिस विभाग गंभीरता से नही ले रहा है। इस संबंध में कुछ होटल व दुकान संचालकों, मोहल्ले वासियों व जनप्रतिनिधियों ने बताया कि इस झिलमिला चौक जो कि नगर प्रवेश कहलाता है। यहां हमेशा भीड़भाड़ व यातायात का भारी दबाव रहता है। बिहार, झारखंड व ओड़िसा से रात्रिकालीन बसों का आना जाना रात्रि 8 बजे से सुबह 6 बजे तक निरंतर बने रहता है। इन बसों में प्रतिदिन सैकड़ो यात्री सफर करते हैं। इस चौक में बस चालको व यात्रियो के लिए बडी व सुविधाजनक होटल होने के कारण बस चालको व यात्रीगण यही चाय नाश्ता व भोजन करना पसंद करते हैं। तो वही बहुत से यात्री इसी स्थान से बसों में चढ़ना व उतरना भी सुविधानुसार करते हैं। पर इन सभी के बावजूद सबसे अधिक खतरा चौक के पास स्थित शराब दुकानों से है। शराब दुकान लगे होने के कारण यात्री बसों में सफर कर रही महिलाओं को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रातभर चलने वाली यात्री बसों में सैकड़ों यात्री जिनमे महिलाओं की संख्या अधिक रहती है इनके के वॉशरूम के लिए नगरपालिका की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं होने से उन्हें वॉशरूम के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महिला यात्रियों को यह बुनियादी सुविधाएं महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुवे नगरपालिका को किये जाने की मांग की गई है।

# सांसद रूपकुमारी चौधरी पहुंचे श्री बालाजी अस्पताल विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल के स्वास्थ्य की ली जानकारी



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी ने रायपुर के श्री बालाजी अस्पताल पहुंचकर वहां उपचार के लिए भर्ती बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी उनसे मिलने श्री बालाजी अस्पताल पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से विधायक सम्पत अग्रवाल के इलाज की जानकारी ली। सांसद रूपकुमारी चौधरी जी ने विधायक को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं दी।

# नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर शिक्षादूत की हत्या की

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में एक बार फिर माओवादियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए और नक्सल दहशत फैलाने के लिये एक शिक्षादूत की जन अदालत लगाकर हत्या कर दी है। हत्या की पुष्टि सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने की है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताता कि 14 सितंबर को जगरगुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जंगल में माओवादियों ने अपनी जन अदालत लगाई थी। और इस जनअदालत में पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर माओवादियों ने जनता के बीच लगे अदालत में दूधी अर्जुन को मौत का फरमान सुनाया। और सुकमा जिले के गोंदपल्ली निवासी दूधी अर्जुन जो शिक्षादूत का कार्य करता था। उसकी लाठी डंडे से मार मारकर और रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। और उसके परिजनों को भी धमकी दी। धमकी के कारण परिजन मौत के दूसरे दिन आज 15 सितंबर को शव का अंतिम संस्कार करने की सूचना मिली है। साथ ही बताया कि जनअदालत लगाकर हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले माओवादियों के खिलाफ़ जगरगुंडा थाने में अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही घटना में शामिल आरोपी माओवादियों की पतासाजी की जा रही है। साथ ही कहा कि साल 2024 में अलग अलग घटनाओं में माओवादियों को पहुंचे क्षति से नक्सली बौखलाए हुए हैं। और लगातार अंदरूनी इलाको में खुल रहे सुरक्षाकैम्प से बौखलाहट में हैं। और आम नागरिकों को अपना निशाना बना रहे हैं। इधर कुछ दिनों पहले ही अबूझमाड़ के जंगल में 2 व्यक्तियों की जनअदालत लगाकर माओवादियों ने फांसी पर टांग दिया था। और एक बार फिर से एक शिक्षादूत की हत्या कर दी है।

# आंगनबाड़ी केंद्र दाउगुड़ी में पोषण माह में वजन त्यौहार का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र दाऊगुड़ी, सेक्टर रुढा, परियोजना केन्द्र में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत 15 सितम्बर 2024 को वजन त्यौहार का आयोजन गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास सुपरवाइजर दीक्षा बारीक ने ग्रामवासियों को जानकारी दी कि आंगनबाड़ी केंद्र में पालकगण अपने बच्चों का नियमित वजन अवश्य कराएं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी लें कि बच्चों के वजन स्तर क्या है, क्योंकि बच्चे का स्तर अगर पीला या लाल रंग को दर्शित करता है तो वह कुपोषित रहता है और बच्चा एक बार कुपोषित हो जाए तो वापस रिकवर करने में बहुत समय व देखभाल की जरूरत होगी है। कुपोषण को खत्म करने के लिए ही यह राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर में मनाया जा रहा है। सुपरवाइजर व कार्यकर्ता ने आगे ग्रामवासियों को यह भी जानकारी दी कि आंगनवाड़ी पर हर माह वजन लिया जाता है व बच्चों के वजन का स्तर बताया जाता है इसके साथ-साथ में किशोरी बालिकाओं को रेडी टू ईट का वितरण किया नियमित रूप से नियमानुसार किया जाता है उसके साथ ही एनीमिक महिलाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट भी किया जाता है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेक्टर पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा नायक, जानकी नायक,मीरा चौहान के साथ साथ बड़ी संख्या में बच्चों के माता-पिता उपस्थित थे। गर्भवती, शिशुवती महिला, किशोरी बालिका सहित महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बताया गया कि महिला इतनी जागरूक हों कि हीमोग्लोबिन 11 ग्राम या उससे ज्यादा हो तभी वह गर्भधारण करें तो बेहतर है जिससे बच्चा गर्भ में अपना पूर्ण विकास कर सके। पूर्ण गर्भधारण काल में गर्भवती को पौष्टिक पोषण लेना आवश्यक है, इसके लिए गर्भवती को दिन में बार-बार पौष्टिक,संतुलित खाना खाते रहना चाहिए। गर्भधारण काल के दौरान समय-समय पर डॉक्टर से चेकअप करवा कर पौष्टिक गोली आयरन और कैल्सियम, फोलिक एसिड डाक्टर के दिए गए निर्देश अनुसार खानी चाहिए। आंगनवाड़ी में मिलने वाला पौष्टिक रेडी टू ईट का गर्भवती स्वयं उपयोग करें क्योंकि वह बहुत पौष्टिक होता है। यदि महिला एनीमिक है तो उसका बच्चा भी कमजोर होगा और जब बच्चा कमजोर होगा तो उसका शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाएगा।एनीमिक महिला है तो उसको भी कई प्रकार के शारीरिक और मानसिक नुकसान हो सकते हैं। जिसका खामीआजा उसे स्वयं ही भुगतना पड़ता है। इसके पश्चात सेक्टर पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक द्वारा कहा गया की छत्तीसगढ़ में 36 प्रकार की भाजियां होती है यदि यही भाजी रोज खाई जाए तो एनीमिया की 70% समस्या वैसी ही हल हो जाएगी, साथ ही यदि पौष्टिक व्यंजन आपको लेना है तो इसके लिए महतारी वंदन की राशि सरकार द्वारा प्रतिमाह दिया जाता है, जिसे अपने स्वास्थ्य के लिए उपयोग कर अपने सेहत में सुधार ला सकती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा, जानकी, मीरा द्वारा पौष्टिक व्यंजन की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें यह दर्शाया गया कि इसमें सभी प्रकार के पौष्टीक तत्व होते हैं जो कि हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी फलों का भी उपयोग करने प्रेरित किया गया।

# कृषि उद्यानिकी एवं मतस्य पालन पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम


पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




अल्ट्राटेक रावन सी. एस. आर द्वारा कृषि उद्यानिकी एवं मतस्य पालन पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सी. एस. आर आडिटोरियम मे आयोजित किया गया गया। इस अवसर पर जिला तथा विकास खण्ड स्तरीय शासकीय अधिकारी जिसमें मुख्य रुप से कृषि विभाग से जयिन्द्र कंवर एसडीओ एग्रीकल्चर, जी. एन. तारम वरिष्ठ कृषि अधिकारी, सुचीन वर्मा, अश्वनी कुमार साहू एवं योगेश मंढरिया कृषि अधिकारी शमिल थे वहीं मतस्य विभाग से संजय चंद्रवंशी, उद्यानिकी से प्रदीप वर्मा एवं प्री पेट पापकॉर्न कम्पनी से राकेश पाल उपस्थित रहें । 100 से अधिक किसानो को शासकीय योजनओं की जानकारी प्रदान की गयी एवं 25 किसानों को इलेक्ट्रीक एवं पेट्रोल वाटर लिफ्टिंग पंप प्रदान किया गया, अल्ट्राटेक सी.एस. आर द्वारा कृषको को अंशदान राशि में सहयोग किया गया। कार्यक्रम मे अल्ट्राटेक प्रबंधन से एच. आर. हेड सुधिन्द्र पंडा, सुरक्षा विभाग प्रमुख आकाश चौरे की गरिमामयी उपस्थिति थी। पंडा जी ने कहा कि किसान ही हमारे अन्नदाता है और कृषि को उन्नत बनाने मे अल्ट्राटेक प्रबंधन यथा सम्भव सहयोग करती रहेगी। वही वरिष्ठ कृषि अधिकारी जी. एन. तारम ने कहा कि कृषि को व्यवसाय के रुप में अपनाये, जयिन्द्र कंवर एस. डी. ओ एग्रीकल्चर बलौदाबाजार ने कहा कि अल्ट्राटेक प्रबंधन का सहयोग सराहनीय तथा यह सहयोग किसानों के कृषि को आधुनिक बनाने में सहयोगी होगा। छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग ने अल्ट्राटेक रावन प्रबंधन को उनके अतुलनीय सहयोग हेतु प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे अल्ट्राटेक रावन सी. एस. आर. से प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र कुमार यादव, हेमलता ध्रुव, जानकी यादव, धनेश्वरी साहू, अरुणेंन्द्र सिंग एवं ताराचंद वर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

# विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश, सप्ताह के भीतर ओबीसी सर्वे करे पूर्ण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने आज अपने कैंप कार्यालय से विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण की प्रगति की समीक्षा की उन्होंने सर्वे कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को अपने-अपने विकास खंडों में हुए सर्वेक्षणों की जानकारी लेकर एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत सर्वे कार्य पूरा करने को कहा। सोनी ने कहा बीएलओ,हल्का पटवारी और ग्राम सचिव एवं कोटवार को सर्वे कार्य में लगाया जाए और कार्य की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिए है। इस दौरान एसडीएम के अतिरिक्त सभी जनपद सीईओ,सीएमओ सहित अन्य अधिकारी गण जुड़े रहे। इसके साथ ही कलेक्टर सोनी ने एनजीटी के निर्देशों को कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए है। जिसके तहत नदी-तालाब में अस्थाई कुंड बनाकर मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमओ सीईओ को दिए है। साथ ही गणेश समितियों से विसर्जन यात्रा में डीजे धूमाल की जगह पारंपरिक बैंड का उपयोग करने कहा गया हैं। गौरतलब है की आगामी गणेशोत्सव एवं दुर्गोत्सव पर मूर्ति विसर्जन केवल अस्थाई कुंड में करना होगा। जल स्त्रोतों को प्रदुषण से बचाने के लिए मूर्ति विसर्जन के सम्बन्ध में केंद्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गाइडलाईन जारी की गई है और इसका कड़ाई से पालन के निर्देश दिए गए हैं। जारी गईडलाइन के अनुसार नदी या तालाब में विसर्जन के लिए अस्थाई कुंड बनाकर मूर्ति विसर्जन किया जाए। पूजा सामग्री जैसे फल-फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक की बनी सजावटी सामान मूर्ति से अलग कर उसका उचित अपवहन किया जाना है। वेस्ट मटेरियल को एकत्रित कर पुर्नउपयोग किया जाना है। वेस्ट मटेरियल को जलाना प्रतिबंधित है। विसर्जन स्थल पर पर्याप्त घेराबंदी व सुरक्षा की व्यवस्था हो।मूर्तियां केवल प्राकृतिक, जैव अपघटनीय,इको फ्रेंडली, कच्चे सामग्री से बनाई जाए।

## 107 वर्षों के बाद पुनः इस गांव के लोगों ने इस त्रासदी को झेला है

# चितलनार पहुंचकर बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति ने बाढ़ प्रभावितों को दी जरूरत की सामग्री

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com





हमेशा ग्रामीणों के सुखदुःख में अग्रणी भूमिका में रहने वाली बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति के सदस्यों ने जिले के विकासखंड छिंदगढ़ के ग्राम पंचायत चितलनार में आई भीषण बाढ़ से प्रभावितों के बीच पहुंचकर जरूरत की सामग्री बाँटी। विदित हो की विगत दिनों सुकमा जिले में नदी नाले उफान पर थे व जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ आ गई थी चितलनार के ग्रामीणों ने बताया की 1917 में बाढ़ आई थी और इस वर्ष 107 वर्षों के बाद पुनः इस गाँव के लोगों ने इस त्रासदी को झेला है।

**ग्रामीणों के साथ घर घर जाकर देखी समस्या :** बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति की संस्थापिका एवं सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने अपने समिति के सचिव गौरव राठौर व सदस्य संजय भदौरिया एवं भानू भदौरिया व अन्य ग्रामीणों के साथ बाढ़ पीड़ितों के घरों में जाकर देखा की किस प्रकार कुदरत के कहर से गरीबों का आशियाना उजड़ गया हैं व आज वो सभी बेघर हो गए हैं। दीपिका ने कहा की अचानक आई बाढ़ से इन गरीबों का आशियाना उजड़ गया हैं जिससे वो बेहद परेशान हैं मै ईश्वर से प्रार्थना करती हूं की वो इन्हे इस परेशानी को सहने की शक्ति प्रदान करें, हमारी समिति इनके साथ हैं और हम इनका हर सम्भव मदद करेंगे।

**कपड़े,चटाई, कंबल एवं बर्तन किया वितरण :** बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति की संस्थापिका ने अपने हाथों से बाढ़ पीड़ितों को साड़ियां, कंबल, चटाई एवं प्रतिदिन उपयोग में आने वाले बर्तन आदि का वितरण किया,साथ हो दीपिका ने उन्हें भरोसा दिलाया की किसी भी समस्या हम उनके साथ हमेशा कंधा से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

**समाज सेवा के इस कार्य की ग्रामीण कर रहे हैं सराहना :** बस्तर क्षितिज समाजिक सेवा समिति के इस सेवा कार्य की ग्रामीणों के द्वारा बेहद सराहना की जा रही हैं चितलनार के ग्रामीण सुकू, डोले आदि लोगों ने कहाँ की हमारे गाँव में आई इस बाढ़ के बाढ़ जिस प्रकार से समाजिक समितियों ने हमारी मदद की हैं वो बेहद सराहनीय हैं आज जिस प्रकार बस्तर समाजिक सेवा समिति के सदस्यों ने आकर जरूरत की सामग्री दी व हमारा हौसला बढ़ाया हैं वह बेहद सराहनीय हैं हम लोगों ने इस समिति के बारे में सुना था आज इमके कार्य को देखकर प्रेरणा मिलती हैं की मुसीबत में फंसे लोगों की सेवा हो वास्तविक मानव सेवा हैं

### जिला प्रशासन से की अपील

अधिवक्ता दीपिका शोरी ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा की इस ग्राम में ग्रामीण बेहद परेशानियों का सामना कर रहे हैं सबसे बड़ी समस्या जिनके घर गिर गए हैं उन्हें रहने को घर नहीं हैं इसलिए जल्द से जल्द इन सभी पीड़ितों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान स्वीकृत करवाकर उनकी समस्या को दूर करें

### पंचायत भवन एवं शाला भवन में रह रहे हैं प्रभावित ग्रामीण

विदित हो की बाढ़ में पूर्ण रूप से गिर चुके घर के मुखिया आरावती, सोमारी, फूलसिंग,मुक्क ा, हुर्रा, लच्छे, हिरमा, लखमें अपने परिवार के 25 सदस्यों के साथ पंचायत भवन एवं शाला भवन में ही आश्रय लेकर रह रहे हैं उनकी मुख्य आवश्यकता आज रहने हेतु आवास की है।

# धुर्राबांधा मार्ग थूक पालिश कार्य के बाद फिर जर्जर



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सुरकी मोपका मार्ग स्थित ग्राम धुर्राबांधा के पहुंच मार्ग का सड़क थूक पालिश कार्य के बाद फिर जर्जर हो चुका है जिसके कारण राहगीरों को पुनः असुविधा का सामना करना पड़ रहा है लोगों को इस समस्या से कब निजात मिलेगा अब समय ही बतायेगा।

# शपथ ग्रहण समारोह मे शामिल हुए : विधायक इंद्र साव

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

मावली माता प्रांगण सिगारपुर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमे तहसील साहू संघ भाटापारा एवं चारों परिक्षेत्र के पदाधिकारियो ने पद एवं गोपानियता की शपथ ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने अपने संबोधन में समाज को सामाजिक एकता और सौहार्द्र बनाए रखने का संदेश दिया। विधायक इन्द्र साव ने शिक्षा, स्वावलंबन और युवाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया ताकि समाज और अधिक सशक्त व समृद्ध बन सके। जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील साहू ने समस्त नव-पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब सभी सदस्य एकजुट होकर समाज हित में कार्य करेंगे। जिला अध्यक्ष द्वारा पांचों परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारीगण, ग्राम प्रमुख, सेवानिवृत्त कर्मचारी, शासकीय कर्मचारीगण, पंचायत प्रतिनिधि, पार्षदगण, साहित्यकार, पत्रकार तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वजातीय बन्धुओं को अभिनंदन पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में रेवाराम साहू जिला संरक्षक, दिनेश साहू जिला



महामंत्री, जीतराम साहू जिला कार्य. अध्यक्ष, राजाराम साहू जिला कोषाध्यक्ष, सरोज साहू तहसील अध्यक्ष सुहेला परिक्षेत्र उपस्थित थे। इस गरिमामयी कार्यक्रम में रवि साहू युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक, राजेश साहू नगर अध्यक्ष, तिलक साहू, नारायण (नभ) साहू, कमला साहू, तेजराम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। शपथ लेने वाले तहसील साहू संघ एवं परिक्षेत्र के पदाधिकारीगण पन्नालाल साहू अध्यक्ष, दीनदयाल साहू संरक्षक, चंद्रप्रकाश साहू कार्यकारी अध्यक्ष, सुन्दर साहू उपाध्यक्ष, कल्याणी साहू उपाध्यक्ष, लोकनाथ साहू सचिव, बाबूलाल साव, ढेलूराम साहू,अजय अमृतांशु, अमृत साहू,भारत साहू, तिरिथ साहू, नंद कुमार साहू, लिलेश्वरी साहू, इन्द्राणी साहू, रामनाथ साहू, रामकुमार साहू, सरजू साहू, चिंताराम साहू, राजकुमारी साहू, माखन साहू, लाला साहू, तिहारू साहू, देशीराम साहू, गणेश साहू, मनोहर साहू, सहदेव साहू मोपर परिक्षेत्र अध्यक्ष, कोमल साहू मोपका परिक्षेत्र अध्यक्ष, रामसागर साहू सिंगापुर परिक्षेत्र अध्यक्ष, दयालू साहू तरेंगा परिक्षेत्र अध्यक्ष ने शपथ लिया। शपथ ग्रहण समारोह में सैकड़ो की संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

# मातृभाषा में मेडिकल की शिक्षा से छात्रों को मिलेगी उज्ज्वल भविष्य की दिशा : साहू

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार/पलारी
www.dailypioneer.com

प्रदेश सरकार के चिकित्सा पाठ्यक्रम एमबीबीएस की पढ़ाई अब हिन्दी में भी कराने के फैसले का स्वागत करते हुए छात्र नेता लिलेश कुमार साहू ने कहा मातृभाषा में मेडिकल की शिक्षा से हिंदी माध्यम के छात्रों को मिलेगी उज्ज्वल भविष्य की दिशा, हिंदी में एमबीबीएस की पढ़ाई का निर्णय,प्रदेश के ग्रामीण और हिंदी माध्यम की पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इससे हिन्दी माध्यम से पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी अपनी प्रतिभा के अनुरूप चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने का पर्याप्त अवसर



मिलेगा,साहू ने कहा कि हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार का यह निर्णय क्रांतिकारी और मील का पत्थर साबित होगा। मेडिकल फील्ड में हिंदी की किताबें नहीं बनीं क्योंकि कभी इस बात पर बल ही नहीं दिया गया कि हिंदी में किताबें हो सकती हैं इसलिए यह एक नया अवसर है, जिससे हिंदी भाषी विद्यार्थियों के लिए ऐसी पुस्तकें तैयार हो सकें, जिनसे उनका अध्ययन आसान हो सके और जिससे हमारी मातृभाषा समृद्ध हो पाए, साहू ने कहा जो व्यक्तित मातृभाषा में प्रवीण हो जाता है, उसके लिए दूसरी भाषा को अपनाना कठिन नहीं होता, हम चाहते हैं कि छात्र अपनी भाषा में ज्ञान को अच्छे से आत्मसात कर लें। हिंदी में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने का सबसे अधिक लाभ हमारे ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को होगा जो अधिकतर हिंदी माध्यम से होते हैं और प्रतिभाशाली होने के बावजूद अंग्रेजी की वजह से उन्हें चिकित्सा पाठ्यक्रम में कुछ दिक्कत आती है, अब यह दिक्कत दूर हो जाएगी। इससे चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं का आधार भी मजबूत होगा जिससे छत्तीसगढ़ में हर स्तर पर कार्यान्वित करने के लिए नवक्रांति मध्यम होगी।

# महतारी वंदन योजना के तहत छूटे हुए पात्र महिलाओं का फार्म शीघ्र भरा जाए : निखिलकांत



पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

जिला युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू ने प्रेस वार्ता के दौरान सरकार से मांग करती है। कि महतारी वंदन योजना के तहत छूटे हुए पात्र महिलाओं का फार्म शीघ्र भरा जाए तथा नव विवाहिताओं को भी इस योजना का लाभ दिया जाए। भाजपा का 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि देने का दावा झूठा है। प्रदेश में हर माह पांच लाख से भी अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना के माध्यम से एक हजार रुपए प्रति माह देने का वादा किया गया था और चुनाव के दौरान भाजपा ने 85 लाख से अधिक महिलाओं से फॉर्म भी भरवाए थे। सरकार बनने के बाद प्रदेश के 50 प्रतिशत महिलाओं को यह राशि नहीं मिल रही है। राज्य सरकार झूठी वाहवाही लूटने के लिए हर माह 70 लाख महिलाओं को राशि देने का दावा करती है। सच्चाई यह है कि हर माह पांच लाख महिलाओं को पैसा नहीं मिल रहा है। महिलाओं के खाते में गेप करके राशि डाली जा रही है। 7 माह में योजना से जुड़े 35 लाख महिलाओं को राशि प्राप्त नहीं हो रहा हैं। योजना से वंचित शेष महिलाओं को इस योजना में शामिल होने का अवसर भी नहीं दिया जा रहा है। साथ ही नव विवाहित महिलाओं को भी लाभ देने का प्रयास नहीं किया जा रहा।

**युवा कांग्रेस की सरकार से प्रमुख मांगे निम्न है**

प्रदेश के समस्त महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाए, निराश्रित, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन, पत्यिकता पेंशन तथा विकलांगता पेंशन प्राप्त कर रही महिलाओं को 500 रू. काटकर केवल 5 सौ रूपए ही इस योजना के तहत दिया जा रहा। जिसे पूरे 1000 रू. प्रदान किया जाए तथा पिछले 7 माह के काटे गए 5-5 सौ रुपए के हिसाब 3500 रू. शेष राशि तत्काल पेंशन प्राप्त कर रही महिलाओं के बैंक खाते में डाला जाए। नवविवाहित महिलाओं को भी इस योजना से जोड़ने तत्काल पोर्टल खोला जाए। कई महिलाओं के बैंक खाते में 1-2 किस्त राशि आने के बाद राशि नहीं पहुंच रही है, उक्त विसंगतियों की जांच कर तत्काल निराकरण किया जाए तथा अप्राप्त किस्तों को तत्काल प्रदान किया जाए। उक्त समस्त मांगों को निराकरण तथा महतारी वंदन योजना का फार्म भराने पोर्टल पुनः शुरू नहीं किया गया तो आगामी 23 सितंबर को युवा कांग्रेस द्वा लोहिया चौक महासमुंद में सभा का आयोजन किया जाएगा तथा बाद में महिलाओं के साथ एसडीएम दफ्तर का घेराव किया जाएगा व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# त्याग धर्म कहलाता है पर्यूषण पर्व का आठवां दिन

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पर्यूषण पर्व का आठवां दिन त्याग धर्म कहलाता है। **त्याग धर्म**-शब्द से पता लग जाता है कि इसका मतलब छोड़ना है। त्याग धर्म से अभिप्राय यह है त्याग न सिर्फ अच्छे गुणवान कर्मों में वृद्धि करता है बल्कि बुरे कर्मों का नाश भी करता है। श्री जी के शांति धारा करने का सौभाग्य जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश निश्चल जैन एवं परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम चार कलश से श्री जी के अभिषेक करने का सौभाग्य टीकमगढ़ से आए हुए पंडित मनोज शास्त्री, अर्णव (प्रवीण जैन) सुजल (संदीप जैन) रितेश जैन को प्राप्त हुआ शाम की महा आरती करने का सौभाग्य.. राजकुमारी, प्रवीण रवि जैन आदि, अर्णव जैन को प्राप्त हुआ जैन समाज के उपाध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि उनकी माता जी का जन्मदिन है इस उपलक्ष में उन्होंने यह महा आरती ली। बाहर से आए हुए पंडित मनोज शास्त्री के मंत्रोपचार और धार्मिक गीत के साथ पूरा जैन समाज भक्तिमय आनंद में दिखाई दे



रहा था। बलौदा बाजार जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन व सचिव अमित जैन ने बताया कि जैसे-जैसे हम 10 लक्षण पर्व के समापन की ओर बढ़ रहे हैं भीड़ दुगनी तिगुनी होती जा रही है। शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि त्याग से ही सुख प्राप्त होता है मोह राग द्वेष का व अहंकार का त्याग करने से आत्मा को बल मिलता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जैन समाज के महिला मंडल ने भक्तांबर स्तोत्र पर एक कार्यक्रम रखा यह सबसे प्रसिद्ध जैन प्रार्थना है। 48 दीपों के साथ हुई भक्तांबर स्त्रोत की आराधना जिसमें जैन समाज के हर घर से एक दीपक जलाया गया जैन समाज परंपरा के अनुसार भक्तांबर स्त्रोत पढ़ने मात्र से जीवन में सुख शांति का अनुभव होता है इसका एक-एक छंद हर प्रकार की समस्या रोग, ग्रह कलेश, मानसिक शारीरिक पीड़ा को क्षण भर में दूर करने में समर्थ है जैन समाज में सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाला ग्रंथ है। इसे शुद्ध और सही पढ़ने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# कोलता समाज का नुआखाई मिलन समारोह आज बेलडीह में

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज संभाग रायपुर के कुल कार्यकारिणी सभा का नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन आज ग्राम बेलडीह शाखा सभा गिरना में रखा गया है । सम्मेलन का शुभारंभ प्रातः 10 बजे मां रामचंडी की पूजा अर्चना के साथ किया जायेगा। तत्पश्चात सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थी, कृषक, व्यापारी, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद्, मैकेनिक, चिकित्सक, वादक, गायक, शिक्षक, पुलिस, भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात नुआखाई जुहार भेंट का कार्यक्रम एवं अंत में सामूहिक भोज का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। कुल कार्यकारिणी अध्यक्ष गिरधारी साहू ने अधिक से अधिक संख्या में समाज जनों को भाग लेने की अपील की है।

# एक शिक्षित बालिका ना केवल अपने परिवार को शिक्षित करती है बल्कि समाज मे शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्राम करहीबाजार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। अथितियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में बालिकाओं को शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करना एवं उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता बढ़ाना हमारा कर्तव्य है। इस दिशा में कार्य करते हुए हमने स्कूल तक बेटियों की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2004-2005 में 9वीं कक्षा की छात्राओं के लिए



सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल देने की पहल की, जिसके सकारात्मक परिणाम आज जनता के सामने हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि सरस्वती साइकिल योजना से शिक्षा में राज्य की बेटियों का हौसला बढ़ रहा है। शिक्षा की विकास के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने इस योजना का लाभ हर बेटियां तक पहुंचा रही है। सरकार बेटियों को मिडिल से हाई और हाई से हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा के लिए प्रेरित करने विभिन्न प्रकार के योजना का लगातार विस्तार कर रही है। दूर-दराज से आने वाले छात्राओं के लिए यह सरस्वती साईकिल योजना वरदान की तरह उपयोग आई है। अब शिक्षा प्राप्त करने में स्कूल से घर की दूरी बाधा नहीं बनती. शिवरतन शर्मा ने शिक्षा पर अपने विचार रखते हुए बताया कि बालिकाओं में शिक्षा की जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र की मोदी एवं राज्य की साय सरकार विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित कर रही है, शिवरतन शर्मा ने कहा कि एक शिक्षित बालिका ना केवल अपने परिवार को शिक्षित करती है बल्कि समाज मे शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है. मंचीय कार्यक्रम के बाद करहीबाजार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत लगभग 50 छात्राओ को साइकिल का वितरण किया गया. उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर देवदास, राजेश पटेल, लाला केशरवानी, हीरा पटेल, सियाराम चक्रधारी, अमरनाथ पटेल, लोकराम वर्मा, पुरुषोत्तम निषाद, फिरतु निषाद, तेजराम यादव सहित विद्यालय के शिक्षक, ग्रामवासी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# भव्य गौरी पूजन का आयोजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी रोड स्थित सदर बाजार में ताना जी पवार शिवाजी ज्वेलर्स एवं राजाराम पवार के निवास स्थान पर गौरी पूजा का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आए गौरी प्रतिमा को भव्य श्रृंगार किया गया था गौरी पूजन हेतु विवाहित महिलाएं आज के दिन अपने घर की सुख-समृद्धि और सौभाग्य प्राप्ति के व्रत रखती हैं। यह गौरी पूजन मां गौरा पार्वती से आशीर्वाद पाने के लिए रखा जाता है। मुख्य रूप से गौरी पूजन का पर्व महाराष्ट्र में मनाया जाता है। बलौदा बाजार में बहुत संख्या में महाराष्ट्र से आए हुए महाराष्ट्रीयन परिवार यहां मौजूद है उन्हीं के द्वारा गौरी पूजन का आयोजन किया जाता है गौरी पूजन हर साल गणेश चतुर्थी के चौथें व पांचवें दिन पड़ती है। इस दिन देवी का आवाहन किया जाता है। उनकी प्रतिष्ठा की जाती है। दूसरे दिन मां की मुख्य पूजा होती है और तीसरे दिन देवी की विदाई होती है। ज्येष्ठ गौरी आवाहन हिंदू धर्म में बहुत पूजनीय है, खासकर मराठी महिलाओं के



बीच जो इस त्यौहार को बहुत श्रद्धा से मनाती हैं। गौरी की मूर्ति के आगमन के साथ अनुष्ठान शुरू होते हैं, उसके बाद उपवास और प्रार्थना की जाती है। यह व्रत अनुराधा नक्षत्र के तहत मनाया जाता है। यह त्यौहार वैवाहिक सद्भाव और समृद्धि का प्रतीक है। विवाहित महिलाएँ अपने पति की सलामती के लिए प्रार्थना करती हैं, जबकि अविवाहित महिलाएँ अच्छे जीवनसाथी के लिए आशीर्वाद मांगती हैं। यह त्यौहार तीन दिनों तक चलता है, जिसकी शुरुआत गौरी की मूर्ति को घर में लाने से होती है, उसके बाद दूसरे दिन मुख्य पूजा होती है और तीसरे दिन मूर्ति के विसर्जन के साथ इसका समापन होता है। माता के माथे पर हल्दी-कुमकुम और अक्षत लगाते है। ज्येष्ठ गौरी के दिन माता गौरी की प्रतिमा शुभ मुहूर्त में स्थापना की जाती है। दूसरे दिन नैवेद्य को 16 सब्जियां, 16 सलाद, 16 चटनी, 16 व्यंजन माता गौरी को चढ़ाए जाते हैं। इसके बाद 16 दीपक के साथ मां की आरती करने की मान्यता है। भजन एवं कीर्तन किया गया उसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया आरती में नीतू साहू रूपा साहू रानू महेश्वरी स्वाति पवार कल्पना पवार साधना पवार बड़ी संख्या में महिलाएं सम्मिलित हुई।

# तिल्दा-नेवरा में छत्तीसगढ़ की लाडली आरू साहू ने बांधा समां



पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

गणेशोत्सव के पावन? पर्व पर तिल्दा-नेवरा नगर में लाल बाग के गुफा में लाल बाग के राजा श्री गणेश का दर्शन करने भक्तों की भीड़ लगी हुई है , रोजाना हजारों की संख्या में भक्तगण दर्शन लाभ ले रहे हैं ।लाल बाग के मनोरम झांकी मे जहां हनुमान जी मुख्य द्वार पर पहरा दे रहे हैं, वहीं गुफा के अंदर कहीं भगवान श्री गणेश झुला झुल रहे हैं ,तो कहीं बप्पा को भगवान शंकर झुला झुला रहे हैं ,तो वहीं लाल बाग के राजा का दर्शन लाभ लेने के पश्चात बप्पा अपने हाथों से भक्तो? को? प्रसाद वितरण कर रहे हैं । इस मनोरम दृष्य ने भक्तो का मन मोह लिया है । विकास मित्र मंडल के द्वारा छत्तीसगढ़ में पहली बार अद्भुत गुफा का निर्माण किया गया है जहां पर लाल बाग के राजा श्री गणेश विराजमान हैं । अनवरत ग्यारह वर्षो से विंकास मित्र मंडल के अध्यक्ष व नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी के नेतृत्व में भगवान श्री गणेशोत्सव पर्व बड़े धुम धाम से मनाया जा रहा है। बीते रात्रि शनिवार को चौदह वर्षीय छत्तीसगढ़ की लाडली सुप्रसिद्ध गायिका आरू साहू ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समां बांधा ।भक्ति गीत से सरोबार हजारों की संख्या में भक्तगण आरू साहू के सुमधुर गीतों से पैर थिरकाने में मजबुर हो गये ।खचाखच भक्तों की संख्या से भरी मंच पर छत्तीसगढ़ की लाडली आरू साहू ने पुरा वातावरण को भक्तिमय कर दिया ।

# सिमगा को नगर पालिका बनाने की अधिसूचना जारी

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सिंमगा-भाटापारा विधानसभा के नगर पंचायत सिंमगा को नगर पालिका बनाने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना जारी होने की सूचना से सिंमगा में उत्साह का माहौल है। क्षेत्रवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रति आभार जाता रहे हैं। विदित हो कि सरकार बनने के बाद से लगातार शिवरतन शर्मा से लोगो ने संपर्क कर सिंमगा को नगर पालिका बनने की मांग कर रहे थे जिसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री से व्यक्तिगत आग्रह करते हुए पत्र दिया था जिसे स्वीकार कर अधिसूचना जारी करते हुए सिंमगा नगर पंचायत को नगरपालिका का दर्जा दे दिया गया है। उक्त स्वीकृति के लिए धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी, सचिन जैन, नीरज शर्मा, छोटू यादव आदि नगर के गणमान्य जनो ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव और शिवरतन शर्मा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# जिले में छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा संपन्न

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा जिले में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने शासकीय हाई स्कूल मालगांव और आईटीआई गरियाबंद परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर परीक्षा संचालन का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सभी परीक्षा केंद्रों में सुचारू रूप से परीक्षा संचालित किया जा रहा था। इस अवसर पर परीक्षा के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा भी मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं व्यापम द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार सुनिश्चित की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सभी केंद्रों में अच्छे से परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। इस दौरान समन्वयक एवं शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद के प्राचार्य डॉ आर के तलवरे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 11 हजार 7 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 6 हजार 682 परीक्षार्थियों ने जिले के 43 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा दिलाई। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के बैठने की सुचारू व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्था की गई थी।

# युवक के आत्महत्या मामले के दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही को लेकर विधायक पुलिस अधीक्षक से मिले



पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र मे लगातार बढ़ते अपराध की रोकथाम, ज्वेलर्स से लूट के आरोपी को पकड़ने सहित 2 दिन पूर्व सूरजपुरा में युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता गण और मृतक युवक के परिजन साथ थे। क्षेत्र में लगातार छोटे बड़े अपराधो के घटने से भयभीत क्षेत्रवासियो की जान,माल की सुरक्षा को लेकर क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात की और अंचल में लगातार हो रही अवैध शराब बिक्री, जुआ सट्टा पर रोकथाम लगाने की मांग की। विधायक साव ने गत सप्ताह भाटापारा के ज्वेलर्स के साथ भाटापारा नांदघाट मार्ग पर हुई लूट के आरोपियों के भी अब तक पकड़ ना आने पर चिंता जाहिर करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस अधीक्षक अग्रवाल से पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर ग्राम सुमा के युवक लुकेश्वर जायसवाल द्वारा सुरजपुरा में की गई आत्महत्या मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी पुलिस कर्मीयो के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए उनके विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की मांग की है। विदित हो की 2 दिन पूर्व पुलिस अभिरक्षा में रहे सूमा के युवक का शव सूरजपुरा के खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला था,जिसको लेकर परिजन सहित ग्रामीणों ने गहरी नाराजगी जताते हुए शव को उठाने से इंकार करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। विधायक इंद्र साव की मांग पर यथोचित और शीघ्र कार्यवाही का भरोसा पुलिस अधीक्षक ने दिया है। इस अवसर पर जायसवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र जायसवाल कांग्रेस नेता कुबेर यदु, शैली भाटिया, दिवाकर मिश्रा, भरत वर्मा, जित्तू शर्मा, नंदू साहू, दशरथ जायसवाल, मुरली मनोहर शर्मा सहित ग्राम सुमा के सरपंच प्रतिनिधि गिरधारी जायसवाल, मनहरण द्विवेदी, पवन तिवारी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# नदी-तालाब में अस्थाई कुंड बनाकर करना होगा मूर्ति विसर्जन



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आगामी गणेशोत्सव एवं दुर्गोत्सव पर मूर्ति विसर्जन केवल अस्थाई कुंड में करना होगा। जल स्त्रोतों को प्रदुषण से बचाने के लिए मूर्ति विसर्जन के सम्बन्ध में केंद्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गाइडलाईन जारी की गई है और इसका कड़ाई से पालन के निर्देश दिए गए हैं। जारी गईडलाइन के अनुसार नदी या तालाब में विसर्जन के लिए अस्थाई कुंड बनाकर मूर्ति विसर्जन किया जाए। पूजा सामग्री जैसे फल-फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक की बनी सजावटी सामान मूर्ति से अलग कर उसका उचित अपवहन किया जाना है। वेस्ट मटेरियल को एकत्रित कर पुर्नउपयोग किया जाना है। वेस्ट मटेरियल को जलाना प्रतिबंधित है। विसर्जन स्थल पर पर्याप्त घेराबंदी व सुरक्षा की व्यवस्था हो।मूर्तियां केवल प्राकृतिक, जैव अपघटनीय, इको फ्रेंडली, कच्चे सामग्री से बनाई जाए।

# कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक परीक्षा का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक श्रेणी 'द' परीक्षा क़ा निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बलौदाबाजार स्थित परीक्षा केंद्र पण्डित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय एमडीवी क़ा निरीक्षण किया। उन्होंने केद्राध्यक्ष,ऑब्जर्वर एवं



वीक्षकों को सतर्कता एवं सावधानी पूर्वक परीक्षा संचालन के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने उपस्थित और अनुपस्थित अभर्थियों की जानकारी ली। पण्डित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी विद्यालय में 257 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 143 अनुपस्थित एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय एमडीवी में 138 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 62 अनुपस्थित थे। परीक्षा क़ा आयोजन प्रथम पाली में अपरान्ह 12 बजे से अपरान्ह 2:15 बजे तक किया गया। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा रविवार को आयोजित छात्रवास अधीक्षक श्रेणी 'द' परीक्षा के लिए जिले में कुल 59 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। परीक्षा के लिए कुल 16508अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था जिसमें से 9918 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए एवं 6590 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर, तहसीलदार राजू पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2024 का हुआ समापन

## सफलता पाने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए : सांसद बघेल

■ पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी है महत्व : विधायक यादव



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2024 का आज भिलाई विद्यालय प्रांगण सेक्टर-2 में समापन हुआ। समापन समारोह में राज्य से विभिन्न संभागों के प्रतिभागी खिलाड़ियों ने बैण्ड की धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट किया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने आयोजन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य के संभागों बस्तर, रायपुर, सरगुजा, बिलासपुर व दुर्ग से विभिन्न खेलों में शामिल प्रतिभागी खिलाड़ी बच्चों का खेल प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। सफ्लता पाने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी राज्य के साथ पुरे देश का नाम रौशन करेंगे। मुख्य अतिथि बघेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने लगातार कदम उठाये जा रहे हैं। जिससे खिलाड़ियों और खेल के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभागी सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के समापन पर उन्होंने खेल ध्वज अवतरण कर खेल प्रभारी को सौंपा और अपने करकमलों से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया। दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागी बच्चों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया है। सभी खेल में प्रदर्शन के बदौलत देश में अपना पहचान स्थापित करें। 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 सितम्बर 2024 तक दुर्ग-भिलाई में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में योगा 14, 17 व 19 बालक-बालिका, बाक्सिंग 14, 17 व 19 बालक-बालिका, टेबल टेनिस 19 बालक-बालिका, जुडो 14, 17 व 19 बालक-बालिका, लॉन टेनिस 14,17 व 19 बालक-बालिका और साइकिलिंग (ट्रेक) 14, 17 व 19 बालक-बालिका खेलों का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कुल 5 संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के कुल 980 स्कूली बच्चे भाग लिये। इस प्रतियोगिता में बाक्सिंग बालक 14 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम , द्वितीय बिलासपुर संभाग, तृतीय रायपुर संभाग। बाक्सिंग बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, बिलासपुर से द्वितीय, रायपुर से तृतीय। बाक्सिंग बालक 19 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, बिलासपुर से द्वितीय, बस्तर से तृतीय। योगा बालक 14 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। योगा बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। योगा बालक 19 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। योगा बालिका 14 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय बिलासपुर से तृतीय। योगा बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, सरगुजा से तृतीय। योगा बालिका 19 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालक 14 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, रायपुर से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालक 19 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालिका 14 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, रायपुर से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर से तृतीय। लॉन टेनिस बालिका 19 वर्ष के प्रतिभागी रायपुर संभाग से प्रथम, बिलासपुर से द्वितीय, दुर्ग से तृतीय। जूडो बालक 14 वर्ष के प्रतिभागी दुर्ग संभाग से प्रथम, रायपुर से द्वितीय, बस्तर से तृतीय।

# राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता 2024 में बेलबहरा अव्वल

## नित नए मुकाम हासिल कर रहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा



पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के छात्र कमलेश कुमार ने राज्य स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 24 में शालेय राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 10 सितंबर को दुर्ग-भिलाई में किया गया जिसमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के कक्षा नवमी के छात्र कमलेश कुमार पिता जय लाल ने स्कूल खेल 2024 -25 जोन योग में अंडर 17 सरगुजा से कलात्मक इवेंट में भाग लिया एवं राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया. आयोजन समिति द्वारा कमलेश कुमार को मेडल एवं प्रमाण पत्र दिया गया जिससे विद्यालय में खुशी की लहर फैल गई। संस्था के प्राचार्य बलराज पाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल से आने वाले छात्रों में कूट-कूट कर प्रतिभा भरी हुई है बस उनको निखारने के लिए उस नजरिये की आवश्यकता है.कमलेश कुमार पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी कुशल है। मैं उसके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

प्राचार्य बलराज पाल एवं व्याख्याता सुनीता मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में प्रत्येक शनिवार को विद्यालय परिसर में योगाचार्य विवेक कुमार तिवारी के द्वारा योग सिखाया जाता है। तिवारी ने बताया कि छात्रों को पूर्ण चक्रासन, पूर्ण धनु आसान, गर्वासन, वृक्षासन, ताड़ासन आदि सिखाया जाता है जिसमें छात्र एवं छात्राएं बड़ी संख्या में रुचि पूर्वक योग आसन सीखते हैं। योग सीखने से शरीर के साथ-साथ ही मानसिक बुद्धि भी तीव्र होती है, जिससे ध्यान केंद्रित होता है और पठन-पाठन में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती। बुद्धि दक्ष होती है. तिवारी ने बताया कि जापान में होने वाले ओलंपिक 2026 में योग को भी सम्मिलित किया गया है। इस खुशनुमा माहौल में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी नित्यानंद द्विवेदी एवं सभी शिक्षकों ने कमलेश कुमार की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन के विरूद्ध भिलाई-चरौदा निगम स्वास्थ्य विभाग की लगातार कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से प्राप्त निर्देशानुसार भिलाई-चरौदा निगम स्वास्थ्य सफाई विभाग प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालो पर नजर बनाये हुए है। जिस भी दुकान संचालक एवं फल-सब्जी विक्रेता के पास शासन द्वारा प्रतिबंधित पॉलिथीन पाया गया उस पर चालानी कार्यवाही करने के साथ पॉलीथिन जब्ती करने की कार्यवाही की जा रही है। निगम कमिश्नर डी एस राजपूत के निर्देश पर स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ शहर के कई स्थानों पर औचक निरीक्षण कर प्लास्टिक कैरी बैग जप्त किये गये। यहां ये बेहद जरूरी है कि प्लास्टिक पॉलीथिन से होने वाले नुकसान और इसके दुष्प्रभाव की जानकारी सभी को हो। अगर कोई जानवर किसी खाद्य पदार्थ को प्लास्टिक के साथ खाये तो उसकी मृत्यु हो सकती है। जिससे ये स्पष्ट है कि पॉलीथिन एक बार उपयोग कर फेक दिये जाने पर घातक और प्राणलेवा साबित हो सकता है। जमीन में दबे होने पर भी यह नष्ट नहीं होता और अपनी यथास्थिति को बनाए रखता है। इस कारण इसके उपयोग को शासन प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित करने की कार्यवाही की गयी है। भिलाई-चरौदा निगम प्रशासन द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन एवं सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग ना करने की अपील की गयी है।

# प्रतिमा विसर्जन स्थल पर वेस्ट मटेरियल जलाना प्रतिबंध, पूजन सामाग्री केवल कुण्ड में होगा विसर्जन

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



नेवई डेम और हिन्द नगर तालाब के किनारे किसी तरह का वेस्ट जलाने पर प्रतिबंध किया गया है। उक्त निर्देश निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने दिए है। किसी तरह के वेस्ट जलाए जाने पर निगम अधिकारी जुर्माना वसूल करेंगे। सोमवार से गणेश प्रतिमा विसर्जन और मंगलवार से भगवान विश्वकर्मा प्रतिमा का विसर्जन शुरू हो जाएगा। निगम क्षेत्र में स्थापित प्रतिमा के विसर्जन के लिए हिंद नगर तालाब और नेवई डेम चिन्हित किया गया है। दोनो जगहों में विसर्जन कुंड बनाया गया है। नागरिकों और समितियों के पदाधिकारियों से निवेदन किया गया है कि वे विसर्जन कुंड में ही पूजा सामाग्री विसर्जित करे। किसी तरह के सामाग्री या वेस्ट को डेम या तालाब तट पर न जलाए। आयुक्त ने विसर्जन कुंड से लगातार वेस्ट को निकालकर फुल, पत्ते या अन्य सामाग्री की छटाई कर एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचाने के निर्देश दिए है। इसके लिए आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते कहा है कि विसर्जन स्थल पर घेराबंदी करे। विसर्जन उपरांत अवशेष को भी बाहर निकालने कार्य भी करे। दी जिम्मेदारी-आयुक्त मोनिका वर्मा ने विसर्जन स्थल पर प्रकाश व पंडाल व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रभारी अभियंता गोपाल सिन्हा को दी है। वहीं यातायात व्यवस्था और भीड़ भाड़ नियंत्रण करने राजस्व विभाग के प्रभारी संजय वर्मा को अधिकृत किया गया। विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान सड़क पर मवेशी न हो इसके लिए विनोद शुक्ला को प्रभारी बनाया गया है। विसर्जन कुंड की समय-समय पर सफाई और अवशेष निकालने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार को अधिकृत किया गया है।

# सलाहकार समिति की बैठक चंद्रशेखर गंवई की अध्यक्षता में की गई आहूत

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन विभाग से संबंधित कार्यो की समीक्षा हेतु सलाहकार समिति की बैठक बुलाई गई। इस दौरान प्रभारी सदस्य एवं समिति के सदस्यो की उपस्थिति में राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन से संचालित हो रही योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। निगम क्षेत्र अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कैसे एक्टिव किया जाए, उन्हे कैसे रोजगारमुखी बनाया जाए एवं उनकी आर्थिक स्थिति में कैसे सुधार किया जाए, जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस योजना से समूह की महिलाओ को कैसे अपना रोजगार बढ़ाए, जिससे उनके आय में भी वृद्धि हो इसे समझाया गया। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में इन जगहो पर संचालित हो रहा है बर्तन बैंक। जिसमे प्रमुख रूप से माडल टाउन जोन 01 भिलाई में राजेश्वरी क्षेत्र स्तरीय समिति, हाउसिंग बोर्ड कोहका में राजा राममोहन राय क्षेत्र स्तरीय समिति, सुपेला बाजार में दीपज्योति क्षेत्र स्तरीय समिति, हाउसिंग बोर्ड जोन 02 भिलाई में अनुपमा क्षेत्र स्तरीय समिति, शारदा पारा जोन 03 भिलाई में आशा किरण क्षेत्र स्तरीय समिति, सेक्टर 02 जोन 03 भिलाई में सत्यम शिवम स्व सहायता समूह, खुर्सीपार जोन 04 भिलाई में लाल बहादुर शास्त्री, धरणी, आजीविका मिशन, भूईया क्षेत्र स्तरीय समिति, छावना जोन 04 भिलाई में भगत सिंग क्षेत्र स्तरीय समिति एवं सेक्टर 06 जोन 05 भिलाई में वंदे मातरम क्षेत्र स्तरीय समिति।

# कुनकुरी में जागव वोटर जाबो कार्यक्रम की हुई शुरूआत

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन कुनकुरी के द्वारा जागव-वोटर " जाबो" कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2024- 25 संपन्न कराए जाने हेतु फोटो युक्त निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया जाना है निर्वाचन नामावली शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाने इसके लिए नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है आयोग द्वारा फोटो युक्त निर्वाचन नामावली को तैयार करने एवं मतदान प्रक्रिया को सरल संपन्न करने के उद्देश्य से प्रचार प्रसार अभियान की योजना बनाई गई है उक्त निर्देशों का पालन करते हुए कलेक्टर डॉ रवि मित्तल एवं नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार सी ई ओ जशपुर के निर्देश के अनुसार नगर पंचायत कुनकुरी के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान जागव -वोटर ÷ जाबो÷ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर पालिका आम निर्वाचन में जाबो कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया जा रहा है मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि नागरिकों को वोट अवश्य डालना चाहिए वोट करें गर्व करें नगर के विभिन्न वार्डों में नगर पंचायत के कर्मियों द्वारा जाबो वोटर जाबो का कार्यक्रम किया जा रहा है यह प्रचार प्रसार नियमित रूप से किया जाएगा नगर पंचायत कुनकुरी द्वारा नागरिकों से अपील किया गया है कि अपने बीएलओ से संपर्क कर नए मतदाताओं को जोड़ने एवं नाम हटाने की कार्यवाही किया जा सकता है नगर की सरकार चुनने हेतु सभी नागरिकों को मतदान किये जाने की अपील की जा रही है उक्त प्रचार प्रसार में नगर पंचायत की सभी टीम के लोगो द्वरा वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# अवैध कब्जा कर महुआ पेंडो को क्षति पहुंचाने एवं टेंच लाइन के अन्दर खेत बनाने की शिकायत की

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com







जनकपुर वन परिक्षेत्राधिकारी को एक ज्ञापन सौपते हुये ग्रामीण ने वन विभाग की कुवारी बीट में अवैध कब्जा कर महुआ पेंडो को क्षति पहुंचाने एवं टेंच लाइन के अन्दर खेत बनाने की शिकायत की है. ग्रामीणों ने यही भी आरोप लगाया है कि वन विभाग के तरफ से अतिक्रमण की खुली छूट दे दी गई है. ग्राम पंचायत हर्रई व ग्राम पंचायत सिंगरौली के सरपंच व ग्रामीणों ने बताया कि जंगल की जमीन में अवैध कब्जा किया जा रहा है और विभाग चुप्पी साधे हुये है। जिसे अतिक्रमण कारी हम गामीणों के महुआ पेड़ को क्षति पहुंचा रहे है। जो थोड़ा बहुत जंगल बचा हुआ है उसे भी कुछ लोग पूरा समाप्त कर रहे हैं.टंच लाइन के अन्दर जबरन कब्जा कर रहे हैं।ग्रामीणों के मना करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं.और कहते हैं जिसकी जमीन है उसको पैसा देकर खरीद लिये हैं तुमको जहाँ जाना हो जाओ हमारा कुछ नहीं बिगाड सकते हो. ग्रामीणों ने कहा है कि अगर इस मामले में कार्यवाही नहीं की गई एक हप्ते में तो हम गमीण जनता उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे.अतः वन विभाग की भूमि पर अबैध कब्जा रोका जाय और महुआ पेड़ जो ग्रामीणों की जीविको पार्जन का साधन है उसे बचाया जाय.

# जिला स्तरीय मूलभूत एवं संख्यात्मक विकास परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर जिला स्तरीय मूलभूत एवं संख्यात्मक विकास परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग द्वारा निर्धारित विभिन्न छह एजेंडों पर चर्चा उपरान्त जिले में एफ एलएन पर वास्तविक प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर चौधरी ने अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के चिन्हांकित महिलाओं के साथ युवोदय के स्वयं सेवकों को जोड़ने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ-साथ ड्रॉप आउट को कम करने में मदद मिलेगी। शत् प्रतिशत् विद्यार्थी वाले विद्यालयों को विनोबा एप के माध्यम से सम्मानित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट माताओं की मदद से विद्यालयों में कहानी लेखन को बढ़ावा दिये जाने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने कहा कि अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शिता में विद्यार्थियों की ट्रेकिंग की जानकारी प्रति सप्ताह सीएसी द्वारा प्राप्त कर इसकी समीक्षा की जाए। इसी प्रकार एफएलएन पर वास्तविक प्रगति की संख्यामक जानकारी जून-जुलाई एवं अगस्त माह का प्रस्तुत किया जाए। विद्यार्थियों में प्रिंट रिच वातावरण की वास्तविक रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए। नगर निगम की मदद से विद्यालयों में पुस्तकालय स्थापना की पहल हो। कलेक्टर ने कहा कि संकुल अकादमी समवन्यक कक्षा अवलोकन कर वास्तविक स्थिति की समीक्षा करें। उन्होंने विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों के माध्यम से सीडब्ल्यूएसएन बच्चों का चिन्हांकन शीघ्र करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, आयुक्त नगर निगम दुर्ग लोकेश चन्द्रकार, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग हेमंत कुमार सिन्हा, महिला एवं बाल विकस विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सहायक संचालक शिक्षा सीमा नायक, डाइट के प्राचार्या मती मधुलिका तिवारी, जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डेय, सहायक कार्यक्रम समन्वयक विवेक शर्मा, मिलिंद चन्द्रा, अर्शिया इकबाल, रामरतन मीणा, रीता अग्रवाल एवं युवोदय के शशांक शर्मा उपस्थित थे।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए तालाब निर्धारित, वहीं पर विसर्जन करें : आयुक्त

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा मूर्ति विसर्जन हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया है। शासन के आदेश का पालन करते हुए नगर निगम भिलाई में सभी जोन क्षेत्र के तालाबो में मूर्ति विसर्जन के लिए अस्थाई पॉड का निर्माण किया गया है। ऐसे श्रद्वालु जो अपने चिन्हित क्षेत्र में भगवान की पदस्थापना किये है, वे निगम क्षेत्र के तालाबो में बनाये गए अस्थाई पॉड में ही मूर्ति विसर्जित करे। मूर्ति विसर्जन से जल स्त्रोतो की गुणवत्ता प्रभावित होती है। जिसके कारण जलीय जीव-जन्तुओ के जान को खतरा होता है, जिससे जल प्रदुषित होता है। केन्द्रीय प्रदुषण बोर्ड द्वारा जारी आदेशानुसार मूर्ति विसर्जन क्षेत्र के चिन्हित तालाबो में बनाए गए पॉड पर ही विसर्जन करें। जिससे जल प्रदुषण को रोका जा सके और जलीय जीव जन्तुओ को भी बचाया जा सके। प्रायः यह देखा जाता है कि श्रद्वालुओ द्वारा मूर्ति विसर्जन के दौरान स्वयं पानी के गहराई में चले जाते है जिससे उनके जान को खतरा बना रहता है। इस हेतु निगम के वार्ड सुपरवाईजरो की डयूटी लगाई गई है। ताकि मूर्ति विसर्जन के दौरान श्रद्वालुओ को किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इसी तारतम्य में मूर्ति विसर्जन हेतु निगम भिलाई के इन स्थानो में पॉड बनाया गया है जहां श्रद्वालु मूर्ति ले जाकर विसर्जन कर सकते है। प्रमुख स्थान जोन-01 के वार्ड 01 खम्हरिया आमाबंध तालाब, खम्हरिया, शीतला तालाब, जुनवानी शीतला तालाब, वार्ड 07 राधिका नगर आमा तालाब, वार्ड 11 फरीद नगर लिम्हा तालाब, वार्ड 13 आर्यनगर शीतला तालाब। जोन-02 के वार्ड 16 शीतला तालाब सुपेला, वार्ड 22 कुरूद नकटा तालाब, शीतला तालाब, वार्ड 26 रामनगर मुक्तिधाम तालाब जोन-03 के केम्प 02 तालाब। जोन-04 वार्ड 40 छावनी दर्री तालाब।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 31 हितग्राहियों ने ऋण लोन के लिए जमा किया कागजात

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत हितग्राहियो के लिए आज लोन मेला का आयोजन किया गया था। हितग्राहियों ने डाटा सेंटर पहुँचकर बैंक का नाम आईआई एफएल होम लोन भिलाई, आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड, आवास फाइनेंस दुर्ग, स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड दुर्ग-भिलाई से 50 लोगो ने ऋण के संबंध में बैंको से जानकारी ली एवं 31 हितग्राहियों ने अपने दस्तावेज जमा कराए ऋण लेने के लिए बैंक को दस्तावेज देकर लोन के लिए अप्लाई किया गया।नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास शाखा से पोटियाकला के हितग्राहियों द्वारा पहले 10% की राशि जमा की गई है और बाकी राशि जमा करने के लिए द्वितीय सूचना पत्र जिसमे 15 दिवस के अंदर सम्पूर्ण राशि जमा करने कहा गया है, अभी तक 80 हितग्राहियों ने बैंक एवम अन्य माध्यम से राशि जमा करने का कार्यवाही की है शेष बचे हितग्राहियों राशि जमा नहीं करने की स्थिति में आवास का आबंटन निरस्त कर दिया जायेगी। ऐसे हितग्राही किरायेदार के रूप में निवासरत, बेघर परिवारो को आवास प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। हितग्राहियो द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा उपरांत लॉटरी में भाग लेकर मकान अपने नाम आबंटित कराया गया है। आबंटन की शेष 90 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य है। ततपश्चात मकान का अधिपत्य पत्र सौंपा जाता है। अधिकांश हितग्राही आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण शेष 90 प्रतिशत राशि जमा नही कर पाते ऐसे हितग्राहियो के लिए लोन मेला लगाया जा रहा है। जिसके माध्यम से आबंटित आवास का कुल राशि जमा करके मकान प्राप्त कर सकेगें।हितग्राही को बैंक से लोन प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज- आबंटन पत्र की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पास बुक की छायाप्रति, शपथ पत्र, 6 माह का बैंक स्टेटमेंट, वेतन प्रमाण पत्र, 3 पासपोर्ट साईज फोटो, किरायानामा, जमा की गई राशि की रसीद की छायाप्रति आबंटिती अपनी सुविधा अनुसार बैंक से लोन प्राप्त कर आवास प्राप्त कर सकते है।

# राजस्व प्रक्रण में तेजी लाने एक दिवसीय कार्यशाला अयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला कार्यालय जशपुर में शनिवार को अपर कलेक्ट प्रदीप साहू एवं प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख ऋतुराज सिंह बिसेन की अध्यक्षता में सर्व पीठासीन एवं जिला के सभी वाचक की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें अपर कलेक्टर द्वारा नामांतरण बटवारा सीमांकन त्रुटि सुधार नक्शा बटाकन स्वामित्व योजना असर्वेक्षित ग्राम आदि पर समय सीमा पर कार्य पूर्ण करने तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान के बारे में चर्चा की गई। प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख द्वारा राजस्व न्यायालय के संबंधित सभी प्रकारों के प्रकरण एवं उनकी गुणवत्ता बढ़ाने तथा समय सीमा में उनका पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया गया तथा फील्ड में आ रही सभी प्रकार के समस्या एवं व्यवधानों का निराकरण करने के लिए उचित मार्ग पर जानकारी दी गई बताया गया की सभी प्रकरण समय सीमा पर निर्धारित समय सीमा पर पूर्ण करें एवं उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने ई कोर्ट में छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान गंभीरता से करने के निर्देश दिए गए।



# पिंक साड़ी में गजब का कहर ढा रहीं जाह्नवी कपूर, कातिलअदाओं ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा

**बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर साझा करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अदाओं में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।**

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपनी कुछ बेहद ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफ करते नजर आ रहे हैं।

जाह्नवी कपूर जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- टू मच प्रीटी। बता दें कि जाह्नवी कपूर जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक स्टाइल फैंस के बीच ट्रेंड करता है। ये ही नहीं उनका हर एक अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।

जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# हिंदी फिल्मों में फिर से अभिनय करना चाहती है कृति शेट्टी, तलाश रहीं बेहतरीन मौका

ऋतिक रोशन स्टारर फिल्म सुपर 30 की हीरोइन कृति शेट्टी ने बॉलीवुड फिल्मों को लेकर अपना ओपिनियन साझा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि वह और अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वह इस भाषा से सहज हैं।

मुंबई में जन्मी और पली-बढ़ी एक्ट्रेस ने 2019 की हिंदी फिल्म में एक अनाम किरदार निभाया था। दो साल बाद, उन्होंने तेलुगू फिल्म उप्पेना के साथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा। उसके बाद से उन्होंने तमिल फिल्मों द वॉरियर और कस्टडी में अभिनय किया है। वह फिलहाल अपनी डेब्यू मलयालम फिल्म एआरएम की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, जिसमें टोविनो थॉमस मुख्य भूमिका में हैं। कृति शेट्टी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह (सुपर 30) कोई भूमिका थी, मैं बस वहां भीड़ में था। मेरा जन्म और पालन-पोषण मुंबई में हुआ, इसलिए हिंदी मेरे लिए सबसे सहज भाषा है। तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाएं कुछ ऐसी हैं जो मुझे उन फिल्मों में काम करने के दौरान नहीं आती थीं। इसलिए, हिंदी ऑर्गेनिक होगी। परफॉर्मेंस के लिहाज से यह एक मजेदार अनुभव होगा। इसलिए, मैं एक्साइटेड हूं और इसके (हिंदी फिल्मों के) लिए तैयार हूं।

एआरएम एक पेन इंडिया फैंटसी ड्रामा है, जो 12 सितंबर को मलयालम, हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में बड़े पर्दे पर आएगी। मलयालम भाषा की फिल्म में काम करना शेट्टी के लिए एक गर्मजोशी भरा और प्रेरणादायक अनुभव था।

कृति ने कहा, मलयालम सिनेमा में, परफॉर्मेंस के मामले में सब कुछ रॉ, ऑथेंटिक और ऑर्गेनिक होना है। मैं थोड़ा नर्वस थी क्योंकि मैं यह पहली बार कर रही थी। मुझे अच्छा मार्गदर्शन मिला। एक चीज जो मैं हमेशा एक एक्टर के रूप में बनना चाहती थी, मैं रॉ, ऑथेंटिक और छोटा होना चाहती थी, लेकिन हर जगह आपको ऐसा करने के लिए जगह मिलती है। इसलिए, यहां (एआरएम) मेरे पास सही जगह थी। एआरएम का निर्देशन पहली बार फिल्म निर्माता जितिन लाल ने किया है और सुजीत नांबियार ने लिखा है।



# रेड 2 की रिलीज डेट का एलान, मेकर्स ने अजय देवगन के साथ बाकी स्टार कास्ट के नाम से उठाया पर्दा





अजय देवगन की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा हुआ है। रेड 2 के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान किया है। रेड के सीक्वल में अजय देवगन एक नए दुश्मन से भिड़ते हुए नजर आएंगे। मेकर्स ने रेड 2 की रिलीज के साथ फिल्म के स्टार कास्ट का भी खुलासा किया है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर रेड 2 के बारे में अपडेट साझा किया है। तरण आदर्श के अनुसार, अजय देवगन, रितेश देशमुख, वाणी कपूर स्टारर रेड 2 की रिलीज डेट तय हो गई है। रेड 2, जिसमें अजय देवगन आईआरएस अधिकारी अमेय पटनायक की भूमिका में हैं। यह फिल्म अगले साल 21 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।

फिल्म का निर्देशन राजकुमार गुप्ता ने किया है। रितेश देशमुख ने खलनायक की भूमिका निभाई है। फिल्म में वाणी कपूर और रजत कपूर भी हैं। फिल्म को दिल्ली और लखनऊ में बड़े पैमाने पर फिल्माया गया है। फिल्म भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित किया गया है।

जैसे ही फिल्म की रिलीज डेट के बारे में अपडेट सामने आई, फैंस ने अपनी प्रतिक्रिया दी। एक फैन ने लिखा, एक विलेन और मरजावां के बाद रितेश देशमुख फिर से विलेन की भूमिका में। एक अन्य ने लिखा, इतना लेट।

# श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 नहीं थकने वाली, 27वें दिन भी की करोडों में कमाई, जवान को मात देने से बस इतनी है दूर



राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की 'स्त्री 2' ने सिनेमाघरों में धूम मचाई हुई है। ये फिल्म 15 अगस्त को रिलीज हुई थी तब से ये बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है और हर दिन करोड़ों में कमाई कर रही है। ये फिल्म अब तक एनिमल, पठान, गदर 2 जैसी तमाम बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ चुकी है और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी हिंदी फिल्म बन चुकी है। चलिए यहां जानते हैं 'स्त्री 2' ने रिलीज के चौथे मंगलवार यानी 27वें दिन कितनी कमाई की है?

साल 2018 की सीक्वल 'स्त्री' ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीदों से कई गुना ज्यादा शानदार परफॉर्म किया है। रिलीज के पहले दिन से लेकर अब तक 'स्त्री 2' को सिनेमाघरों में खूब दर्शक मिल रहे हैं। खासतौर पर वीकेंड पर फिल्म को देखने के लिए ऑडियंस की भीड़ थिएटर्स में उमड़ पड़ती है। इसी के साथ 'स्त्री 2' करोड़ों में कारोबार कर रही है। साल 2024 की सबसे बड़ी हिट फिल्म बन चुकी 'स्त्री 2' चौथे हफ्ते में भी बमफाड़ कमाई कर रही है और नए बेंचमार्क भी सेट करती जा रही है।

फिल्म की कमाई की बात करें तो ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श द्वारा शेयर किए दए आंकड़ों के मुताबिक 'स्त्री 2' ने पहले हफ्ते में 307.80 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 145.80 करोड़, तीसरे वीक में फिल्म ने 72.83 करोड़ की कमाई की। वहीं चौथे शुक्रवार फिल्म ने 4.84 करोड़, चौथे शनिवार 8.77 करोड़ और चौथे रविवार 11.40 करोड़ और चौथे मंडे 3.60 करोड़ का कलेक्शन किया। इसी के साथ 'स्त्री 2' के 26 दिनों की कुल कमाई 555.04 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं अब फिल्म की रिलीज के चौथे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं।

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'स्त्री 2' ने रिलीज के 27वें दिन यानी चौथे मंगलवार को 3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ 'स्त्री 2' की 27 दिनों की कुल कमाई अब 558.04 करोड़ रुपये हो गई है।

'स्त्री 2' की कमाई में हर दिन इजाफा होता जा रहा है। ये फिल्म सबसे बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने की ओर बढ़ रही है। दरअसल जिस तरह फिल्म चौथे हफ्ते में भी करोड़ो में कमाई कर रही है।

# थलापति विजय की गोट कर रही धुआंधार कमाई, 200 करोड़ क्लब में एंट्री करने की ओर बढ़ रही फिल्म

थलापति विजय की फिल्म 'गोट' या 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का रिलीज से पहले ही काफी बज बना हुआ था जिसके चलते इस एक्शन थ्रिलर की जबरदस्त एडवांस बुकिंग हुई थी। वहीं रिलीज के बाद फिल्म को पहले दिन सिनेमाघरों में दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल और इसने बंपर कमाई की। वहीं अपने ओपनिंग वीकेंड पर भी 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का कलेक्शन शानदार रहा। चलिए यहां जानते हैं 'गोट' ने रिलीज के छठे दिन यानी मंगलवार को कितनी कमाई की है?

थलापति विजय की 'गोट' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है। हालांकि फिल्म को रिलीज के बाद क्रिटिक्स से मिले जुले रिव्यू मिले थे। हालांकि इन रिएक्शन का सिनेमाघरों में फिल्म की परफॉर्मेंस पर कोई असर नहीं पड़ा और इसे देखने के लिए दर्शकों की खूब भीड़ थिएटर्स में नजर आ रही है। इसी के साथ 'गोट' जमकर नोट भी छाप रही है। ये फिल्म साल 2024 की सबसे बड़ी तमिल ओपनर का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है और कई बड़ी फिल्मों को मात भी दे चुकी है। 'गोट' की कमाई की बात करें तो फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 44 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन 'गोट' का कलेक्शन 25.5 करोड़ रहा। तीसरे दिन फिल्म ने 33.5 करोड़ की कमाई की और चौथे दिन 34 करोड़ का कारोबार किया। पांचवें दिन 'गोट' का कलेक्शन 14.75 करोड़ रुपये रहा। वहीं अब फिल्म की रिलीज के छठे दिन यानी पहले मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'गोट' ने रिलीज के छठे दिन यानी पहले मंगलवार 10.50 करोड़ का कारोबार किया है। इसी के साथ 'गोट' की 6 दिनों की कुल कमाई अब 162.25 करोड़ रुपये हो गई है। थलापति विजय की 'गोट' ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री कर ली है। ये साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म भी बन गई है। हालाँकि, गोट विजय की आखिरी रिलीज़, लियो से पीछे है, जिसने भारत में अपने पहले सोमवार को 40.1 करोड़ रुपये और पहले मंगलवार को 36.1 करोड़ रुपये कमाए थे। हालांकि फिर भी ये फिल्म अब 200 करोड़ क्लब में एंट्री करने की ओर बढ़ रही है। उम्मीद है कि दूसरे वीकेंड तक ये फिल्म 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी।

# बाथरूम के फर्श को साफ करने के लिए आजमाएं ये टमाटर का खास नुस्खा, चमकने लगेगा हर कोना

**हर कोई घर को खूबसूरत बनाना चाहता है, लेकिन घर को खूबसूरत बनाने के लिए हर छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि कई बार कुछ चीजें घर की सुंदरता को कम कर देती हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने घर को खूबसूरत बनाना चाहते हैं, तो आपको बाथरूम की सफाई का खास ध्यान रखना चाहिए।**

**कई बार घर बहुत खूबसूरत होता है, लेकिन घर में बनी बाथरूम की टाइल्स पीली दिखाई देती है, जिससे घर पर आया मेहमान मुंह बनाने लगता है और इससे आपके घर की खूबसूरती खराब होने लगती है। अगर आप भी इन पीली टाइल्स से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। टमाटर में मौजूद एसिड हल्के दागों को हटाने में काफी मदद करता है।**




## बाथरूम की टाइल्स को ऐसे करें साफ

बाथरूम की टाइल्स को साफ करने के लिए आप टमाटर से पेस्ट बना सकते हैं। इसके लिए आपको एक टमाटर को काटकर उसका पेस्ट बनाना होगा। अब आप दाग वाले हिस्से पर पेस्ट लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। थोड़ी देर बाद एक नरम ब्रश की मदद से दाग वाले हिस्से को रगड़ें। इसके बाद आप साफ पानी से टाइल्स को अच्छी तरह धो लें। इससे टाइल्स पर लगी पीली परत और गंदगी दूर होगी और टाइल्स चमकदार बनेगी।

## टमाटर का इस्तेमाल

टमाटर का इस्तेमाल करते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। टमाटर का रस सभी तरह के फर्श के लिए सुरक्षित नहीं माना गया है। अगर आप मार्बल, ग्रेनाइट और दूसरे पत्थरों पर टमाटर के रस का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे टाइल्स का रंग फीका पड़ सकता है। इसके अलावा टमाटर, तेल या ग्रीस के दागों को हटाने के लिए काफी नहीं है। इसके लिए आप दूसरे नुस्खे आजमा सकते हैं। टमाटर के रस को लगाने के बाद फर्श को अच्छी तरीके से धो लें। नहीं तो दाग दिखाई देंगे। अगर आपके घर पर लकड़ी का फर्श लगा हुआ है, तो टमाटर के रस का इस्तेमाल न करें।

# पीरियड्स के दौरान नहीं करना चाहिए इस तरह का वर्कआउट, हो सकती है परेशानी



**पीरियड्स के दौरान व्यायाम करने से दर्दनाक ऐंठन से राहत मिल सकती है। लेकिन आपको एक्सरसाइज करने से आपको बहुत थकावट होती है। तो आपको एक्सरसाइज नहीं करना चाहिए। लेकिन डॉक्टर्स की मानें तो अगर आपकी हेल्दी और नॉर्मल पीरियड है तो आप आराम से पीरियड्स के दौरान वर्कआउट कर सकते हैं। कई लोग ऐसे भी है जो पीरियड्स के 5 दिन पूरी तरह से वर्कआउट करना छोड़ देते हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि सिर्फ पीरियड्स है इसलिए एक्सरसाइज नहीं कर रहे हैं तो यह बात सही नहीं है।**

## पीरियड्स के दौरान वर्कआउट करने के फायदे

पीरियड्स के दौरान वर्कआउट करने से शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के फायदे होते हैं। हर रोज एक्सरसाइज करने के फायदे तो है ही। पीरियड्स के दौरान प्रोजेस्टेरोन और एस्ट्रोजन दोनों अपने निम्नतम स्तर पर होते हैं, जिससे लोग थका हुआ और कम ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं।

## पीरियड्स के दौरान एक्सरसाइज करने के फायदे

पीरियड्स से पहले के दिनों में और अपने चक्र के दौरान थकान और मूड स्विंग का अनुभव करते हैं, तो रोजाना एरोबिक एक्सरसाइज करें इन लक्षणों को कम कर सकता है। ऐसा नहीं है कि अगर आपको एनर्जी नहीं मिल रही है और ऐसी स्थिति में आप एक्सरसाइज नहीं करेंगे तो आपको फायदा मिलेगा। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि एक्सरसाइज करने से ही आपको फायदा मिलने वाला है।

## एंडोर्फिन का इस्तेमाल करें

क्योंकि व्यायाम आपको प्राकृतिक एंडोर्फिन हाई देता है, यह आपके मूड को बेहतर बना सकता है और वास्तव में आपको बेहतर महसूस करा सकता है। ब्रैंडन मार्सेलो, पीएचडी, का मानना है कि मासिक धर्म के दौरान व्यायाम करने का एक मुख्य लाभ एंडोर्फिन का स्राव और कसरत का उच्च स्तर है। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि एंडोर्फिन एक प्राकृतिक दर्द निवारक है, इसलिए जब वे व्यायाम के दौरान निकलते हैं, तो आप असहज मासिक धर्म से राहत महसूस कर सकते हैं।

## अपने मूड को बेहतर बनाएं

सूत्रों ने कहा कि इस समय व्यायाम करने से आपका मूड बेहतर होगा और रक्त संचार बढ़ेगा। व्यायाम आपके मासिक धर्म से जुड़ी ऐंठन, सिरदर्द या पीठ दर्द को भी कम करता है। पीरियड्स के दौरान कौन सी एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए तीव्र कार्डियोः मासिक धर्म के दौरान भारी प्रवाह और तनाव का कारण बन सकता है- भारी वजन प्रशिक्षणः खासकर यदि आप मासिक धर्म में ऐंठन का अनुभव कर रहे हैं। उल्टे योग आसनः जैसे कि कंधे पर खड़े होना, सिर पर खड़े होना और हल के आसन। स्क्वाट्सः पैल्विक दर्द, पेट के निचले हिस्से में दर्द और पीठ दर्द को बदतर बना सकते हैं।

# न्यायालय की सख्ती के बाद सरकार द्वारा डीजे पर गाईड लाईन का आम जनमानस ने किया स्वागत

## कानफोड़ू डीजे ओर दिल को दहला देने वाला कोलाहल पर जारी आदेश का हर वर्ग ने किया स्वागत



पायनियर संवाददाता ⟨ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती के बाद डीजे को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाईड लाईन का अगर प्रशासन ने कड़ाई से पालन कराया तो माना जा रहा है कि कानफोड़ू और दिल को दहला देने वाला कोलाहल नहीं सुनाई देगा इस मुद्दे पर जिले के आमजनों के साथ साथ वकील, शिक्षक, डॉक्टर, व्यावसायिक व सामाजिक क्षेत्र वर्ग के लोगों से न्यायालय एवं सरकार के द्वारा डीजे पर जारी गाइड लाइन पर उनकी प्रतिक्रिया जाननी चाही जिस पर सभी ने सर्वोच्च न्यायालय के आधार पर सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का जहां स्वागत किया वही जिला प्रशासन से कड़ाई से कारवाई की उम्मीद जताई है।

### प्रशासन द्वारा डी.जे.पर लगाया गया प्रतिबंध देर से लिया गया एक स्वागतेय निर्णय है : डॉ.वसुबन्धु दीवान

शिक्षाविद डॉ.वसुबन्धु दीवान ने खुल कर बात रखते हुए कहा कि आम जन बरसों से इस कानफोडू गीत संगीत का विरोध कर रहे थे !मेरे घर के पीछे सघन आवासीय वार्ड में बने एक वाटिका में आये दिन बजने वाले इस फूहड़ आवाज के विरुद्ध में निरन्तर प्रशासन से पूर्व में विरोध करता रहा हूँ। वस्तुतः डी जे से उतपन्न ध्वनि आम जन के कानों के सुनने की क्षमता को ही प्रभावित नही करता है वरन इसका नाड़ी एवम दिमाग पर भी बुरा असर पड़ता है। फलतः व्यक्ति असामान्य व्यवहार करने लगता है। यह फूहड़ ध्वनि ब्लड प्रेशर को भी हाई कर देता है जिससे ब्रेन हेमरेज, पागलपन या व्यक्ति सनकी हो जाता है। इसका सर्वाधिक प्रतिकूल असर छोटे छोटे बच्चों पर ज्यादा पड़ रहा है, जो चिंतनीय है। वर्तमान पीढ़ी को सुरक्षित रखने, बच्चों एवम बुजुर्गों स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव एवम घरों के छत, दीवाल एवम नींव को डेमेज करने वाले इस फूहड़ डीजे संगीत पर पूर्ण प्रतिबंध अभिनंदनीय है। चंद लोगों के मटरगस्ती के लिए सर्व समाज को विपत्ति में डालने के इस घिनौने उपक्रम पर रोक एक सही निर्णय है।

### अमल हो यही आमजन चाहते –बाररूम अध्यक्ष चौबे

जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रणिश चौबे ने कहा छत्तीसगढ़ में डीजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सरकार ने जो निर्णय लिया है उस पर अगर अमल हो यही आमजन चाहते पर से इसमें कोताही बरती जाती है। उन्होंने बताया कि आदेश में कहा गया है कि अब डीजे लगाने वाली गाडियों का परमिट निरस्त किया जाएगा ओर नई गाईडलाईन का सख्ती से पालन करने के लिए सभी कलेक्टर और एसपी को निर्देश दिए गए हैं। राज्य शासन की नई गाईडलाईन के मुताबिक कोई भी वाहन अगर डीजे लगाए हुए दोबारा पकड़ा गया तो उसका परमिट रद्द कर दिया जाएगा। उसके खिलाफअवमानना की कार्रवाई होगी। डीजे संचालकों पर भी नियम का पालन नहीं करने पर अवमानना की कार्यवाही की जाएगी। श्री चौबे ने कहा अब देखना है की प्रशासन कितना मूर्तरूप देती है। हालंकि उन्होंने बताया कि जनहित याचिका के जरिए इस मामले की कोर्ट में लगातार सुनवाई चल रही है और कोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण के खिलाफचल रही सुस्त कार्रवाई पर नाराजगी जताई थी।

### ध्वनि प्रदुषण जीवन शैली को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है : शैलेश

अधिवक्ता शैलेश तिवारी ने कहा वर्तमान परिवेश में ध्वनि प्रदुषण आम जन मानस की जीवन शैली को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है इस तारतम्य में डी. जे. साउंड सिस्टम की ध्वनि तो मानव जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाला है ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र के संबंध में शासन को गाइड लाइन बनाकर प्रशासन के माध्यम से शक्ति से लागू किया जाना चाहिए इस संबंध में समय-समय पर माननीय न्यायालय द्वारा दिशा निर्देश दिया गया है जो अनुकरणीय है किंतु व्यवहारिक रूप से ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर अंकुश नहीं लगा है जो गंभीर विषय है। वर्तमान सरकार के जारी आदेश का स्वागत योग है। स्थानीय प्रशासन जरूर कड़ा कदम उठायेगा।

### सरकार के आदेश पर सख्त पालन हो: ललिता साहु

लायनेश क्लब की पूर्व अध्यक्ष ललित साहू ने शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार के आदेश पर सख्त पालन होना चाहिए उन्होंने बताया जब डीजे घर के बगल से निकल जाए तो मानव शरीर के साथ साथ घर में रखे बर्तन, दीवार तक कांपने लगते हैं। जो निश्चित रूप से बेहद खतरनाक है। यही वजह है कि इस रोक लगाने की मांग लम्बे अर्से से उठ रही थी जो अब जाकर पूरी होते दिखाई दे रही है। नुकसान दायक डीजे और ध्वनि प्रदूषण पर पूर्णता प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

### हर तरफ डीजे का कानफोड़ू, दिल को दहला जाता है, सख्त कार्रवाई हो: दिव्या राजपूत

गृहणी दिव्या राजपूत ने भी निर्णय पर अपनी राय दी उन्होंने कहा विवाह से लेकर विभिन्न धार्मिक अवसरों पर डीजे का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जाता है। इन विशेष अवसरों पर क्या शहरी और क्या गांव हर तरफडीजे का कानफोडू और दिल को दहला देने वाला कोलाहल सुनाई देता है। जिसके संबंध में लोगों द्वारा लगातार शिकावा शिकायते भी स्थानीय प्रशासन से की जाती रही है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लेकिन अब जिस ढंग से सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती के बाद राज्य शासन ने डीजे को लेकर नई गाईडलाईन जारी की है उसे लेकर माना जा रहा है कि अगर प्रशासन इसका कड़ाई से पालन कराता है तो लोगों को राहत मिलेगी।

---

## स्काउट गाइड कब बुलबुल द्वारा हिन्दी दिवस मनाया

बेमेतरा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के मार्गदर्शन में आज 14 सितंबर 2024 को स्काउट गाइड कब बुलबुल द्वारा हिन्दी दिवस मनाया गया। जिसमें अलग अलग विकास खंड के शालाओं शा उच्च माध्य विद्यालय जेवरा, सेजस पूर्व व कन्या बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा, शा प्राथमिक व पूर्व माध्य शाला धनगांव, शा उच्च माध्य शाला गोंडगिरी, शा उच्च माध्य शाला बीजा , शा पूर्व माध्य शाला भैंसा, सेजस राठी द्वारा चित्रकला, पेंटिंग, वाद विवाद, कविता का आयोजन किया गया।

## समाज में महिलाओं की भूमिका अग्रणी हो : दीपेश साहू

### 10 लाख से होगा सामाजिक भवन का जीर्णोद्धार, छत्तीसगढ़ कलार समाज ने किया सर्व समाज प्रमुखों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ⟨ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कलार समाज ने तहसील इकाई बेरला कलार समाज, युवा महिला सहित मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने समाज में महिलाओं की भूमिका को सराहा एवं कलार समाज की सर्व समाज सम्मान समारोह की सराहना किया। वही सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपये एवं बेरला नगर मे चिन्हित स्थान को सहस्त्र बाहुबली चौक के नाम से 6 लाख की घोषणा की। पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने कहा कि समाज का प्रतिनिधित्व योग्य व्यक्ति को मिले जिससे समाज में निरंतर सामाजिक समरसता के विचारों का आदान-प्रदान हो। संचालक मंडल सचिव कामता सिंह किया। इस अवसर पर विजय सिंह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा, प्रीतम सिंह चंदेल अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, होरी लाल सिन्हा संयोजक राजनीतिक प्रकोष्ठ बेमेतरा,ईश्वर सिंह मंडलेश्वर बेरला,हुकुम सिंह जिला कोषाध्यक्ष, दमन सिंह पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष,शिव झड़ी सिंह अध्यक्ष युवा मंच, मनोज सिंह अध्यक्ष बेरला मंडल युवा,अशोक जायसवाल मंडलेश्वर बेमेतरा,अजय सिंह मंडलेश्वर नवागढ़, मोहन सिंह थान खम्हरिया,टीकाराम साहू डासेना मंडलेश्वर साजा,तिहारु सिन्हा कोषाध्यक्ष,मदन सिंह संरक्षक पूर्व संयोजक राजनीतिक प्रकोष्ठ,रघुवीर सिंह, महिला मंच से गीता सिन्हा,रेखा सिन्हा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन शिवझडी सिन्हा ने किया।



### इनका हुआ सम्मान

सर्व समाज सम्मान समारोह में संतोष जी राजपूत, राजेश दुबे ब्राह्मण,सूर्यकांत साहू, विजय जैन, दिलीप निषाद, रामेश्वर देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष,दीनू राम पटेल धमधा राज,साधु राम यादव गेवार समाज,कनक राम देशलहरे अध्यक्ष सतनामी समाज,नंदलाल मरकाम, नारायण प्रसाद निर्मलकर, लक्ष्मी राम यादव, यादव समाज, विनय ताम्रकार बेरला,रामकुमार धनकर, गिरी रिंगनी का सम्मान बेरला कलार समाज एवं मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने किया।

## धनोरा में मिशन वात्सल्य कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ⟨ उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण परियोजना के ग्राम पंचायत धनोरा में जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, जिला महिला बाल विकास अधिकारी शैल ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय मिशन वात्सल्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें घरेलू हिंसा, एक युद्ध नशे के विरुद्ध,बाल विवाह, भिक्षावृत्ति, गुड टच बैड टच, स्पॉन्सरसीप, दत्तक ग्रहण और फास्टर केयर के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नवा बिहान से संरक्षण अधिकारी प्रीति बाला शर्मा ने घरेलू हिंसा के बारे में लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि एक ही छत के नीचे साझी गृहस्थी में निवासरत कोई व्यक्ति किसी महिला के साथ शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, मौखिक हिंसा करता/ करती है। अगर कोई महिला इस तरह से पीड़ित है तब आंगनवाड़ी, परियोजना कार्यालय, जिला कार्यालय या सखी वन स्टाफ सेंटर से संपर्क करके अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। चाइल्ड लाइन की टीम से आशीष ठाकुर एवं प्रकाश चंद्र पटेल ने बताया कि 0 से 18 वर्ष के सभी बच्चों की सहायता के लिए 24*7 टोल फ्री नंबर 1098 पर भारतवर्ष में कहीं भी कॉल किया जा सकता है। यह नंबर चार अंको का इसलिए रखा गया है ताकि बच्चों को आसानी से याद हो सके और मुसीबत के समय बच्चे इस नंबर पर मदद ले सके। यह संस्था सीएनसीपी बच्चे जिन्हे उचित देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता होती है, उनको संरक्षण प्रदान करते हैं। जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा एक युद्ध नशे के विरुद्ध, फास्टर केयर के विषय पर चर्चा लोकमणि साहू एवं सीता कन्नौजे के द्वारा की गई जिसमें उन्होंने बताया कि किसी भी बालक को नशीले पदार्थ देने या बेचे जाने हेतु बाध्य करना, भिक्षावृत्ति करवाना एक दंडनीय अपराध है।

## राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विजेता रहे सगेश भुजबल

पायनियर संवाददाता ⟨ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राज्य स्तरीय बॉक्सिंग (बालक) प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 13 सितंबर तक दुर्ग में आयोजित किया गया, जिसमें दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए डौंडी ब्लॉक के सगेश भुजबल ने अंडर 19 बालक के 64-69 किलो वजन समूह में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वाटर फाइनल मैच में रायपुर के मुक्केबाज को धराशायी करते हुए सेमी फाइनल में प्रवेश किया ।सेमी फाइनल में भुजबल का मुकाबला बिलासपुर के धाकड़ मुक्केबाज से हुआ बहुत टफ् फाइट मे भुजबल ने 2-1 से मात देकर प्रतियोगिता के फाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर लिया। फाइनल मैच के लिए भुजबल ने ज्यादा समय ना लेते हुए प्रतिद्वन्दी खिलाड़ी को ज्यादा मौका नहीं दिया और फाइट के 2 मिनट के अन्दर ही जीत हासिल कर राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज करवा दिया। पुरस्कार वितरण के लिए उपस्थित संयुक्त संचालक क्रीड़ा कल्पना स्वामी ने सगेश भुजबल के खेल की सराहना करते हुए राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए मेडल जीतने की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया और की कहा सगेश भूजबल ने खेल को खेल भावना व अपनी कड़ी मेहनत से खेलते हुए इस प्रतियोगिता में जीत हासिल की है। राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में चयन होने पर भुजबल को शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मर्कले सहायक जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा खेल समन्वयक सपन जेना, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय सिंह भारद्वाज, विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी मंजुला यदु, आत्मानंद विद्यालय प्राचार्य बी.एस.वद्दन, प्रशिक्षक श्रवण कुमार साहू (व्यायाम शिक्षक), व्याख्याता गणेश साहू एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं पालको सहित ग्रामीणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया और कहा की मुक्केबाजी में नगर प्रदेश व देश का नाम रोशन करें।

## पौष्टिक व्यंजन के साथ सांग भाजी का स्टाल लगाकर किया प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता ⟨ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय पोषण वर्ष 2024 ग्राम कंडरका के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक -1 में पोषण माह के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमलता बघेल एवं सहायिका गंगोत्री निषाद के द्वारा बच्चों के लिए रेडी टू ईट के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन बनाकर और साथ ही विभिन्न प्रकार के साग भाजी का स्टाल लगाकर प्रदर्शनी किये। जिसमें हलवा, लडडू, नमकीन, खुरमी आदि सम्मिलित थे। जो बच्चों के बहुत ही महत्वपूर्ण एवं पौष्टिक आहार है। तथा विभिन्न प्रोटीन विटामिन से भरपूर साग भाजी के बारे माताओं को सुपरवाइजर स्मिता मैम द्वारा बताया गया है कि किस प्रकार से हम बच्चों के पौष्टिक आहार में हम सम्मिलित कर सकते हैं। और बच्चों को कुपोषण से सुपोषण बना सकते हैं। आंगनबाड़ी में महतारी सदस्य के रूप में नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन ने कहा कि माताओं को उनके उम्र के हिसाब से वजन एवं ऊचांई होना चाहिए। उन्होनें कहा कि नियमित रूप से बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विकास खंड शिक्षा अधिकारी बेरला जयप्रकाश करमाकर उपस्थित थे विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को चित्र दिखाकर कुछ प्रश्न किया गया। जिनका सभी बच्चों ने बहुत बढ़िया जवाब दिया। तथा कुछ बच्चों ने बालगीत गाकर भी सुनाया। इस पर बीईओ सर बहुत प्रसन्नता जाहिर किये। बच्चों के अभिव्यक्ति कौशल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमलता बघेल की मुख्य भूमिका है वह प्रतिदिन बच्चों को दिखावटी माईक देकर बोलने के लिए प्रेरित करती रहती है। ताकि बच्चें का बचपन से ही भय एवं झिझक दूर हो जाये। अधेश उइके एबीईओ सर भी बच्चों की बहुत प्रशंसा किये।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए डोर टू डोर सर्वेक्षण



पायनियर संवाददाता ⟨ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

माननीय उच्च न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका दल्ली राजहरा क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डो में बी एल ओ एवं निकाय के कर्मचारियों द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण के साथ-साथ अन्य पिछड़ा वर्गो की संख्या के आकलन के लिए डोर टू डोर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र कुमार वाडेकर ने अन्य पिछड़ा वर्ग परिवारों से अपील की है सर्वेक्षण दल में लगे बी एल ओ / कर्मचारियों को राशन कार्ड, मोबाइल नंबर एवं जाति की जानकारी देते हुए सर्वेक्षण दल को शासन के निर्धारित प्रपत्र में जानकारी देने में सहयोग करें।

## टी0 ज्योति पार्षद व सुपरवाइजर दिव्या मानिकपुरी द्वारा किया गया वजन त्यौहार कार्यक्रम का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ⟨ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



टी0 ज्योति पार्षद व सुपरवाइजर दिव्या मानिकपुरी द्वारा किया गया वजन त्यौहार कार्यक्रम का निरीक्षण। ज्ञात रहे कि राष्ट्रीय पोषण माह के तहत राज्य में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन 12 से 23 सितंबर 2024 तक किया जाएगा इस वजन त्यौहार का आयोजन का शुभारंभ महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे के द्वारा किया गया। 14 सितंबर को वजन त्यौहार के दौरान वार्ड पार्षद टी0 ज्योति व सुपरवाइजर दिव्या मानिकपुरी द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान केंद्र में वजन त्यौहार की तैयारी करते वजन और ऊंचाई लेने का उपकरण केंद्र में उपलब्ध पाया गया, केंद्र 47 व 48 में वार्ड पार्षद सुपरवाइजर व पालक के समक्ष बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापा गया। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 47 व 48 में 0 से 6 वर्ष की 69 बच्चे हैं। सभी बच्चों के पालकों को वजन त्यौहार में वजन एवं ऊंचाई के लिए बुलाया गया , समक्ष सभी बच्चों का सही वजन एवं ऊंचाई लिया गया केंद्र में वजन त्यौहार की तैयारी व्यवस्थित ढंग से पाया गया। जिसके लिए टी0 ज्योति पार्षद ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रिजु यादव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी सोनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनैना साहू आंगनबाड़ी सहायिका सरस्वती आंगनबाड़ी सहायिका पूर्णिमा रामटेके व पालको को बधाई दिया।

## पीएचसी छिरहा को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ⟨ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरहा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र मिला, यह उपलब्धि स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के फ्ल स्वरुप भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया है कलेक्टर रणवीर शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर के उपलब्धि प्राप्त होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई देते हुए लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया है भारत सरकार के द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरहा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र मिला है यह उपलब्धि स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के फलस्वरुप भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया है कलेक्टर रणवीर शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर के उपलब्धि प्राप्त होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दी। भारत सरकार के द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकन करता डॉ शकीला सैप्पु व डॉ शिशिर कुमार नासकर द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का बीते दिवस मूल्यांकन किया गया मूल्यांकन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरहा को 88.81 प्रतिशत स्कोर के साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित किए गए स्वास्थ्य सेवाओं के 6 अलग-अलग मानको के आधार पर मूल्यांकन किया गया मूल्यांकन में सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपयुक्त पाए जाने पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित किया गया है राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण पत्र मिलने से स्वास्थ्य विभाग की टीम में उत्साह का संचार हुआ है और क्षेत्र की जनता को इसी प्रकार निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरहा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र मिलने पर संस्था प्रभारी डॉक्टर डोमन लाल यादव ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि 'जिसके मन में हो सच्ची साहस, अंत में जीत उसी की होती हैं' यह सब डॉ शरद कोहाडे खंड चिकित्सा अधिकारी, पंकज कुमार आडील बीपीएम अस्पताल में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारीयों डॉ शैलेश कुमार साहू मेडिकल ऑफिसर, चंपा गायकवाड लैब टेक्नीशियन दीप्ति पत्रे स्टाफ नर्स, दीपिका सिंहा एएनएम, लता साहू एएनएम, चंदन सप्रे स्टाफ नर्स, कुमारी प्रतिमा फार्मासिस्ट, दीपक कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी, हरे राम चंद्राकर जे एस ए, कुमारी रेणुका साहू, कुमारी जागृति पटेल, हेमराज निषाद सी एच ओ, होमेश साहू, लोचन कुमार सोनी हेमलाल साहू, नारायण रजक, ।क्मणी वर्मा, ताराबाई सेंद्रे, कुमारी अंजली सप्रे, कुमारी पूर्णिमा साहू, शंकर सप्रे, विजया चंद्राकर, पदमाराज निर्मलकर अपने कार्य के प्रति लगन का परिणाम है अपने कार्य के प्रति पूरी निष्ठा के कारण ही यह उपलब्धि प्राप्त हुई है

## भाजपा सदस्यता महाअभियान कुम्हारी मंडल की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई

पायनियर संवाददाता ⟨ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी द्वारा 2 सितंबर से सदस्यता महाअभियान चल रहा है, इस संदर्भ में नगर कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 15 सांसद कार्यालय में कुम्हारी मंडल की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम महापुरुषों के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, मंडल समीक्षा बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कुम्हारी मंडल सदस्यता अभियान प्रभारी ब्रजेश बिचपुरिया, भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष पी.एन. दुबे, सदस्यता अभियान मंडल संयोजक मिथिलेश यादव, वार्ड नंबर 15 पार्षद श्रीमती रागिनी निषाद,उपस्थित रहे । समीक्षा बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजू निषाद ने की, सदस्यता अभियान के मंडल प्रभारी ब्रजेश बिचपुरिया ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की लोकप्रियता को देखते हुए कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनमानस भी भाजपा का सदस्यता लेने के लिए बड़े आतुर है, वर्तमान समय में यह कार्यक्रम पूरी तरह से डिजिटल है एवं डाटा एक स्थान पर केंद्रित किया जा सकता है, हर कार्यकर्ता से अपील की कि वे अपने-अपने बूथों में समाज के सभी वर्ग एवं सभी क्षेत्र के पार्टी के दिशा निर्देश अनुसार 200-200सदस्यों को अवश्य जोड़े, पहले चरण 1 सितंबर से 25 सितंबर तक चलेगा साथ ही बिचपुरिया द्वारा सदस्यता अभियान में आ रही कुछ समस्याओं का समाधान के बारे में भी बताया गया। मंडल अध्यक्ष राजू निषाद ने अपने उद्बोधन में कहा की आप सभी कर्मठ कार्यकर्ता निश्चित रूप से पार्टी के निर्देशानुसार चलकर सभी 29 बूथों के लक्ष्य को तय समय में कर लेगे, 12 तारीख के पाटन विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक में कुम्हारी मंडल द्वारा 2000 नए सदस्य जोड़ने की जानकारी दी गई, राकेश पाण्डेय ने कहा सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों में घर-घर जाकर नए सदस्य बनाएं, मंडल संयोजक सदस्यता अभियान मिथिलेश यादव ने कहा कुम्हारी मंडल को 5800 नये सदस्य जोड़ने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसे सभी कार्यकर्ताओं के सहभागीदारी के माध्यम से पूरा कर लिया जाएगा, कार्यक्रम का संचालन नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू ने किया एवं कार्यक्रम का समापन मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिन्हा ने किया, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गोल्डी गोस्वामी, रामाधार शर्मा, राजमहंत पार्षद ओंकार मार्कण्डेय, पार्षद विनोद बंजारे, मंडल कोषाध्यक्ष आलोक दुबे, मंडल उपाध्यक्ष दीपक चतुर्वेदी, छबी कुमार यादव, सुनीता कुर्रे, फिंगेश्वर साहू, मंडल सदस्यता अभियान सदस्य आशीष शुक्ला, प्रणव श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि सेजस स्कूल सुजीत यादव, मनोज वर्मा, अवधेश शुक्ला, राम कुमार सोनी, नारायण सोनकर, महिला मोर्चा कुम्हारी मंडल प्रभारी रीता पाण्डेय, तृप्ति चंद्राकर, सौरभ पाण्डेय, पुणेन्द्र पंथ, पप्पू साहू, जूली सिंह, अश्वनी देश लहरे, विकास सोनकर, पंकज वर्मा, मुकेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा केवाछी के गणेश उत्सव में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ⟨ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक आशीष छाबडा, बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केवाछी पहुंचकर स्थापित हुए गणेश पंडाल में गए और भगवान गणेश से क्षेत्र की खुशहाली तथा समृद्धि के लिए प्रार्थना की इस दौरान पूर्व विधायक , आशीष छाबड़ा ने जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा ने कहा कि गणेश उत्सव हम सभी के जीवन में उत्साह एवं उमंग लाता है तथा सामाजिक सौहार्द की भावना हमें विकसित होती है जहां एक और हम सभी इस सार्वजनिक आयोजन को करने के लिए एकजुट होते हैं वहीं अपने आराध्य की पूजा कर हम सभी अपने मनोवाछित फ्लों की प्राप्ति करते हैं पूर्व विधायक ने ग्राम वासियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से ग्राम में सौहार्द का वातावरण बना रहता है तथा आपसी भाईचारे से हम न केवल धार्मिक आयोजन बल्कि बड़े से बड़ा कार्य भी कर सकते हैं दौरान पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा राजू रजक जॉन वर्मा दीपक वर्मा निखिल वर्मा लिकु वर्मा लाल सिंह वर्मा प्रदीप ध्रुव प्रेम ध्रुव उल्लू वर्मा नागेश सेन दीपक ध्रुव सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



**मुंगेली ।** बीते 7 सितंबर से प्रारंभ हुआ गणेश उत्सव अब अपने अंतिम चरण में है। नगर के पंडालो और घरो में पधारे गणपति देवता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। नगर में बने पंडालो को आर्कषक रूप से सजाया गया, इन गणेश पंडालो में सजी झांकियां उन्हें और भी लुभावनी बनाती है। शाम होते ही नगर की सड़को में गणपति दर्शन करने वाले श्रद्धालुओ की चहल पहल शुरू हो जाती है। जो देर रात तक देखी जा रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग 25 से 30 छोटे बडे पंडालो में गणपति की प्रतिमा स्थापित की गई है । पंडालों में भक्तों द्वारा सुबह शाम आरती कर मोदक का भोग लगा कर गणेश जी सेवाकी जाती है, लगभग गणपति के बाल स्वरूप से लेकर महाराजा स्वरूप तक की प्रतिमांए पंडालो में विराजित की गई है। जो इन दिनो प्रमुख आर्कषण का केन्द्र हैं।

# व्याहुत कलवार समाज का आयोजन, अपने अराध्य देव श्री बलभद्र भगवान की विधि विधान से की पुजा अर्चना

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

व्याहुत कलवार समाज की ओर से अराध्य देव श्री बलभद्र भगवान जी का आयोजित पूजा विधि विधान व पुरोहित विनायक मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। व्ही पूजा उपरांत महाआरती वंदना,पुष्पांजलि अर्पित कर कुलदेवता को नमन किया गया। पूजा व आरती समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कराया गया। संभागीय अध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला अध्यक्ष डा.राकेश कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष अमित गुप्ता कौशल जायसवाल, राकेश गुप्ता के द्वारा समाज के उत्थान के लिए अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को एकजुटता पर प्रकाश डाला गया। व्ही आयोजित कार्यक्रम में समाज के भारी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हए आभार प्रदर्शन सत्यम गुप्ता के द्वारा किया गया।

**अंततः दाऊ बलभद्र को मनाने में सफल रहे श्री कष्णा** -दुर्योधन अपने गुरु अथार्त बलराम जी को अपना पराक्रम दिखा उन्हें खुश



कर बहन सुभद्रा से विवाह करवाने का वचन ले लिया, पर यह बात श्री कृष्ण को पसंद न थी। श्री कृष्ण सुभद्रा का विवाह अर्जुन से करवाना चाहते थे। अतः उन्होंने सुभद्रा के अपहरण की योजना बनाई। सुभद्रा ने रथ चलाया और अर्जुन पीछे बैठ राजमहल से भाग गए । जब इसकी सूचना बलभद्र जी को मिली तो वे बहुत नाराज हुए और अर्जुन को सजा देने के लिए श्रीकृष्ण को साथ लेने पहुंचे। उस समय श्री कृष्ण ने उन्हें समझाया कि सुभद्रा का अपहरण नहीं हुआ है अपितु हमारी बहन अर्जुन से प्रेम करती हैं और वह रथ चला कर अर्जुन का अपहरण कर के ले गई है अर्जुन अपराधी नहीं हैं तथा वह सुभद्रा के लिए सुपात्र भी है। बलभद्र जी को बहुत अनुनय विनय कर के उन्हें मनाया गया। तब बलभद्र जी मान गए और विवाह का आशीष दिया। तभी से कलवार जाती के व्यहूत कुड़ी (उपजाति) में बलभद्र मनावन की परंपरा चली आ रही है इस विधि को मान कर आज भी व्याहुत लोगों में विवाह सम्पन्न होते हैं।

# विश्व हिंदी दिवस पर लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुए आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ति के स्टेशन रोड में स्थित आंग्लभाषा के विद्यालय लिटिल फ्लॉवर स्कूल में हिंदी दिवस पर नुक्कड़ नाटक, कव्वाली, दोहा गायन, गीत, आदि विविध कार्यक्रम का आयोजन हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 14 सितम्बर को आयोजित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के संचालक मोहम्मद अनीस शेख एवम टी.पी.उपाध्याय ने माँ सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मोहम्मद अनीस शेख ने कहा हिंदी हमारी केवल सम्पर्क की भाषा नही है बल्कि इस द्वारा हम अपनी भावनाओं को भी व्यक्त करते हैं, इससे हम लोगो के दिलो से जुड़े रहते हैं। हिंदी भाषा का जन्म भारत मे होकर पोषित हुआ है। इसलिए हमें हिंदी भाषा पर गर्व है. स्कूल के डायरेक्टर टी.पी.उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि हमे हिंदी बोलने में संकोच नही करनी चाहिए।यह विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा लोंगो द्वारा बोले जाने वाली भाषा है।आज हमारे देश मे सभी जगह हिंदी को बढ़ावा दिया जा रहा है।हम भारतीयों को हिंदी भाषा पर गर्व करनी चाहिये कि यह विश्व की सबसे बड़ी भाषा है। स्कूल की प्रिंसिपल सन्ध्या सोनी ने कहा कि अंग्रेजी भाषा के साथ -साथ हिंदी भाषा के उपयोग से परहेज नही करनी चाहिए।हिंदी हम लोगो को दिलों से जोड़ती है। 14 सितम्बर 1949 को को हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया तब से हम हम 14 सितम्बर को हिंदी दिवस मनाते आ रहे हैं, हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के छात्र/छात्राओं सहित विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।




# 17 सितंबर से श्राद्ध पक्ष की शुरूआत

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

आने वाले 17 सितंबर से श्राद्ध पक्ष की शुरूवात हो रही है जो 2 अक्तूबर तक चलेगा। इस दौरान अपने पूर्वजो के निमित्त श्राद्ध तपर्ण पिण्डदान कर उनके आर्शीवाद मांगा जाता है। 15 दिनो तक चलने वाले इस पक्ष में पीतरो का आगमन धरती पर रहता है। और पितृ मोक्ष अमावश्या के दिन यथासंभव दानदिक्षणा कर उन्हे बिदा किया जाता है। इन 15 दिनों में कॉवे का विशेष महत्व रहता है।

मान्यता के अनुसार पितरों को प्रसन्न करने के लिए अश्विन माह को सबसे खास माना जाता है। इस माह के कृष्ण पक्ष के सभी दिन पूर्वजों के सम्मान को समर्पित है। इस अवधी में पितरों की आत्म शांति और मान-सम्मान के लिए तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान आदि किया जाता है। इससे वंशों पर उनकी कृपा बनी रहती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्राद्ध के दौरान पितृ पृथ्वी लोक पर आते हैं। इसलिए उनकी शांति के लिए पूजा पाठ से जुड़े कार्य करने चाहिए। इस दौरान उनके नाम का श्राद्ध करने से वह तृप्त होते हैं, और उन्हें मोक्ष मिलता है। पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि से लेकर अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि तक पितृ पक्ष चलते हैं।

इस बार 17 सितंबर 2024 से पितृपक्ष है, जो 2 अक्तूबर 2024 को समाप्त होंगे। इस अवधी में पितरों को प्रसन्न करने के लिए कई उपाय भी किए जाते हैं, जिससे घर में खुशियों का वास होता है।



# शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में 'हिंदी दिवस 'पर आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना और हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितंबर को शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में हिंदी दिवस मनाया गया।मुख्य अतिथि अधिवक्ता चितरंजन पटेल और विशिष्ठ अतिथि ओमप्रकाश लहरे उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों और प्राचार्य डॉ डी पी पाटले द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा /तैल्यचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य एवं स्टाफ के प्रोफेसर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया।छात्र छात्राओं के द्वारा हिंदी दिवस पर हिंदी की स्थिति पर अपने अपने विचार व्यक्त किया गया।हिंदी के प्रो डॉ. टी पी टंडन द्वारा हिंदी दिवस मनाने के इतिहास पर जानकारी दी गई। प्रो डॉ.ज्योति कुशवाहा (हिंदी) द्वारा सारगर्भित रूप से हिंदी के महत्व और इतिहास और वर्तमान संदर्भ में स्थिति के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता चितरंजन पटेल द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए संकल्प लेने को कहा गया।आज भी हम सबको हिंदी महत्व को आत्मसात करने की जरूरत पर बल दिया गया।उन्होंने सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।विशिष्ठ अतिथि ओमप्रकाश लहरे द्वारा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला गया और सभी को इस पावन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।प्राचार्य डॉ डी पी पाटले द्वारा समस्त छात्र छात्राओं और स्टाफ को हिंदी दिवस के सफ्ल आयोजन पर बधाई दी गई और हिंदी को जनजन की भाषा। बनाने के लिए राष्ट्रभाषा बनाने के लिए अनवरत प्रयास करते रहने को कहा गया।प्रो महेंद्र यादव द्वारा अतिथियों के स्वागत में मधुर गीत गया गया।मंच संचालन प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना)और प्रो महेंद्र यादव द्वारा किया गया।आभार प्रदर्शन प्रो हेमपुष्पा चंद्रा (सहायक कार्यक्रम अधिकारी रासेयो)द्वारा किया गया।कार्यक्रम में प्रो ऋतु पटेल प्रो डॉ हरिशंकर रजक प्रो डॉ श्रुति तिवारी प्रो सीमा साहू प्रो डॉ अर्चना चंद्रा प्रो जी एस मैत्री प्रो विद्याराय सागर प्रो संतोष जांगड़े प्रो अनिल खर्रा और समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# भूमिहीन लोगों को आबादी के अनुसार पट्टा नहीं मिला तो जारी रहेगा संघर्ष : शैलेष गुप्ता

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 में निवास रत भूमिहीन लोगों को आबादी के अनुसार पट्टा दिलाने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को एक ज्ञापन पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेष गुप्ता के नेतृत्व में सौंपा गया है। सौंप गए ज्ञापन में कहा गया है कि जो लोग कई वर्षो से जिस स्थल पर निवास रथ हैं उनको आज तक पट्टा उपलब्ध नहीं कराया गया है जिसके कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है कुछ शासकीय योजनाओं का लाभ उन्हें तो प्राप्त हो रहा है लेकिन कुछ ऐसे भी शासकीय योजना है जिनका लाभ उन लोगों को नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि भूमिहीन लोगों के लिए आबादी पट्टा प्रदान करना उनके कानूनी अधिकारों की पूर्ति के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह कदम केवल सरकारी नीतियों को लागू करने के लिए नहीं बल्कि इन लोगों की स्थिति को सुधारने और उन्हें न्याय दिलाने के लिए है। संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक भूमिहीन लोगों को उनकी कानूनी हक नहीं मिल जाता।

**अनुविभागीय अधिकारी ने दिया आश्वासन**-सौंप गए ज्ञापन का अवलोकन करने के बाद अनुविभाभीय अधिकारी राजस्व देवेंद्र प्रधान ने कहा कि एक बार जांच पड़ताल करने के बाद उक्त समस्याओं का समाधान हेतु भरपूर प्रयास किया जाएगा।



## नगर पंचायत अड़भार के 20 अधिकारी- कर्मचारियों ने दी 3 दिन के सामूहिक अवकाश चिट्ठी

**सक्ती।** नगर पंचायत अड़भार के 20 अधिकारी- कर्मचारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौपा है,ज्ञापन में बताया गया है कि नवयुक्त अधिकारी/कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के पत्र क 227 दिनांक 05/09/2024 के अनुसार नगरीय निकायों में वेतन व अन्य समस्या सालों से बना हुआ है, इस हेतु शासन द्वारा मांगो को लेकर कोई पहल नहीं किया जा रहा है, तदानुसार संघ द्वारा अपनी 6 सूत्रीय मांग को लेकर 18 सितंबर से 20 सितंबर तक कुल 03 दिवस तूता रायपुर के धरना स्थल पर हड़ताल में शामिल होंगे,इस हेतु हम सभी निकाय के कर्मचारीगण 3 दिवस हेतु सामूहिक रूप से आवकाश पर रहेगे जिसकी सूचना आपकी ओर सादर संप्रेषित है. ज्ञात हो की नगर पंचायत अड़भार के सफाई अधिकारी एवम संघ के पदाधिकारी विकास देवांगन के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौपा गया है, एवं विकास देवांगन का कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन से अनेकों बार उनके संगठन द्वारा अपनी मांगों को लेकर पहल की जा चुकी है, किंतु शासन द्वारा इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से कर्मचारी आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं।

### मनखे मनखे एक समान तो आरक्षण कहा

# सामानता का अधिकार पूरे देश में लागू होना चाहिए

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

पूरे विश्व में मानव एक समान है जिस प्रकार से मानव का आंख, कान, नाक, मुंह हाथ, पैर सभी मानव एक समान होते हैं लेकिन कोई काला तो कोई गोरा जिसमें की दो रुप दिखाई पड़ते हैं। लेकिन यह कहा जाता है कि मनुष्य का उत्पत्ति तीन लिग देखने को मिलते हैं इसलिए स्त्री लिग पुरुष लिंग एवं उभयलिंग दुनिया में देखने को मिलते हैं काला और गोरा के साथ स्त्रीलिंग एवं पुरुष लिंग जिस प्रकार से गुरु घासीदास बाबा ने कहा था कि, मनखे मनखे एक समान हैं। एक समान इस प्रकार से हर इंसान शिक्षा ग्रहण करता है ना तो उसमें स्त्रीलिंग होता है ना पुरुष लिंग सभी के लिए शिक्षा समानता का अधिकार माना जाता है रही जातिवाद तो मानव ने ही जातिवाद को हमारे ही लोगों ने बनाया है और जातिवाद को खत्म करने के लिए तीन लिग ही बनाए गए हैं स्त्रीलिंग, पुरुष लिंग एवं उभयलिंग इन्हीं के द्वारा संसार टीका हुआ है । मनुष्य नहीं लिंग का वर्णन किया है ब्राह्मण ,बनिया,क्षत्रीय ,पिछड़ा वर्ग एवं शुद्ध के नाम से जनता को जानते हैं ।आज सभी कोई मंदिर ,मस्जिद गुरुद्वारा ,चर्च भी जाते हैं तो अब वह जातिवाद कहां रहा जिस प्रकार से सभी मानव जाति के लोग शिक्षा एक ही स्थान पर बैठकर करते हैं जिसमें ब्राह्मण, बनिया, तेली कुर्मी, नाई, धोबी, सतनामी, कुम्हार, फारसी, मुस्लिम, जैन, ईसाई मानव है उस स्थान पर आरक्षण की बात नहीं होती पूर्व में इस जातिवाद चला करता था लेकिन जब से एक ही विद्यालय में सभी समाज के लोग शिक्षा ग्रहण करते हैं तो जातिवाद का अंत आ गया जहां पर घासीदास ने कहा की मनखै मनखै एक समान तो सामानता का अधिकार है। आरक्षण की कोई आवश्यकता नहीं हर इंसान अपने-अपने पसंद के अनुसार शादी ब्याह करते हैं। उस समय जातिवाद कहां रहता हैआज सभी मानव एक दूसरे से प्रेम प्रसंग कर रहे हैं उस समय यह हम नही देखते की आरक्षण के आधार पर प्यार होना चाहिए या आरक्षण के आधार पर प्रेम प्रसंग करना चाहिए।

**शैक्षणिक योग्यता पर चयन हो-** स्त्री हो या पुरुष या उभयलिंग आज सभी जगह एक ही विद्यालय में रहकर विद्या अध्ययन करते हैं उस समय हमें जातिवाद नहीं दिखाई पड़ रही है तो जो छात्र का दिमाग कुशाग्र दिमाग का होता है और पढ़ाई में आगे रहता है और अच्छे अंक प्राप्त करता है उसकी उपरांत भी मंदबुद्धि वाले उसके स्थान पर नौकरी प्राप्त करते हैं तो उस समय उस परीक्षार्थी पर क्या गुजरा होगा आप सहज अंदाजा लगा सकते हैं जो पढ़ाई लिखाई नहीं करके कोई पद में पहुंच जाता है जिसका परिणाम हम सभी को भुगतना पड़ता है योग्यता के अनुसार में ही किसी भी नौकरी में भर्ती को प्राथमिकता देना चाहिए ना की जातिवाद को सामानता का अधिकार सब कोई मानते हैं या सतनामी हो चाहे ब्राह्मण हो चाहे शुद्ध समाज के लोग हो सभी को अच्छे अंक प्राप्त करने वाले को ही प्राथमिकता देना चाहिए हम लोग कम अक प्राप्त करने वाले को प्राथमिकता देते हैं जिसका परिणाम स्वास्थ्य केंद्र में शिक्षा के केंद्र में देखने को मिलता है।

**देश में एक ही शिक्षा पद्धति लागू होना चाहिए-**हम लोग यह देखते हैं कि आज जो संपन्न है उन्हें अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए निजी सस्था का शरण लेना पड़ता है जबकि शासकीय विद्यालय में निधन बच्चे का पढ़ाई होता है उस पद्धति को समाप्त करते हुए एक ही शिक्षा पद्धति लागू होना चाहिए निजी विद्यालय को बंद करना चाहिए और सभी के लिए शासकीय विद्यालय में अमीर हो या गरीब हो उन सभी मानव के बच्चे को विद्या अध्ययन करना चाहिए तभी तो एक ही शिक्षा पद्धति लागू हो सकती है यहां पर शासकीय एवं निजी विद्यालय का सवाल ही नहीं उठाना चाहिए केवल शासकीय विद्यालय में एक ही तरह की पढ़ाई होना चाहिए और एक ही किताब होना चाहिए ।

**आरक्षण को जन्म दे रहे हैं राजनीतिक वाल-**आज से वषो पूर्व जब आरक्षण की बात आई तो 5 वर्ष के लिए आरक्षण लाया गया था जो इतनी लंबे समय तक चलता आ रहा है इसमें केवल राजनीतिक पार्टी वाले अपने स्वार्थ सिद्ध के लिए आरक्षण का इस्तेमाल कर रहे हैं नहीं तो आरक्षण नहीं रह जाती हम सभी मानव को राजनीतिक पार्टी वाले ही लड़ा रहे हैं राजनीतिक पार्टी वाले अपने-अपने रोटी सैकने के लिए यह आरक्षण का स्तैमाल कर रहै है।

# आबकारी विभाग ने महुआ शराब सहित महुआ लहान संग्रहण के मामले किये गए दर्ज

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

आबकारी विभाग शक्ति ने पूरे क्षेत्र में अवैध महुआ शराब एवं महुआ लहान को लेकर फिर एक बड़ी कार्रवाई की है, सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के विशेष मार्गदर्शन में जिला-सक्ती में आबकारी विभाग की अवैध शराब निर्माणकर्ता व्यक्तियों एवं भंडारण के चिन्हांकित स्थलों पर दबिश की कार्यवाही की गई,इस तारतम्य में वृत्त सक्ती के ग्राम परसदाखुर्द में संतकुमार जांगड़े पिता मोहितराम उम्र 36 वर्ष के रहवासी मकान से 08 ली महुआ शराब बरामद होने से 34(2)आब अधि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया, इसी श्रृंखला में आबकारी विभाग द्वारा वृत्त जैजैपुर के ग्राम हरदी में नाला किनारे में 03 चढ़ी भट्टी से 25 ली महुआ शराब व नाला किनारे रखे 2160 एमएल महुआ लहान लावारिस अवस्था में बरामद होने पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध 34(1) च , 34(2) का प्रकरण कायम किया गया। मुखबिर द्वारा रायपुरा के लोहरा- कोटिया तालाब में शराब निर्माण होने की सूचना पर तत्काल स्टाफके साथ रवाना होने व जांच करने पर 01 चढ़ी भट्टी तथा आसपास में 60 ली महुआ शराब व 220 कि ग्रा महुआ लहान लहान लावारिस अवस्था में बरामद होने पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध 34(1) च , 34(2) का प्रकरण कायम किया गया।



# बिजनेस विंग से ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा में 4 सौ से अधिक लोग राजयोग मेडिटेशन सीखनें पहुंचे

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बिजनेस विंग से ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा में 400 से अधिक भाई बहनें राजयोग मेडिटेशन सीखने पहुंचे । कार्यक्रम का आयोजन बिजनेस एवं इंडस्ट्री विंग की ओर से आध्यात्मिक ज्ञानोदय द्वारा व्यापार में स्वर्णिम युग विषय पर आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि बहन ने कहा कि गांव गांव से पधारे सभी भाई-बहनों का परमात्मा के घर में दिल से स्वागत है। यहां से सभी एक परमात्म वाक्य लेकर जाएं कि आज से एक-दूसरे के गुण ही देखेंगे। गुणों की लेन-देन का ही व्यापार करेंगे। सदा याद रखें मैं एक आत्मा हूं और मेरा साथी, शिक्षक, सद्गुरु एक परमपिता परमात्मा है। जब साथी के साथ होकर चलेंगे तो सदा जीवन सुख-शांति और प्रेम रहेगा। हमारी दृष्टि



सदा पवित्र हो। इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय में ईश्वरीय ज्ञान पढ़ाई जाती है। सदा एक-दूसरे को इंस्पायर करते रहें। हमारी जीवन यात्रा में ऐसी बातें हों जो सभी कहें कि जीवन हो तो ऐसा हो। परमात्मा सदा दयालु है। हम सभी परमात्मा के बच्चे हैं। किसान भाई-बहनें अपने बिजनस में आध्यात्म को शामिल कर लें तो व्यापार में भी स्वर्णिम युग आ जाएगा। फिर व्यापार भी ईमानदारी और सच्चाई-सफाई का व्यापार बन जाएगा। इस दौरान उन्होंने प्रभु स्मृति हॉल में उपस्थित सभी मेहमानों को राजयोग की गहन अनुभूति भी कराई। अपने जीवन का अनुभव बताते हुए शशि बहन ने कहा कि मुझे बचपन से ही परमात्मा की खोज थी। ब्रह्माकुमारीज से जुड़कर मेरा पूरा जीवन बदल गया। जीवन में कई परेशानियां आई लेकिन सभी ऐसे निकल गईं जैसे मक्खन में से बाल निकलता है। जब हमारे जीवन में मूल्य होते हैं तो हम जो भी कर्म करते हैं वह भी फलदायी और सुखदायी होते हैं। परमात्मा के आशीर्वाद से आज व्यापार दिन-रात बढ़ रहा है। अतिथियों ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज से जुड़कर पता चला कि जीवन की असली सक्सेस है खुद को जानना और खुदा को जानना। यदि जीवन में सुख-शांति और आनंद है तो वही जीवन की असली सफलता है। हम कितना भी पैसा कमा लें लेकिन यदि जीवन में आनंद नहीं तो वह पैसा व्यर्थ है। स्वागत भाषण देते हुए शशि दीदी ने सभी 400 से अधिक भाई बहनों का स्वागत वरदान कार्ड देकर किया। साथ ही इस कॉन्फ्रेंस का पूरी तरह से सभी से लाभ लेने का आह्वान किया। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत शशि दीदी के साथ सभी अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर की। वहीं बेमेतरा की बालिका ने सुंदर स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी। बी के राजू भाई ने कॉन्फ्रेंस की रूपरेखा रखी। बी के अशोक भाई ने आभार व्यक्त किया। सभी 400 से अधिक भाई बहनों ने ब्रह्मा भोजन करते हुए कार्यक्रम सफल संपन्न हुआ।

# सुबह शाम पंडित द्वारा मंत्रो उच्चारण कर की जा रही भगवान श्री गणेश जी की पूजा आरती

## 11 वे दिन हवन पूजा 12 वे दिन नगर भ्रमण 13 वे दिन मे विघ्नहर्ता को दी जाएगी विदाई

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला मुख्यालय के सिंघौरी वार्ड 13 दुर्गा मंच में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी प्रथम पूजनीय भगवान गणेश की प्रतिमा न्यू गणेश उत्सव समिति द्वारा स्थापित की गई है! और रोज सुबह शाम पंडित गौरव पांडेय के द्वारा मंत्रो उच्चारण कर की जा रही भगवान श्री गणेश जी की पूजा आरती और प्रसादी वितरण इसमें वार्ड के श्रोतागण भी बढ़ चढ़ कर आरहे है! ज्ञात हो कि शनिवार को जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलो के प्रमुख चौराहों, एवं घरों और पांडालों में पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी से बने भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना की गई है। समिति अध्यक्ष गोविन्द दास ने बताया की बेमेतरा जिला मुख्यालय में तकरीबन तीन दर्जन से ज्यादा स्थानों पर छोटे -बड़े पंडाल सजाए गए है!



और शनिवार को विधि विधान से स्थापना के बाद 11 वे दिनों तक पूजा अर्चना की जाएगी।और 12 वे दिन बुधवार

समिति और वार्ड के लोगो के साथ सिंघौरी वार्ड के चौक चौराहो मे भ्रमण किया जाएगा और 13 वे दिन गुरुवार 19 सितंबर को भगवान श्री विघ्नहर्ता गणेश को अमोरा स्थित शिवनाथ नदी मे विसर्जन कर विदाई दी जाएगी ईस में खास बात यह की जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की गाइड लाइन के चलते इस बार ज्यादा ऊचाई ना करके 7 फीट ऊंचाई की गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। गणेश चतुर्थी पर्व के साथ ही शहर के पंडालो में 11 दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गई हैं। शनिवार सुबह से ही नगर में भगवान गणेश चतुर्थी के दिन लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला है।गजानन भगवान को विराजमान कर अनंत चतुर्दशी तक हर तरफ गणपति बप्पा मोरया के जयकारे सुनाई देंगे, वैसे तो हिन्दू धर्म में रीति रिवाज के अनुसार प्रत्येक तीज त्यौहार का एक अलग ही महत्व है, जिसमें भगवान श्री गणेश का पर्व गणेश चतुर्थी का त्योहार भगवान गणेश के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है।गणेश चतुर्थी के दिन, भगवान गणेश को बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता के रूप में पूजा जाता है।सिंघौरी वार्ड 13 स्थित दुर्गा मंच के न्यू गणेश उत्सव समिति.अध्यक्ष, गोविन्द दास मानिकपुरी, दिनेश साहू, सागर साहू, प्रीत साहू, करण श्रीवास, लखन साहू, दीपक साहू, कोमल देवागन, दीपक वर्मा, दीप चंद श्रीवास, जीतेन्द्र वर्मा,केमन साहू, मनीष साहू, प्रेमू साहू, शिवम नेताम, गिरधर साहू ,रूद्र दास मानिकपुरी, गणेश साहू,

# भाजपा मंडल की दल्लीराजहरा अटलयोग सदन में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौंडीलोहारा विधान सभा स्तरीय सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत भाजपा मंडल की बैठक दल्लीराजहरा स्थित अटलयोग सदन में प्रदेश उपाध्यक्ष व संभागीय प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र सवन्नी ने अपने संबोधन में सदस्यता पर्व पर जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर उन्हें सदस्यता ग्रहण कराकर सदस्यता अभियान से जोड़ा जाए। वहीं उन्होने इस बात पर भी बल दिया कि आगामी विधान सभा चुनाव में डौंडीलोहारा विधान सभा में भाजपा का विधायक हो इस कारण से सदस्यता पर और भी जोर-शोर से बल देने की बात कहीं। कार्यक्रम में बालोद जिला के भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने वर्तमान में सदस्यता कि स्थिति पर चर्चा हुए कहा कि अल्प समाज में बेहतरीन कार्य में अंजाम आप सबने मिल कर दिया है मुझे आशा है निश्चित समय पर हम लक्ष्य की पूर्ती अवश्य दे कर लेंगे।




उन्होने सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन कार्य पदाधिकारियों मे जोश भरते हुए कहा कि भाजपा एक सैद्धातिंक पार्टी हैं। इस पार्टी में छोटा से छोटा कार्यकर्त्ता से लेकर बडा से बडा नेता एक कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य करते है। जिम्मेदारी पार्टी में अलग हो सकती हैं। उन्होने आगे कहा कि अपने दैनिक कार्यो में से कुछ समय सदस्यता पर्व पर दिया जाये तो हम लक्ष्य की प्राप्ति आसानी से करने की बात कहीं। प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने अपने उद्बोधन मे सभी से निवेदन करते हुए कहा कि हमें डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों में सदस्यता पर्व से जोडते हुए सदस्य बनाना है। जिसका लाभ आगामी निकायों, पंचायतो के चुनाव में हो सके। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश (छोटू) यादव के द्वारा किया गया एवं अभार प्रर्दर्शन दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने किया दल्लीराजहरा प्रथम आगमन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी एवं विधाययक रिकेश सेन का दल्लीराजहरा भाजपा मंडल द्वारा शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों में भूपेन्द्र सवन्नी प्रदेश उपाध्यक्ष, रिकेश सेन विधायक, पवन साहू जिलाअध्यक्ष, शीतल नायक प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोचा, चेमन देशमुख, देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता, राकेश छोटू यादव, दिलीप शर्मा, राजेश दसोडे सुरेश जयसवाल, गोविन्द वाधवानी, मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, मंडल महामंत्री महेन्द्र सिंह, मदन माइती, मनीष झा, रूपेश सिन्हा, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से न.पं अध्यक्ष सोमेश सोरी, भिखी मसीया दारा सिह भूआर्य, राजू कुकरेजा, महेश पाण्डेय, विनय डरसेना, गिरधर सिंहा, राकेश देवांगन, राहूल शर्मा, अजय चौहान, न.पं उपाध्यक्ष संतोष देवांगन, अब्दूल इब्राहिम, रूपेश नायक, जशराज, शर्मा, महेन्द्र पिपरे, सुरेश देशमुख, सुजीत झा, रमेश गुज्जर, बॉबी छतवाल, मंजीत कौर, संजीव सिंह किरण सिन्हा, बांटी चोपडे, उमेश विश्वकर्मा, इमरान खान, दमन दीप, गीता मरकाम, रमेश जैन, जर्नादन सिंगरोल, रामेश्वर साहू, श्याम जायसवाल, रमणी बाघ, ललिता विश्वकर्मा, पिंटू दूब, स्वाधीन जैन, जयदीप गुप्ता, आशिष लालवानी, टी. ज्योति, मेवा पटेल, उषा साहू नंदा पसीने, हरीश बाघ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कोबरा के काटने से बालक की जान बचाई, जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने दिखाया लाजवाब मेहनत

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के ग्राम मथानी कला के 07 वर्षीय बालक रुद्रा धुर्वे को कोबरा सांप ने काट लिया, लेकिन जिला अस्पताल के डॉक्टरों के सफल इलाज से उसे नया जीवनदान मिल गया। यह घटना एक बड़ी राहत की खबर है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों की मेहनत से रुद्रा की जान बच गई। डॉक्टरों ने उसका सफल इलाज किया और अब वह स्वस्थ हो गया है। सिविल सर्जन डॉ. केशव धुव ने बताया कि उनके परिजनों द्वारा बालक को तुरंत अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका सफल इलाज किया और उसे स्वस्थ कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि बालक की हालत गंभीर थी, लेकिन उनकी तुरंत की गई



कार्रवाई से उसकी जान बच गई।उन्होंने कहा की बालक को कोबरा सांप ने काट लिया था, लेकिन हमारी टीम ने तुरंत कार्रवाई की और उसका सफल इलाज किया। हमें इस बात की खुशी है कि बालक अब स्वस्थ है। बालक के परिजनों ने भी डॉक्टरों की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा की हमें डॉक्टरों पर पूरा विश्वास था और उन्होंने बेटे की जान बचा ली। हम उनका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल के डॉक्टरों की मेहनत और समर्पण का यह एक उदाहरण है और यह दर्शाती है कि कैसे डॉक्टरों की तुरंत की गई कार्रवाई से किसी की जान बचाई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से सुधार एवं विस्तार हो रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा भी जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तथा जरूरतमंद लोगों को सुविधाओं का लाभ मिल सके इसके लिए जिला प्रशासन स्तर पर लगातार प्रयास किया जा रहा है।

# मातरोडीह के प्रधान पाठक रेखराम कोठारी को मिला शिक्षादूत सम्मान




पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत शासकीय प्राथमिक शाला मातरोडीह के प्रधान पाठक रेखराम कोठारी को शिक्षादूत उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने कोठारी को सम्मान स्वरुप शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह व पांच हजार का चेक प्रदान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते है। शिक्षक अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाए तभी बच्चे का सर्वागीण विकास होगा। अध्यक्षीय भाषण में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि गुरु को गोविंद से भी बड़ा माना गया है। इस उल्लेखनीय सम्मान पर रेखराम कोठारी को कातरो के संकुल प्राचार्य राजेन्द्र बन्नोरे,मिडिल स्कूल प्रधान पाठक डालूराम साहू, प्राथमिक शाला कातरो के प्रधान पाठक नरेंद्र देशलहरे, संकुल समन्वयक परसराम साहू, इंद्रेश बंजारे, पोषण मारकंडे, शिक्षक रजनीश, राजेश बंजारे, गिरीश साहू, गौकरण टंडन, भानेश्वरी साहू, अनिता श्रीवास, ग्राम पंचायत कातरो के सरपंच मंजू यदु, शाला प्रबंधन समिति मातरोडीह के अध्यक्ष कल्याणी साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# दल्लीराजहरा खदान समूह सीएसडब्ल्यू प्लांट में कार्यरत कर्मचारी ने लगाई फांसी



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा खदान समूह के दल्ली माइंस के सीएसडब्ल्यू प्लांट में कार्यरत लकेश्वर पटेल पिता मुकुंद पटेल नाम के एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । जानकारी के अनुसार वह व्यक्ति रात्रि पाली ड्यूटी में था पुराने बंद पड़े लिफ्ट में जाकर 14 सितम्बर की सुबह 8 बजे फांसी लगा लिया है । मृतक दल्ली राजहरा के वार्ड नंबर 5 शिकारी बाबा वार्ड में फुटबॉल ग्राउंड के आसपास रहता था लेकिन वर्तमान में वह अपने मकान बेचकर पुराना बाजार में कहीं पर रहता था । पिता की मृत्यु होने के बाद उन्हें अनुकंपा नियुक्ति के तौर पर प्लांट के अंदर में ठेका श्रमिक के रूप में नियुक्ति दी गई थी। लकेश्वर पटेल अविवाहित था तथा उनके परिवार बिलासपुर क्षेत्र के निवासी हैं। आत्महत्या का कारण क्या है यह अज्ञात है लेकिन जिस तरह से जानकारी मिल रही है उसे बचाने का प्रयास भी लोगों के द्वारा किया गया। बंद लिफ्ट की ओर जाते समय उसे रोकने का भी प्रयास किया गया। लेकिन वह किस कारण से आत्महत्या कर अपनी इह लीला समाप्त कर दी ली यह जांच के बाद ही पता चलेगा। स्थानीय पुलिस द्वारा संबंधित लोगों से पूछताछ कर इस संबंध में जानकारी इकट्ठा कर रही है। जिससे पता चल सके की उसने आत्महत्या क्यों की।

# कलेक्टर ने किया छात्रावास अधीक्षक परीक्षा का औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आज रविवार को 15 सितंबर आयोजित छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा का कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अलग-अलग परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया । कलेक्टर सबसे पहले ज़िला मुख्यालय के शासकीय पीजी महाविद्यालय पहुँचे।वहां चल रही परीक्षा और व्यवस्था देखी। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भी उनके साथ थे। बाद में कलेक्टर सरस्वती शिशु मंदिर, शास कन्या उच्च माध्य विद्यालय , शास पूर्व माध्य शाला पिकरी तथा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में चल रही परीक्षा का भी निरीक्षण किया गया । केंद्राध्यक्ष ने परीक्षा शांति पूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित होना और किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होना बताया। इस समय संयुक्त कलेक्टर डी. आर. रात्रे और जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, साथ थे। कलेक्टर शर्मा ने एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में परीक्षा केंद्र प्रभारी को बैठक व्यवस्था सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया।

# रेंगाखार थाना अंतर्गत गांव में ग्रामीण की हत्या, फिर जलाया घर, धमाके से दहला गांव



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला अंतर्गत रेंगाखार थाना क्षेत्र के लोहारीडीह गांव में एक युवक का शव फांसी पर लटका हुआ मिला है। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। मृतक की पहचान गांव के ही कचरू साहू के रूप में हुई है। हत्या का शक जताते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव के एक व्यक्ति पर आरोप लगाया और उसके घर पर हमला कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी के घर को आग के हवाले कर दिया है। घटना के दौरान घर में धमाका होने से गांव में दहशत फैल गई। धमाके की वजह से घर में और भी लोगों के जिंदा जलने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद स्थिति को संभालने के लिए एसपी के नेतृत्व में 80 की संख्या में पुलिस बल लोहारीडीह गांव पहुंचा, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस को गांव में प्रवेश करने से रोक दिया है। हालांकि स्थिति को नियंत्रित करने और गांव में सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया है।

# रमेश गुज्जर शाला विकास समिति के अध्यक्ष नियुक्त

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के द्वारा दल्ली राजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी तथा कोर कमेटी सदस्यों की सहमति से जिला अध्यक्ष की अनुशंसा पर आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला नया बाजार राजहरा के प्रबंधन एवं विकास समिति का अध्यक्ष पद पर रमेश गुज्जर को नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं एवं कहा की शाला के विकास एवं विद्यार्थियों के हित में कार्य करने की कामना से रमेश गुज्जर को नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति में बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद वाधवानी सुदेश सिंह, महामंत्री मदन महती महेंद्र सिंह गुडडू प्रदेश महिला उपाध्यक्ष शीतल नायक नेता प्रतिपक्ष एवं जन भागीदारी अध्यक्ष बॉबी छत्तवाल, जिला मंत्री राजेश दसोडे, राजू कुकरेजा, महेश पांडे, सुरेश जयसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष देवांगन सुजीत झा, भूपेंद्र डहरवाल, किरण सिंन्हा, महेंद्र पिपरे, शंकर साहू, राजेश कांबले, सुमित जैन, मनन गुप्ता तोरण लाल साहू, हरीश बाग, सुरेंद्र बेहरा, रमेश जैन, गीता मरकाम, संजीव सिंह, बंटी चोपड़े, एस श्रीजीत दमनदीप सिंह मोहम्मद इमरान हेमंत गौतम ममता नेताम श्याम जायसवाल अंकित जायसवाल जनार्दन सिंगरोल सहित भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# अंतर शालेय खेल प्रतियोगीता का आयोजन



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्थापक दिवस पं. वामन बलो राय लाखे जी के 152 की जयंती के अवसर पर विद्यालय प्रांगण मे अंतर्शलेय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इस 5 दिवसीय अंतर्शलेय प्रतियोगिता का रंगारंग शुभरम्भ प्राचार्य मंजू साहू व्यवस्थापक विष्णु महोबिया के द्वारा किया गया। जिसमें भारत माता हायर सेकेंडरी स्कूल टाटीबंध, होली फेथ हायर सेकेंडरी स्कूल कबीर नगर, नवयुग हायर सेकेंडरी स्कूल हीरापुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हीरापुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा, आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मोहबा बाजार से कुल 195 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप मे नवयुग स्कूल की प्राचार्य सरला चोपकर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हीरापुर के शिक्षक एसपी की इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्राचार्य आशा बोस उपस्थित रही। आज की प्रतियोगिता मिडिल स्कूल में निबंध प्रतियोगिता, फुगाडी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, बोरा दौड़ प्रतियोगिता, स्लो साइकिल रेस, वेस्ट् मेटेरियल से समाग्री तेयार करना, हायर सेकेंडरी स्कूल प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता (पं वामन राव जी जीवनी)। इस कार्यक्रम का प्रभार रेणु सोनी, दीप्ति साहू, लेमन् चक्रधारी, नीलम श्रीवस्त्व, डेविड प्रसाद मिश्रा, संतन महिलांग को दिया गया। इस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण 17/9/2024 को मुख्य अतिथि पुरंदर मिश्र विधायक रायपुर उत्तर छतीसगढ़, फिल्म निर्देशक प्रकाश अवस्थी विशेष अतिथि के रूप में विराजमान रहेंगे। वार्ड के पार्षद कमलेश्वरी वर्मा के कर कमल के द्वारा पुरस्कार वितरण किया जावेगा।

# राज्य सरकार किसानों के हित मे कार्य कर रही : ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

सहकारी समिति उतई में वार्षिक आमसभा व खोपली में नवीन किसान कुटीर के लोकार्पण का आयोजन धान उपार्जन उपकेन्द्र खोपली में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दूर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर थे। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति योगिता चंद्राकर ने की। कार्यक्रम में जनपद सदस्य डोमन भारती, भाजपा उतई मंडल के अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा सरपंच मंजू वर्मा, पुकेश चंद्राकर, सोनू राजपूत, शुभम वर्मा, देवेन्द्र भारती, संतोष साहू, रमाकांत चंद्राकर विशेष अतिथि थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने कृषक कुटीर का लोकार्पण व ग्राम पंचायत खोपली के विभिन्न विकास योजनाओं का



भूमिपूजन के बाद भारत माता कृषक देव भगवान बलराम छत्तीसगढ़ महतारी के पूजा व दीप प्रज्जवलन के बाद अतिथियों का स्वागत अभिनंदन के बाद स्वागत भाषण व प्रतिवेदन संस्था प्रबंधक गिरधर सोनी के द्वारा वाचन किया गया। सरपंच मंजू वर्मा के द्वारा कृषकों को कार्यक्रम में बधाई दिया व गांव में विकास के लिए विधायक के द्वारा करायी जा रही है उसके लिए आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष फतेलाल वर्मा के द्वारा धान उपार्जन उपकेन्द्र में फड़ चबूतरा व बाउन्ड्री वाल के लिए राशि 60 लाख विधायक के समक्ष रखा। अध्यक्षता कर रहे योगिता चन्द्राकर सभापति जिला पंचायत दुर्ग द्वारा किसानो के हित में संपूर्ण सहयोग देने हेतू आश्वस्त किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता किसान है उनके लिए पैसे की कोई कमी नहीं है कृषक सुविधा उपलब्ध कराना हमारा काम है। जो मांग आप लोगों ने दिया है जल्द काम प्रारंभ होगा। संस्था के प्राधिकृत अधिकारी, प्रबंधक व कर्मचारियों द्वारा समस्त मचस्थ अतिथियों का शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन प्रबंधक गिरधर सोनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बाबूलाल सपहा, रूपनारायण शर्मा, लुमेश्वर चंद्राकर, जीवन लाल साहू, सतीश चंद्राकर, रूपेश पारख, लक्ष्मीनारायण साहू, माधोलाल साहू, चंदू देवांगन, पुरेंद्र वर्मा, नरेंद्र साहू, लता सोनवानी, सुनीता शर्मा, कांतिलाल साहू, राजू लाल साहू, खुबीलाल साहू, घनश्याम चंद्राकर, तिलक साहू सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# डीजे के लिए अड़ी समितियां.. आपसी बैठकों का दौर जारी, रियायत न देने पर झांकी न निकालने की धमकी

## कोर्ट की गाईडलाईन और भाजपा शासन के आदेश ने डीजे पर लगाया ब्रेक

- कलेक्टर -एसपी निर्देशों पर अड़े, कहा - नहीं मिलेगी रियायत, कार्रवाई होगी

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

विसर्जन झांकियों में डीजे के इस्तेमाल को लेकर अब भी खींचतान की स्थिति बनी हुई है। न्यायलयीन आदेशों के संदर्भ में जिला प्रशासन ने डीजे के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी है। तो दूसरी ओर समितियां झांकी न निकालने कर विरोध करने दर्ज कराने की धमकी दी है। इन बीच प्रशासन अपने नियम-शर्तों पर टिका हुआ है। कलेक्टर ने साफ कहा कि न्यायलय और शासन के निर्णय के अनुसार ही आयोजन होगा। बीते एक हफ्ते से झांकी में डीजे का मुद्दा गरम है। डीजे बजाने की अनुमति न दिए जाने को लेकर शहर के युवाओं में रोष है। दूसरी ओर बुद्धिजीवी वर्ग प्रशासन के फैसले के साथ है। अब इस मामले में डीजे संचालकों के बजाए झांकी निकालने वाली समितियां अड़ गई हैं। रविवार की सुबह सर्किट हाऊस में समितियों के पदाधिकारियों की भीड़ उमड़ी। यहां उन्होंने चर्चा कर प्रशासन के फैसले को गलत बताते हुए झांकी न निकालने की चेतावनी दे डाली। शनिवार को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने आखिरी बैठक करते हुए समितियों को डीजे का इस्तेमाल न करने का फैसला सुना दिया था। 11 सितंबर को इस संदर्भ में राज्य शासन से भी निर्देश जारी हुए हैं। न्यायलयीन आदेशों को किसी सूरत में नज़र अंदाज नहीं किया जा सकता। इस स्थिति में भी अगर डीजे बजाया जाता है तो इसके बाद निर्मित होने वाली स्थिति में कलेक्टर और एसपी जवाबदेह होंगे। उन्हें कोर्ट में भी इसके लिए खड़ा होना पड़ सकता है। यह प्रशासन के लिए स्वीकार्य स्थिति नहीं है।

### समितियों के आग्रह-निवेदन पर नहीं पिघला प्रशासन, झांकी में डीजे के लिए 'नो मिन्स नो'

#### ध्वनि प्रदूषण पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, कहा - नियम न मानने पर सीधी कार्रवाई



रियायत देने से इंकार

डीजे के खतरों से चेताया जा चुका है

### नई परंपरा से मिलेगी राहत

दूसरी ओर प्रशासन एक नई परंपरा की शुरुआत की पहल कर रहा है। डीजे को झांकियों में शामिल न किए जाने से ध्वनि प्रदूषण से राहत मिलेगी। झांकियां जिस रुट से निकल रही है वहां सैकड़ों परिवारों को भी पूरी रात की यातना से परेशान नहीं होना पड़ेगा। बड़े-बुजुर्गों और छोटे बच्चों के लिए डीजे की तेज आवाज और बेस का कंपन मुश्किलें पैदा कर सकता है। यही नहीं कई वर्ग के लोग डीजे के चलते झांकियां देखने नहीं जुटते वे भी इस आयोजन में शामिल हो सकेंगे।

### नांदगांव पर सबकी नज़र

राजनांदगांव में डीजे के इस्तेमाल न किए जाने के प्रयोग का बड़ा असर होने वाला है। इस आयोजन के बाद प्रदेश की राजधानी रायपुर सहित विभिन्न नगरों में ऐसे ही आयोजन पर भी डीजे के इस्तेमाल में ब्रेक लग जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी मोहित गर्ग पूरी सख्ती के साथ इस पहल में जुटे हुए हैं। एसपी ने शनिवार को ही कहा था कि, अगर डीजे बजा तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल स्पष्ट कर चुके हैं कि इस विषय में किसी तरह की रियायत का सवाल ही नहीं उठता।

### कलेक्टर-एसपी अड़ियल : किशुन

इन सबसे परे गणेशोत्सव का आयोजन करने वाली समितियां अब भी रियायत की उम्मीदें लगाई बैठी हैं। इस मामले को लेकर वे जनप्रतिनिधियों से भी प्रशासन से बात करने की अपील कर रहे हैं। वहीं नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने समितियों के सदस्यों की मौजूदगी में बयान देते हुए कहा कि, समितियों को डीजे शामिल न किए जाने को लेकर कलेक्टर-एसपी अड़ियल रवैया अपना रहे हैं। युवा डीजे की मांग कर रहे हैं तो उन्हें रियायत मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि, राजनांदगांव हॉकी और झांकी के लिए ही जाना जाता है। अगर झांकी की भव्यता कम होगी तो ये हमारी पहचान को प्रभावित करेगा।

---

## धुर नक्सल प्रभावित खड़गांव में हुआ जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com




जिले के मानपुर ब्लॉक अंतर्गत धुर नक्सल प्रभावित खड़गांव तहसील मुख्यालय में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर के दरमियान जिले के कलेक्टर मुख्य रूप से शिविर में मौजूद रहे। साथ ही तमाम विभागीय अफसरों की भी यहां उपस्थिति रही।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिविर के दौरान कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामीण शिविर में पहुंचे तथा कलेक्टर से मुखातिब होकर ग्रामीणों ने उनके सामने अपनी समस्याओं व जरूरतों को रखा। कलेक्टर से ग्रामीणों की बातों सस्याओं, जरूरतों को सहानुभूति पूर्वक सुन कर उन्हे समस्याओं के निदान व जरूरतों की पूर्ति का भरोसा दिलाया। वहीं कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अफसरों को समस्याओं का यथाउचित जल्द निराकरण करने हेतु निर्देशित भी किया। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि समेत विभिन्न विभागों द्वारा शिविर में स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में विभागीय अफसरों, कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को आवश्यक जानकारियां व सुझाव दिया गया। स्वास्थ्य विभाग का भी यहां स्टॉल लगा रहा जहां जरूरतमंदों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श व दवाइयां भी दी गई। यही नहीं इस दरमियान कृषि विभाग द्वारा 4 किसानों को स्वाइल हेल्थ कार्ड भी वितरित किया गया। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामीणों ने यहां पहुंचकर शिविर का लाभ अर्जित किया। कलेक्टर एस जयवर्धन ने शिविर के दौरान संबोधन देते हुए 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में जिले के सभी क्लस्टर के ग्राम पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बेहतर कार्य करने की अपील की। साथ ही स्कूली बच्चों, आंगनबाड़ी के बच्चों व पालकों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया।

## बाढ़ पीड़ित वार्ड मोहड़ में तीज महोत्सव मनाकर कांग्रेसियों ने ग्रामीणों के जख्म पर नमक छिड़का : मधु

- रोम जल रहा था, नीरो बंशी बजा रहा था, कहावत चरितार्थ

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री बघेल सहित कांग्रेसियों के द्वारा बाढ़ पीड़ित वार्ड मोहड़ में तीजा महोत्सव मनाने के कृत्य को पूर्व सांसद और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने संवेदनहीनता और बेशर्मी की पराकाष्ठा करार दिया है।

उन्होंने बाढ़ पीड़ित वार्ड में तीजा त्यौहार मनाने वाले कांग्रेसी नेताओं के कृत्य को आपदा पीड़ित ग्रामीणों के जख्मों पर नमक छिड़कने का कार्य बताया है। राजनांदगांव के 15 से अधिक ग्राम बाढ़ से पीड़ित रहे, जहां रहने, सोने की परेशानी तो दूर ग्रामीणों के घरों में तीन दिन चूल्हा तक नहीं जला, जिसकी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने चिन्ता करते हुए बाढ़ पीड़ित ग्रामों का दौरा कर तत्काल राहत उपलब्ध करायी। उन्होंने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जरूरतमंदों एवं आपदा प्रभावित जनता के लिए भोजन की थाली सहित खाद्य सामग्री कै पैकेट, पेयजल की आपूर्ति कराकर प्रभावितों को हुए नुकसान की भरपायी हेतु सर्वे व तत्कालिक राहत के निर्देश कलेक्टर व संबंधित अधिकारियों को दिये। वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित शहर कांग्रेस के पदाधिकारी बाढ़ पीड़ितों के क्षेत्र में तीजा उत्सव मनाकर उनकी छाती पर मूंग दलने का काम करते रहे। जिम्मेदार पदों पर बैठे कांग्रेसी नेताओं को फुर्सत नहीं थी कि एक भी बाढ़ पीड़ित वार्डों और ग्रामों में जाकर उनका दुखड़ा सुन सके। आश्चर्य है कि बाढ़ पीड़ित मोहड़ वार्ड में वे तीजा का त्यौहार कैसे मना सके हैं कांग्रेसी और ठगेश जी ने ''रोम जल रहा था और नीरो बंशी बजा रहा था÷ कहावत को राजनांदगांव में चरितार्थ किया है। पूर्व सांसद ने तंज कसते हुए कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि विधानसभा और लोकसभा में राजनांदगांव की जनता द्वारा कांग्रेस को सिखाए गए सबक में कुछ कसर रह गयी है, जिसकी भरपाई वे आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में राजनांदगांव की जनता से करवाने की तैयारी कर रहे हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

पायनियर संवाददाता ◀ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

नाबालिग बालिका से दुष्कर्म कर उसकी अश्लील फोटो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने वाले आरोपी को सत्र न्यायालय ने 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश चंद्रकुमार कश्यप ने दोष सिद्ध होने के बाद आरोपी बिटटू साहू 22 वर्ष परपोड़ी जिला बेमेतरा को कारावास सहित अर्थदंड से दंडित किया। मामला तीन साल पहले का है। मामले में पुलिस ने दुष्कर्म सहित पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायालय में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने के बाद न्यायाधीश कश्यप ने आरोपी को विभिन्न धाराओ में 20 साल सश्रम कारावास और 21 हजार का अर्थदंड लगाने के आदेश दिए। पीड़िता की ओर से अपर लोक अभियोजक अल्ताफअली ने पेरवी की। पीड़िता नाबालिग के पिता ने 31 मार्च 21 को गंडई थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराते नाबालिग पुत्री के दो साल पहले नाना के घर पढ़ाई करने के दौरान बिमल उर्फ बिटटू साहू द्वारा जान पहचान कर युवती के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने, जानकारी के बगैर फोटो और अश्लील वीडियो बनाकर नाबालिग द्वारा बातचीत बंद करने व पर सोशल मीडिया में वीडियो और फोटो को वायरल करने की धमकी देने, युवती द्वारा बातचीत करने नहीं मानने पर गांव के अन्य व्हाटसएप ग्रुप में वीडियो को वायरल करने से नाबालिग और परिवार के परेशान होने की जानकारी दी थी।

## अलग-अलग मामलों में 9 के खिलाफ कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 7 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। लखोली बायपास के पास सोम मरकाम (19) को शराब बेचते पकड़ा गया। इसी तरह हाट बाजार में आमिर खान पिता (21), पुराना बस स्टैण्ड में मेहमूद खान (32), अमरूद साहू (48) द्वारा नशे में आपत्तिजनक हरकतों के मामले में कार्रवाई की गई है। इसी तरह रामनगर बिजली आफिस के पास हुडदंग कर उत्पात मचाने वाले रोहन यादव (25) साल निवासी रामनगर के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई है। वहीं लखोली चौक के पास राजनांदगांव में पुलिस की उपस्थिति में हंगामा करने वाले सद्दाम शरीफ (30), उत्तम कुमार पारेख उर्फ मुत्तु (25) पर धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत पृथक-पृथक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

### 17 सितम्बर को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव। राज्य शासन के निर्देशानुसार अनंत चर्तुदशी एवं पयुषर्ण पर्व के अंतिम दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 17 सितम्बर दिन मंगलवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

## गणेश विर्सजन पर्व पर बंद रहेगी मदिरा दुकानें

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन एवं गणेश विसर्जन के पावन पर्व पर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत नगर निगम सीमा क्षेत्र राजनांदगांव अंतर्गत स्थित देशी व विदेशी मदिरा एवं एफएल 3 होटल बार तथा भांग दुकान को 16 सितम्बर 2024 को शाम 5 बजे से 17 सितम्बर 2024 को सम्पूर्ण दिवस हेतु बंद रखने निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि गणेश विर्सजन के पावन पर्व पर लोकहित एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत राजनांदगांव नगर निगम सीमा क्षेत्र के भीतर स्थित देशी मदिरा दुकान बंद रहेगी। जिसमें रेवाडीह बाईपास, देशी मदिरा दुकान मण्डी बाईपास, विदेशी मदिरा दुकान रेवाडीह बाईपास, विदेशी मदिरा दुकान मण्डी बाईपास, विदेशी मदिरा दुकान वार्ड क्रमांक 22 राजनांदगांव, एफएल 3 श्री स्टार राज इम्पीरियल होटल बार रेवाडीह, एफएल 3 राजदूत होटल बार जीई रोड, एफएल 3 ब्लू डायमण्ड बार जीई रोड, एफएल 3 सोनू बार जीई रोड, एफएल 3 सम्राट होटल बार जीई रोड, एफएल 3 आवाना होटल बार श्री स्टार जीई रोड एवं भांग व भांगघोटा राजनांदगांव की फुटकर दुकान 16 सितम्बर 2024 को शाम 5 बजे से एवं 17 सितम्बर 2024 को सम्पूर्ण दिवस हेतु बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

## संजय भोजाणी का निधन



**राजनांदगांव।** शहर के तेन्दूपत्ता कारोबारी संजय भोजाणी (65 वर्ष ) का रविवार को निधन हो गया। भोजाणी का परिवार तेन्दूपत्ता व्यवसाय से बरसों से जुड़ा है। स्थानीय रेल्वे स्टेशन के समीप उनका निवास है। उनके निधन की खबर से गुजराती और गैर गुजराती समाज में शोक की लहर व्याप्त है। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर बाद निवास से निकली। स्थानीय मुक्तिधाम में करीब 4.30 बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सामाजिक जनों के साथ ही शहर के नागरिक मौजूद थे। यहां मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इससे पूर्व संक्षिप्त शोक सभा में भोजानी के परिजनों व करीबियों ने उनके मिलनसार व्यक्तित्व और सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला।

## मोहला उपसरपंच के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर जिले के मोहला पंचायत के उपसरपंच के खिलाफ सरपंच की जानकारी के बगैर लेटर पेड का इस्तेमाल कर फर्जी कार्यों हेतु किए जाने के मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया है। मोहला सरपंच सरस्वती ठाकुर ने पुलिस से शिकायत करते बताया कि वर्ष 2024 के फरवरी माह में ग्राम मोहला के दशहरा मैदान में आयोजित होने वाली मंडाई मेला में झूला लगाने उपसरपंच अब्दुल खालिक 34 वर्ष निवासी वार्ड नं. 9 मोहला द्वारा मेरे पंचायत का लेटरपेड को झूला वालों को मेरे जानकारी के बिना छलपूर्वक झूला लगाने अनुमति प्रदान किया था। जिसकी जांच जनपद पंचायत मोहला में हुई। जांच रिपोर्ट सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहला द्वारा एफआईआर कराने के आदेश पर एफआईआर करने आवेदन किया। मामले की शिकायत ग्राम पंचायत मोहला के ग्रामीणों ने कलेक्टर के समक्ष किया था। जिसके बाद कलेक्टर ने मामले में जांच के आदेश मोहला एसडीएम को दिए थे। एसडीएम ने मामले में आरोपी उपसरपंच को दोषी पाते उपसरपंच के पद से बर्खास्त कर दिया था। उपसरपंच अब्दुल खालिक ने एसडीएम के आदेश को चुनौती देते कलेक्टर न्यायालय में अपील की थी। कलेक्टर न्यायालय ने मामले में उपसरपंच अब्दुल खालिक को ग्राम पंचायत सरपंच के लेटरपेड का दुरूपयोग कर झूला संचालक को फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में दोषी पाते ग्राम पंचायत को एफआईआर दर्ज करवाने आदेश जारी किए थे।

## विष्णु के सुशासन पर असफल सरकार का टैग

## कांग्रेस की योजनाएं बंद कर दी, फिर भी कर्ज पर कर्ज ले रही साय सरकार : राहुल तिवारी

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राहुल तिवारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की कर्ज लेने की नीति को चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि, चंद महीनों में ही इस नई नवेली सरकार ने 32 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया है। इसके बाद वे एक बार फिर एक हजार करोड़ का कर्ज लेने की तैयारी में है। हमें समझना चाहिए कि ये कर्ज हमारे राज्य के लिए कितनी मुश्किलें खड़ी कर सकता है। विष्णुदेव सरकार की ये परंपरा राज्य पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है।

राहुल ने कहा कि, 9 महीनों की विष्णुदेव साय सरकार में महतारी वंदन योजना ही संचालित हो पा रही है। उसमें भी जैसा वायदा भाजपा ने चुनाव के दौरान किया था वैसे मानदंड नहीं अपनाए गए हैं। आज भी कई महिलाओं को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग के व्यक्ति तक सीधी मदद पहुंचाने का जिम्मा उठाया था और वायदा निभाया था। भाजपा ने सत्ता में आते ही ऐसी अनेकों योजनाओं को बंद कर दिया। ग्रामीण परिवेश के बढ़ते विकास को वे पचा नहीं सके। ध्रुवीकरण और पूंजीवाद की विचारधारा वाली भाजपा सरकार ने प्रदेश को कई मोर्चों पर पीछे धकेलने का प्रयास किया है।

उन्होंने कहा कि, आंकड़े बता रहे हैं कि इस सरकार ने कुछ ही महीनों में 32 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया है। इसके बाद अब आरबीआई से दोबारा कर्ज लेने की तैयारी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी ने कहा है कि, साय सरकार ने रिजर्व बैंक को एक बार फिर 1000 करोड़ की प्रतिभूतियां को बेचने का प्रस्ताव दिया है। 17 सितंबर को प्रतिभूतियों की नीलामी प्रस्तावित है। प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार की स्थिति पर मुख्यमंत्री की आलोचना की है जो कि उचित भी है।

प्रवक्ता तिवारी ने कहा कि, पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी को भाजपा ने प्रदेश में वित्त की कमान सौंपी है। उन्होंने पिछले बजट सत्र में छत्तीसगढ़ की जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाए। उन्होंने राज्य स्थापना के दिन 1 नवंबर को अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजनञ्च2047 पेश करने की बात कही है। लेकिन इससे पहले ही बढ़ते कर्ज की स्थिति कई तरह की शंकाएं पैदा कर रही है। इससे पहले भाजपा के विधानसभा चुनावी वायदों में शामिल रायपुर, भिलाई और दुर्ग को दिल्ली के एनसीआर के तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की थी। लेकिन अब सरकार इस पर होंठ तक नहीं हिला रही है। अलबत्ता पिछले महीनों में बिजली की दरें बढ़ा दी गई हैं। कई राहत की योजनाएं ठप कर दी गई हैं। पूर्ववर्ती सरकार को लेकर दावे करते हुए तिवारी ने कहा कि, कांग्रेस जनता के लिए न्याय का पथ आगे बढ़ा रही थी जिस पर भाजपा ने अड़ंगा डाला है। आर्थिक, सामाजवाद के मोर्चे पर सरकार असफल है और इसके लक्षण अभी से नज़र आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, भाजपा सरकार दिल्ली के इशारों पर फैसला ले रही है। यहां पर्दे के पीछे कोई और ही फिल्म चल रही है।

## ठगी का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल




**राजनांदगांव।** नौकरी लगाने के नाम पर 90 हजार की ठगी करने वाले आरोपी को चिखली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सनसनी उर्फ शशिकांत देवांगन के खिलाफ 13 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई गई थी। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी शशिकांत ने अपनी पहचान का हवाला देते हुए उसकी पत्नी की एएनएम पद पर मेकाहारा अस्पताल में नौकरी लगाने का वायदा किया था। इस एवज में उसने दो किश्तों में 90 हजार रुपए लिए थे। रकम देने के बाद काम न होने पर जब उससे रकम वापिस मांगी गई तो उसने आनाकानी शुरु दी। अंततः पीड़ित ने पुलिस को मामले की सूचना दी। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद से शशिकांत फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व मे भी थाना डोंगरगांव मे उद्यापन का मामला दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल दाखिल किया गया है।

# पुलिस जन चैपाल : ग्राम डूमरमूडा में नशा उन्मूलन और साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में कल थाना जूटमिल द्वारा ग्राम डूमरमूडा में पुलिस जन चैपाल के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशा उन्मूलन, साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध और यातायात नियमों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा नशा उन्मूलन के संबंध में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह परिवार और समाज में अपराध और असामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है। लोगों को नशे से दूर रहने और अपने आसपास के नशा करने वालों को सही मार्ग पर लाने के लिए प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे की जानकारी देते हुए रहवासियों को इंटरनेट और मोबाइल के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को धोखा देने के लिए नए-नए तरीकों का उपयोग करते हैं। उन्हें ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, और पहचान चोरी जैसे साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी, थाना प्रभारी ने महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए, उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। यह बताया गया कि यदि कोई भी महिला किसी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न का शिकार होती है, तो उसे तुरंत पुलिस से संपर्क करना चाहिए। पुलिस उनकी शिकायतों पर तुरंत और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करती है । इस दौरान थाना प्रभारी ने रहवासियों को यातायात नियमों की अनदेखी करने से होने वाले खतरों के बारे में बताया गया और उन्हें दुपहिया पर हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने और शराब पीकर गाड़ी न चलाने की समझाश दी गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज के साथ प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, आरक्षक धनेश्वर उरांव, तरुण महिलाने और बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं उपस्थित थीं। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और अपने सवालों को थाना प्रभारी से साझा किया, जिनका थाना प्रभारी ने विस्तार से उत्तर दिया।

## गणेश विसर्जन करने गये युवक की तालाब में डूबने से हुई मौत

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के कुडूमकेला में तालाब में युवक के डूबने से मौत होने कि जानकारी निकल कर सामने आ रही है। मिली



जानकारी अनुसार कुडूमकेला में कल 13 सितम्बर को गणेश विसर्जन करने गाँव के बाघ तालाब गये थे उसी दौरान अमित महंत पिता खिलन दास ऊर्फ मिनगइहा उम्र लगभग 24 वर्ष कि तालाब में डूबने से मौत हो गई है। ग्रामीण के बताये अनुसार कल शाम को मृतक अमित महंत गणेश विसर्जन के लिये तालाब में उतरा था तालाब गहरा होने के कारण अंदर डूब गया जिसकी बाद ग्रामीणों और साथियो ने अमित को बहुत ढूंढने का प्रयास किया था परन्तु अमित नहीं मिला। आज 14 सितम्बर को सुबह परिजनों के साथ ग्रामीणों ने तालाब में अमित को ढूंढने पर अमित का शव मिला।

# संभागायुक्त और कलेक्टर चौधरी ने किया निर्माणाधीन विश्वविद्यालय भवन का निरीक्षण

## निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने कांट्रेक्टर को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग संभाग के आयुक्त एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने नगर के पोटिया वार्ड में विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के मैप का अवलोकन किया और कांट्रेक्टर को भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने निर्माणाधीन भवन में प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया। इस अवसर पर एसडीएम एच.एस. मिरी, तहसीलदार पी.आर. सलाम, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## तीन दिनों तक चक्रधरनगर फाटक रहेगा बंद, रेलवे प्रशासन ने बताई यह वजह

**रायगढ़।** चक्रधर नगर फाटक आगामी तीन दिनों 20,21 और 22 सितंबर को लिए बंद रखा जाएगा। आवश्यक वार्षिक मरम्मत कार्य करने के कारण रेलवे प्रशासन ने यह फैसला लिया है। रेलवे प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल अंतर्गत मानव सहित समपार संख्या 287 (चक्रधरनगर फाटक) को 20, 21 और 22 सितंबर कुल तीन दिनों तक बंद रखने का फैसला लिया है। यह फाटक रात बजे से सुबह 8 बजे तक बंद रहेगा। रेल्वे प्रशासन ने इसकी वजह आवश्यक वार्षिक मरम्मत कार्य करना बताई है। इस मरम्मत कार्य के दौरान जनता आवागमन के लिए केलो ब्रिज के नीचे की सड़क मार्ग का उपयोग कर सकती है। रेल प्रशासन ने जनता को होने वाली इस असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हुए सहयोग की आशा की है।

# अनियंत्रित ट्रेलर वाहन के चपेट में आने से युवक की मौत, आरोपी चालक वाहन को छोड़कर हुआ फरार

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के तमनार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत धौंराभांठा में अंनियंत्रित कोयला लोड ट्रेलर वाहन की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवक की हुई दर्दनाक मौत। मिली जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना 13 सितंबर रात लगभग 10 बजे कि बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि आमगांव निवासी नीरज गुप्ता उर्फ मनवा पिता उमेश गुप्ता उम्र 26 वर्ष जो कि धौंराभांठा जयस्तंभ पर मोटर साईकिल रिपेयरिंग का कार्य करता था। जो की रात को खाना खाने के बाद दुकान में सोने के लिए जा रहा था, जैसे ही अपने दुकान के करीब पहुंचने वाला था अचानक उडिसा बावडर की ओर से ओभर लोड कोयला टेलर वाहन ने लापरवाही पूर्ण वाहन चला कर युवक के ऊपर सीधे चढ़ा दिया और घसीटते हुए लगभग 15 मीटर तक ले गया। जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। शव की हालत उठाने लायक नहीं रहा पूरी तरह चकनाचूर हो गया है। दुघर्टना कारित टेलर वाहन उड़ीसा के ट्रांसपोर्टर का है, ग्राम तुमलीया के रतिरंजन चैधरी का बताया जा रहा है। घटना की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गया है और जयस्तम्भ चौक के सभी व्यापारियों और युवक के परिजनों ने चक्का जाम कर दिया है। पुलिस को रात को ही सूचना मिल गया था, आगे की कार्यवाही जारी है?

# बेरलकला में श्रीराम कार्यक्रम में योगेश तिवारी ने कहा भगवान श्रीराम ही आखिरी आदर्श

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के ग्राम बेरलकला में गणेश पक्ष के अवसर पर भगवान श्रीराम पर आधारित एक भव्य रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम को अपनी उपस्थिति से गौरवान्वित किया। मुख्य अतिथि योगेश तिवारी ने कार्यक्रम में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि समाज की उन्नति में हर व्यक्ति का महत्वपूर्ण योगदान होता है और इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से सामाजिक भाईचारा, सौहार्द और एकता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान श्रीराम पर आधारित कार्यक्रम और रामायण जैसे आयोजनों का आयोजन होते रहना चाहिए, क्योंकि ये हमारी संस्कृति और आदर्शों को आगे बढ़ाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ही हमारे आखिरी आदर्श हैं। इस मौके पर सैंकड़ों लोगों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में ग्राम सरपंच शारदा निषाद, हीरावन साहू, बुलाकी राम साहू, उदय राम, पुनितराम साहू, भानबती निषाद, दुलारी साहू, और रूपराम निषाद का विशेष योगदान रहा। उनके समर्पण और प्रयासों ने इस कार्यक्रम को एक यादगार धार्मिक आयोजन बना दिया।

# खरसिया पुलिस को लगातार दूसरे दिन चोरी के मामले में मिली सफलता

### ग्राहक सेवा केन्द्र में चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



चैकी खरसिया पुलिस ने लगातार दूसरे दिन चोरी के एक और मामले को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।
रिपोर्टकर्ता आशुतोष सिन्हा (26 वर्ष) निवासी ग्राम बेलभांठा गीधा तहसील खरसिया ने कल 13 सितंबर को पुलिस चैकी खरसिया में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उनकी ष्शिव शक्ति ग्राहक सेवा केंद्र नाम की दुकान रायगढ़ चैक, खरसिया के पास स्थित है। 13 अगस्त को दुकान बंद कर वे बाहर गए थे। अगले दिन, पड़ोसी दुकानदार ने उन्हें सूचित किया कि उनकी दुकान का शटर खुला हुआ है और चोरी की आशंका है। दुकान की जांच करने पर पाया गया कि दुकान का ताला टूटा हुआ था और वहां से एक लेमिनेशन मशीन, कैमरा का डीवीआर, 600 रुपये नकद, वाईफाई राउटर, और ब्लोवर मशीन चोरी हो गए थे। चोरी की रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

# पोषण अभियान में उत्साह से भाग ले रहे नन्हे मुन्ने बच्चे



पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश अनुसार जिले को कुपोषण से मुक्त करने सार्थक प्रयास किया जा रहा है। आंगनबाड़ी में बच्चे उत्साह से भाग ले रहे हैं। नवाचार गतिविधियों से बच्चों का उत्साह वर्धन किया जा रहा है। पोषण संबंधित देख-भाल के लिए पोषण माह का आयोजन जिले में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पोषण अभियान अंतर्गत बच्चों के वजन में बढ़ोत्तरी को मापने के साथ ही वजन त्यौहार, चौपाल, अन्नप्राशन दिवस, परिवार चौपाल, पोषण मेला, व्यंजन प्रदर्शन जैसे आयोजन पंचायत और शहरी क्षेत्रों में किए जा रहे हैं। पोषण के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए स्कूलों में नारा लेखन, निबंध, चित्रकला और दीवार लेखन प्रतिस्पर्धाएं भी आयोजित की जा रही है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में भी समूह बैठक में वजन त्यौहार के बारे में चर्चा की जा रही है। ग्रामीण महिलाओं से चर्चा के दौरान 0 से 06 साल के बच्चे, किशोरी बालिकाओं की खान-पान और स्वास्थ्य देखभाल के बारे में बताया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार भोजन में शामिल करने का आग्रह किया जा रहा है।

जशपुर जिले के लगभग 4315 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह अभियान चलाया जा रहा है । जिसका लाभ जिले के 76 हजार से अधिक बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।

# गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नदी पर निगम अधिकारी-कर्मचारी रहेंगे तैनात

- भगवान गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित किये गये तालाबो पर ही विसर्जन करें : आयुक्त

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा गणेश उत्सव के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर विराजे भगवान गणेश की प्रतिमाओं को पूर्ण विधि-विधान के साथ विसर्जित कराने के लिए अनन्त चतुर्दशी पर नगर निगम द्वारा विसर्जन शिवनाथ नदी सहित शहर के कुछ तालाबो को चिन्हित कर व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। उक्त व्यवस्था के संपादन के लिए विसर्जन समाप्ति तक निरंतर सुनिश्चित कराने के लिए कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम को नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।विसर्जन कार्यक्रम स्थल पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर मूर्ति विसर्जन हेतु पहुंच मार्ग, समतलीकरण, अस्थाई कुण्ड निर्माण, वाटर फ्रुफ शमियाना एवं कुर्सी, टेबल की व्यवस्थाएं देखेंगे। महापौर धीरज बाकलीवाल ने गणेश विसर्जन को लेकर नागरिको से अपील की हैं कि नदी व वार्डो के तालाबो में निगम द्वारा बनाये गए कुंड में ही पूजन सामग्री के एकत्रीकरण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वार्डो के तालाबो में चिन्हित स्थानों पर अस्थायी पर्यावरण हितेषी कुण्ड रखें गए है।साथ ही नागरिको को पर्यावरण सुरक्षा व जल प्रदूषण को रोकने की दृष्टि से विसर्जन से पूर्व भगवान गणेश प्रतिमा की पूजन सामग्री यथा माला, वस्त्र, नारियल, फूल व पत्ती को एक कुंड पर विसर्जन करने की अपील भी की गई है।उन्होंने कहा कि भगवान गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु तालाब निर्धारित किये गये वही पर विसर्जन करें। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नगर निगम व पुलिस प्रशासन के आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने तैनात किया है। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शहर पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं विधिवत पारम्परिक रूप से समय सीमा में पूर्ण कराने का दायित्व संबंधित अधिकारी/कर्मचारियो को सौंपा है। यह अधिकारी/कर्मचारी इन पुलगांव वार्ड 55 शिवनाथ नदी गुरुद्वारा के निकट, महमरा घाट, शक्ति नगर, सतरूपा शीतला कसारीरीडीह तालाब, वार्ड 57 व 58 पौण्ड के पास तालाब पर तैनात रहेंगे।

# राहुल गांधी भारत के नए जिन्ना : नितिन राय

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



अंग्रेजों के विरुद्ध चलाये गए स्वतन्त्रता संग्राम आन्दोलन के दौरान जिन्ना की मुस्लिम लीग ने भारत के विभाजन का दबाव बनाने के लिए, सोलह अगस्त उन्नीस सौ छियालीस को डायरेक्ट एक्शन डे का आह्वान किया और जिन्ना ने यह भी कहा था कि वह या तो विभाजित भारत या नष्ट भारत चाहेंगे। विदेश प्रवास के दौरान कॉग्रेस के नेता राहुल गांधी के विवादास्पद बयानों और और टिप्पणियों में भी भारत को कमजोर करने वाली उसी मानसिकता, उसी दृष्टिकोण की झलक मिलती है। राहुल गांधी के व्यक्तव्यों से समाज के सभी वर्गों में रोष उत्पन्न हो गया है और सभी को ऐसा लग रहा है कि वे भारत के नए जिन्ना हैं। उक्त बातें कहते हुए भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड युवा नेता नितिन राय ने कहा कि राहुल गांधी को जिन्ना जैसा कहने के पीछे कई तर्क हैं। अमेरिका के वर्जीनिया में एक बातचीत में गाँधी ने कहा : लड़ाई (भारत में) इस बारे में है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी पहनने की अनुमति दी जाएगी। क्या एक सिख को भारत में कड़ा पहनने की अनुमति दी जाएगी या वह गुरुद्वारा जा सकेगा. यह लड़ाई है, और यह सिर्फ सिखों के लिए नहीं है, यह सभी धर्मों के लिए है। गांधी के उक्त बयान में जिन्ना के दृष्टिकोण को महसूस किया जा सकता है। यह गांधी के सिख धर्म बारे में अज्ञानता का प्रमाण है। सिख धर्म हिंदू धर्म के गर्भ से बिना किसी द्वेष के उभरा है। हिंदू-सिख संबंध साझेदारी का रहा है। राहुल गांधी ने जब यह टिप्पणी की, तब उन्हें 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद की स्थिति याद नहीं रही, जिसमें कथित तौर पर 3,000 से अधिक सिखों की हत्या की थी। एक अलगाववादी सिख नेता गुरपतवंत पन्नू ने गांधी के बयानों की सराहना की है, लेकिन गांधी के व्यवहार से कभी नहीं लगा कि उन्होंने इसकी परवाह की है। नितिन राय ने यह भी कहा कि हाल ही में उन्होंने राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना की बात की है, लेकिन न तो उन्होंने इसका उद्देश्य स्पष्ट किया और न ही जातिगत जनगणना के बाद की योजना आम जनता के सामने रखी। जिससे यह आम धारणा बन रही है कि जातिगत जनगणना के द्वारा गांधी बहुसंख्यक हिंदुओं को आपस में बांटना और उच्च जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के मध्य अविश्वास उत्पन्न कर सामाजिक एकता को नष्ट करना चाहते हैं। गांधी खुद को चुनाव योग्य बनाने के लिए लोगों के बीच दुश्मनी पैदा करने के लिए किस भी हद तक जाने को तैयार हैं। राहुल गांधी के कृत्यों से यह स्पष्ट हो गया है कि उनके लिए सत्ता, राष्ट्रीय हित से अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए राहुल गांधी भारत के नए जिन्ना हैं।

### गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित की गई

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गणेश पूजा में शामिल हुई विधायक गोमती साय, सामुदायिक भवन की घोषणा

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



दीनदयाल अवासीय कॉलोनी मदनपुर इंजको में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित की गई है। सबसे अहम बात यह है कि इस मूर्ति एवं यहां भव्य तरीके सजाया गया और विधि विधान पूर्वक हो रही पूजा अर्चना को देखने शनिवार को स्वयं क्षेत्र की विधायक गोमती साय पहुंची। उक्त मौके पर कॉलोनी के पदाधिकारियों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया। जिसके पश्चात भगवान विघ्नहर्ता की आरती और पूजा की गई। साय ने क्षेत्र की खुशहाली एवं लोगों के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि हर साल की तरह इस साल भी नगर के गली गली और मोहल्लों में प्रथम पूजनीय भगवान गणेश की पूजा अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव से की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस पूजन से लोगों में अपार आस्था और देश में धर्म जागरण को लेकर लोग जागरूक हो रहे हैं। आज अपने संस्कृति और संस्कार के प्रति इतने जागरूक हो चुके हैं कि नागरिक सार्वजनिक गणपति को स्थापित कर ही रहे हैं इसके साथ-साथ ही घरों में भी उन्हें हर वर्ष लाया जाता है। उन्होंने कहा कि यही हमारी भारतीयता है जो की सर्वधर्म सम्भाव की परिकल्पना को विश्व के सामने प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि आप सभी मेरे परिवारजन हैं आप सभी के सामने उपस्थित होकर मुझे बहुत की आनंद महसूस हो रहा है। साय ने कहा कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाला कार्य हमेशा सफ्ल होता है। जो कि आज मैं यहां पर यह देख पा रही हूं कि कॉलोनी में भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित किए जाने का उद्देश्य लोगों को धर्म से जोड़े रखना है। उक्त कार्यक्रम में विधायक गोमती साय के समक्ष नन्हे बच्चों ने मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम भी किया। कॉलोनी के अध्यक्ष आचार्य अंशुदेव आर्य ने कॉलोनी के लोगों के लिए सामुदायिक भवन व पेयजल की संकट को दूर करने की मांग की। इस दौरान साय ने कॉलोनी के पदाधिकारीयों की मांग पर तत्काल कॉलोनी के अंदर सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस कॉलोनी में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। पेयजल के लिए पानी का टंकी का टेंडर हो चुका है जल्द ही निर्माण कराया जाएगा. साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रेम ने मुझे यह बतलाया की मैं क्षेत्र की बेटी हूं, क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए ही मैं सदैव तत्पर खड़ी हूं। किसी भी समस्या को लेकर प्रत्येक व्यक्ति मुझसे बेझिझक मिलकर अपनी परेशानियों को मेरे सामने रख सकते है। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों को विधायक के हाथों पुरुस्कृत भी किया। कॉलोनी के पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए विधायक गोमती साय और प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का आभार जताया है। इस मौके पर कॉलोनी के अध्यक्ष आचार्य अंशुदेव आर्य, राकेश सिंह, मनीष तिवारी, वेदानंद आर्य जागेश्वर यादव, रविशंकर दीक्षित, संतोष जायसवाल, विनोद जायसवाल, सुरेंद्र साहू, नंद कुमार डनसेना, मुकेश सिंह, दिनेश जायसवाल, लव चौहान, गौरीशंकर होता, भूपेंद्र द्विवेदी, मयंक गुप्ता, दिवाकर मंडल, अविनाश सिंह, पप्पू यादव, श्रीनवास राव समेत अन्य पदाधिकारी व कॉलोनी के सदस्यगण भाजपा के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी विद्यालय में रेडक्रॉस की कार्यशाला और संगोष्ठी का हुआ आयोजन




पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विगत दिवस शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी विद्यालय जशपुरनगर में रेडक्रॉस की कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें रेडक्रॉस के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण भी किया गया कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव महस्के, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर, जिला समन्वयक एवं डीआरओ रूपेश पाणिग्राही, संस्था की प्राचार्या निर्मला खलखो, रेडक्रॉस की प्रभारी शिक्षिका किरण सिंह और संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिका के साथ साथ सभी छात्राएं उपस्थित रहे।

# वन मंत्री केदार कश्यप ने भारत के प्रथम अभियंता सर विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण किया

## मंत्री ने अभियंता आवासीय परिसर बनाने के लिए 30 लाख रूपए की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता, कौशल विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर के घड़ी चौक में अभियंता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि अभियंता सर विश्वेश्वरैया ने अभियांत्रिकी क्षेत्र में देश को अलग पहचान दिए। कश्यप ने कहा कि डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया एक सिविल इंजीनियर, राजनेता और मैसूर के 19वें दीवान थे, देश के लिए उनके द्वारा किए गए योगदान को भुलाया नही जा सकता। कश्यप ने कर्नाटक राज्य में स्थित कृष्णा राजसागर बांध को उनकी प्रमुख उपलब्धियों में से एक बताया। भारत के प्रथम अभियंता सर विश्वेश्वरैया को वर्ष 1955 में भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से विभूषित किया गया था।

वन मंत्री कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा दुरस्त अंचल के जिलों को विकसित करने की दिशा में विशेष कार्य किए जा रहा है। उन्होंने कहा कि नारायणपुर जिले के ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता मनरेगा के कार्य करते हैं, वे बच्चे भी आईआईटी में चयनित होकर कामयाबी हासिल किए हैं। नारायणपुर को विकसित करने में हमारी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। अभियंताओं द्वारा आवासीय परिसर बनाए जाने की मांग करने पर मंत्री कश्यप ने 30 लाख रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, कलेक्टर बिपिन मांझी, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डीएफओ सचिकानंदन के., एसडीएम वासु जैन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जे.एल.मानकर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता एस. के वर्मा, पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता विनय वर्मा सहित सभी विभागीय अभियंता मौजूद थे।

## उद्योग मंत्री देवांगन ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा के वॉर्ड क्रमांक 53 दर्री कनवेयर बेल्ट के पास नवनिर्मित मुस्लिम समाज के सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। साथ ही कीचन शेड और अन्य विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। मंत्री देवांगन ने संबोधित करते हुए कहा की सामाजिक कार्यक्रम के साथ समाज के उत्थान के लिए विभिन्न कार्य पूरे शहर में स्वीकृत किए जा रहे हैं। पिछले 8 महीने में वार्डों के विकास कार्यों के लिए 200 करोड़ रूपए से ज्यादा की स्वीकृति दी जा चुकी है, साथ ही जिन समाज की मांग की गई थी उन सभी भवन को भी स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा हर समाज के उत्थान के लिए संकल्पित है। समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए हम संकल्पित हैं।

## स्वच्छ रहोगे, तो स्वस्थ रहोगे

साफ-सफाई हमारे जीवन-शैली का हिस्सा बनकर आदत में शामिल होनी चाहिए। हर नागरिक के सहयोग से हम अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएंगे। यह अभियान के साथ-साथ जन आंदोलन है।

स्वच्छता रखें, स्वच्छ पानी पीएं, जल जनित बीमारियों से सतर्क रहें। अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। दूषित जल का सेवन न करें।

रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, आप भी सहभागी बनें। अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएं।

जनहित में जारी

मोर Raipur SMART CITY | स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

शहर को स्वच्छ बनाएं, बीमारियों को दूर भगाएं।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403